(2) If more than one orders of appointment are issued in respect of any one selection, a combined order shall also be issued, mentioning names of the persons in order of seniority as determined in the selection, or as the case may be as it stood in the cadre from which they are promoted.

Probation

18. (1) A person substantively appointed to a post in the service shall be placed in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Probation Rules, 2013 as amended from time to time on probation for a period of two years.

(2) The appointing authority may for reasons to be recorded, extend the period of probation in individual case specifying the date up to which the extension is granted:

Provided that save in exceptional circumstances, the period of probation shall not be extended beyond one year and in no circumstances beyond two years.

(3) If it appears to the appointing authority at any time during or at the end of the period of probation or extended period of probation that a probationary has not made sufficient use of his opportunities or has otherwise failed to give satisfaction, he may be reverted to his substantive post, if any, and if he does not hold a lien on any posts, his services may be dispensed with.

(4) A probationer who is reverted or whose services are dispensed with under sub rule (3) shall not be entitled to any compensation.

Confirmation

19. (1) Subject to the provisions of sub rule (2) a probationer shall be confirmed in his appointment at the end of the period of probation or the extended period of probation if ;

(a) his/her work and conduct is reported to be satisfactory;

(b) his/her integrity is certified; and

(c) the appointing authority is satisfied that he is otherwise fit for confirmation.

(2) Where in accordance with the provisions of Uttar Pradesh State Government Servants Confirmation Rules 1991, confirmation iş not necessary, the order under sub rule (3) of rule 5 of those rules declaring that the person concerned has successfully completed the probation shall be deemed to be the order of confirmation.

Seniority

20. The seniority of persons substantively appointed in any category of posts in the service shall be determined in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Seniority Rules, 1991, as amended from time to time.

PART-VII

PAY *ETC*.

Scale of Pay

21. (1) The scales of pay admissible to persons appointed to the various categories of the posts in the service shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The scale of pay at the time of commence of these rules are given as follows :-

Sl. no.	Name of the post	Scales of pay
1	Chief Pharmacists (Ayurvedic)	Pay Matrix level -7 Rs. 44,900 – 1,42,400
2	Pharmacists (Ayurvedic)	Pay Matrix level - 5 Rs. 29,200 – 92,300

Pay during Probation

22. (1) Notwithstanding any provision in the fundamental rules to the contrary, a person on probation, if he is not already in permanent Government service shall be allowed his first increment in the time scale when he has completed one year of satisfactory service and second increment after two years service when he has completed the probationary period and he is also confirmed:

Provided that if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction, such extension shall not count for increments, unless the appointing authority directs otherwise.

(2) The pay during probation of persons who has already holding a post under the Government shall be regulated by the relevant fundamental rules :

Provided that, if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction such extension shall not count for increment unless the appointing authority directs otherwise.

(3) The pay during probation of a person already in permanent Government service shall be regulated by the relevant rules, applicable to Government servants generally serving in connection with the affairs of the state.

PART–VIII

OTHER PROVISIONS

Canvassing

23. No recommendation, either written or oral other than those required under the rules, applicable to the post or service will be taken into consideration, any attempt on the part of a candidates to enlist support directly or indirectly for his candidature will disqualify him for appointment.

Regulation of other matters

24. In regard to the matters not specifically covered by these rules or special orders, persons appointed to the service shall be governed by the rules, regulations and orders applicable generally to Government servants serving in connection with the affairs of the State.

Relaxation from the conditions of service

25. Where the State Government is satisfied that the operation of any rule, regulating the conditions of service, of persons appointed to the service causes undue hardship in any particular case, it may, notwithstanding anything contained in the rules applicable to the case, by order, dispense with or relax the requirements of that rules to such extent and subject to such conditions as it may consider necessary for dealing with the case in a just and equitable manner.

Savings

26. Nothing in these rules shall affect reservation and other concessions required to be provided for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders of the Government issued from time to time in this regard.

By order,
LEENA JOHRI,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 258 राजपत्र–2023–(756)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 1 सा0 आयुष–2023–(757)–200 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
258 RPH (Ayurvedic Anu.-1) data 4e

क्रम-संख्या–79

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 27 अप्रैल, 2023

बैशाख 7, 1945 **शक सम्वत्**

उत्तर प्रदेश शासन

आयुष अनुभाग–1

———

संख्या 2084 / 96–आयुष-1–2023-290-2013
लखनऊ, 27 अप्रैल, 2023

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा0प0नि0–14

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आयुष विभाग (यूनानी) भेषजिक सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं।

उत्तर प्रदेश आयुष विभाग यूनानी भेषजिक सेवा नियमावली, 2023

भाग–एक

सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश यूनानी भेषजिक सेवा नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2–उत्तर प्रदेश यूनानी भेषजिक सेवा एक अधीनस्थ सेवा है, जिसमें समूह 'ग' के पद समाविष्ट हैं।

परिभाषाएं

3–जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हों, इस नियमावली में,–

(क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 से है;

(ख) 'नियुक्ति प्राधिकारी' का तात्पर्य निदेशक से है;

(ग) 'भारत का नागरिक' का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है, जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय;

(घ) 'आयोग' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है;

(ङ) 'संविधान' का तात्पर्य भारत का संविधान से है;

(च) 'निदेशक' का तात्पर्य निदेशक, यूनानी सेवाएं, उत्तर प्रदेश से है;

(छ) 'सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है;

(ज) 'राज्यपाल' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है;

(झ) 'सेवा का सदस्य' का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति से है;

(ञ) 'नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्गों' का तात्पर्य समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम की अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है;

(ट) 'सेवा' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश यूनानी भेषजिक सेवा से है;

(ठ) 'मौलिक नियुक्ति' का तात्पर्य सेवा के संवर्ग के किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो, और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात की गयी हो, और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो;

(ड) 'भर्ती वर्ष' का तात्पर्य किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग–दो

संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4–(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायें, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या निम्नलिखित होगी :–

क्र0 सं0	पद का नाम	संख्या		
		स्थायी	अस्थायी	योग
1	मुख्य भेषजिक (यूनानी)	10	––	10
2	भेषजिक (यूनानी)	263	01	264

परन्तु यह कि :

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है, या राज्यपाल उसे स्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा ; या

(दो) राज्यपाल ऐसे स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जितना वह उचित समझें।

भाग–तीन

भर्ती

भर्ती का स्रोत

5–सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी :–

(एक) भेषजिक (यूनानी)–आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा;

(दो) मुख्य भेषजिक (यूनानी)–मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे भेषजिक (यूनानी), जिन्होंने भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दस वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, में से विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

आरक्षण

6–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, समय–समय पर यथासंशोधित अधिनियम और उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 2020 एवं भर्ती के समय प्रवृत्त शासनादेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग–चार

अर्हता

राष्ट्रीयता

7–सेवा में किसी भी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत में आया हो; या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगांडा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया हो :

परन्तु यह कि श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी के लिए ऐसा व्यक्ति होना आवश्यक है जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जाएगी कि वह पुलिस उपमहानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले :

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो किन्तु जिसे न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाये या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये।

शैक्षणिक अर्हता

8–सेवा में पदों पर सीधी भर्ती के लिए किसी अभ्यर्थी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश से विज्ञान (जीव विज्ञान वर्ग) में इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो और अभ्यर्थी आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रीकृत किसी मान्यता प्राप्त संस्था से यूनानी भेषजिक में डिप्लोमा अवश्य धारित करता हो।

अधिमानी अर्हता

9–अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमानी दिया जायेगा जिसने–

(एक) प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो,

या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो।

आयु

10–भेषजिक (यूनानी) के पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष, जिसमें आयोग द्वारा सीधी भर्ती के लिए रिक्तियां विज्ञापित की जांय, की पहली जुलाई को अठ्ठारह वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और चालीस वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त न की हो :

परन्तु यह कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, और अन्य ऐसी श्रेणियों, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, के अभ्यर्थियों के मामले में ऊपरी आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र

11–सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थी के लिए ऐसे चरित्र का होना आवश्यक है जैसा कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस बिन्दु पर अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी–संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण में किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगें। नैतिक अधमता से अन्तर्वलित किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होगें।

वैवाहिक प्रास्थिति

12–सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो :

परन्तु यह कि सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम प्रवर्तन से छूट दे सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान हैं।

भाग–पाँच

भर्ती की प्रक्रिया

शारीरिक स्वस्थता

13–किसी अभ्यर्थी की सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा तब तक नियुक्त नही किया जायेगा जब तक कि मानसिक एवं शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड–2, भाग–3 के अध्याय तीन में दिये गये फन्डामेन्टल रूल–10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करे।

रिक्तियों की अवधारणा

14–नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या के और नियम–6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। आयोग के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की सूचना उन्हें दी जायेगी।

सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15–सेवा में भेषजिक (यूनानी) के पद पर सीधी भर्ती समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश समूह ''ग'' के पदों पर सीधी भर्ती (रीति और प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के उपबंध के अनुसार की जायेगी।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

16–(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से निम्नानुसार गठित की जायेगी :–

(एक) निदेशक, यूनानी	अध्यक्ष
(दो) किसी राजकीय यूनानी महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश के प्राचार्य	सदस्य
(तीन) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट कोई यूनानी चिकित्साधिकारी	सदस्य

टिप्पणी :– किसी अधिकारी का नाम निर्दिष्ट करने हेतु नियुक्ति प्राधिकारी शासनादेश संख्या 15/25/75–राष्ट्रीय एफ–1–सारण, दिनांक, 10 मई, 1979 में अन्तर्विष्ट शासनादेश अथवा भर्ती के समय यथा प्रवृत्त अन्य आदेश को ध्यान में रखना होगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार पात्रता सूचियाँ तैयार करेगा और उन्हें उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जाय, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामले पर विचार करेगी और यदि आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की एक सूची ज्येष्ठता क्रम में तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग–छः

नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

17–(1) मौलिक रिक्तियां होने पर नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम जिसमें वे यथास्थिति नियम 15 या 16 के अधीन तैयार की गयी सूची में हो में लेकर नियुक्ति करेगा।

(2) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख उसी ज्येष्ठता क्रम में जैसा कि चयन में अवधारित किया गया हो या उस संवर्ग में, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया हो।

परिवीक्षा

18–(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किये जाने पर किसी व्यक्ति को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवीक्षा नियमावली, 2013 के अनुसार दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से विस्तारीकरण प्रदान किये जाने वाले दिनांक को विनिर्दिष्ट करते हुए वैयक्तिक मामले में परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है :

परन्तु यह कि अपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नही बढ़ाई जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नही किया है, या सन्तोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके मौलिक पद, यदि कोई हो पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया गया हो या जिसकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हों किसी प्रतिकर का हकदार नही होगा।

स्थायीकरण

19–(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि :–

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायी किये जाने हेतु अन्यथा उपयुक्त है।

(2) जहाँ उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण किया जाना आवश्यक न हो, वहां उस नियमावली के नियम (5) के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुए आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण कर ली है, स्थायीकरण का आदेश माना जायेगा।

ज्येष्ठता

20–सेवा में किसी श्रेणी के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता, समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

भाग–सात

वेतन इत्यादि

वेतनमान

21–(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पद पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान निम्नवत है :–

क्र0सं0	पदनाम	वेतनमान
1	मुख्य भेषजिक (यूनानी)	वेतन मैट्रिक्स लेवल–7 (रू0 44,900–1,42,400)
2	भेषजिक (यूनानी)	वेतन मैट्रिक्स लेवल–5 (रू0 29,200–92,300)

परिवीक्षा अवधि में वेतन

22–(1) फन्डामेण्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबंध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, को समयमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी, जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान करने में विफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाये तो इस प्रकार बढ़ाई गयी अवधि की गणना तब तक वेतन वृद्धि के लिए नही की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामेन्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा :

परन्तु यह कि यदि संतोष प्रदान करने में विफलता के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाती है तो ऐसे विस्तार की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायेगी जब तक की नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(3) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन, राज्य के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग–आठ

अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन

23–सेवा में किसी पद पर लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्हीं सिफारिशों, चाहे लिखित हो या मौखिक पर विचार नही किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपने अभ्यर्थन के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने पर कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

24–ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों से आच्छादित न हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति, राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होगें।

सेवा शर्तो में शिथिलता

25–जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहाँ वह उस मामले में लागू नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी आदेश द्वारा उस नियम के अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अध्याधीन रहते हुए, जिन्हे वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

व्यावृत्ति

26–इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नही पड़ेगा जिनकी व्यवस्था इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,
लीना जौहरी,
प्रमुख सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 2084/XCVI-Ayush-1–2023-290-2013, dated April 27, 2023 :

No. 2084/XCVI-Ayush-1–2023-290-2013

Dated Lucknow, April 27, 2023

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution and in super session of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and the conditions of service of persons appointed to the Uttar Pradesh Ayush (Unani) Pharmacists Service.

THE UTTAR PRADESH AYUSH DEPARTMENT UNANI PHARMACISTS SERVICE RULES, 2023

PART-I

GENERAL

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Unani Pharmacists Service Rules, 2023.

(2) They shall come into force at once.

Status of the service

2. The Uttar Pradesh Unani Pharmacists Service is a Subordinate service comprising Group "C" Posts.

Definitions

3. In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context :

(a) 'Act' means the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes) Act, 1994;

(b) 'Appointing authority' means Director;

(c) 'Citizen of India' means a person who is or is deemed to be a citizen of India under part-II of the Constitution;

(d) 'Commission' means the Uttar Pradesh Subordinate Service Selection Commission;

(e) 'Constitution' means Constitution of India;

(f) 'Director' means the Director of Unani Services Uttar Pradesh;

(g) 'Government' means the State Government of Uttar Pradesh;

(h) 'Governor' means the Governor of Uttar Pradesh;

(i) 'Member of service' means a person substantively appointed under these rules or the rules or order in force, prior to commencement of these rules to a post in the cadre of the service;

(j) 'Other Backward Classes of citizens' means the backward classes of citizens specified in Schedule I of the Act, as amended from time to time;

(k) 'Service' means the Uttar Pradesh Unani Pharmacists Service;

(l) 'Substantive appointment' means an appointment, not being an ad hoc appointment, or a post in the cadre of the service, and after selection in accordance with the rules, and if there were no rules in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the Government;

(m) 'Year of recruitment' means a period of twelve months commencing from the first day of July of calendar year.

PART-II

CADRE

Cadre of service

4. (1) The strength of the service and of each category of posts therein shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of the service and of each category of posts therein shall, until orders verying the same are passed under sub-rule (1) be as given below :-

Sl. No.	Name of the Posts	Number		
		Permanent	Temporary	Total
1	Chief Pharmacist (Unani)	10	-	10
2	Pharmacist(Unani)	263	01	264

Provided that :

(i) The appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitiling any person to compensation ; or

(ii) The Governor may create such additional permanent or temporary posts as he may consider proper.

PART-III

RECRUITMENT

Source of recruitment

5. Recruitment to the various categories of posts in the service shall be made from the following sources :–

(i) Pharmacist (Unani)–By direct recruitment through the Commission;

(ii) Chief Pharmacist (Unani)–By promotion through the Departmental Selection Committee from amongst substantively appointed Pharmacist (Unani) who have completed ten years services as such on the first day of the year of recruitment.

Reservation

6. Reservation for the candidates belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories shall be in accordance with the "ACT" and the Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Physically Handicapped, Dependents of Freedom Fighters and Ex. Servicemen) Act, 1993, and also in accordance with Uttar Pradesh Public Services (Reservation for Economically Weaker Sections) Act, 2020 as amended from time to time, and the orders of the Government in force at the time of recruitment.

PART-IV

QUALIFICATION

Nationality

7. A candidate for direct recruitment to a post in the service must be :

(a) A citizen of India ; or

(b) A Tibetan refugee who came over to India before the Ist January, 1962 with the intention of permanently settling in India ; or

(c) A person of Indian origin who has migrated from Pakistan, Burma, Srilank or any of East African countries of Kenya, Uganda and the United Republic of Tanzania (formerly Tanganyika and Zenzibar) with the intention of permanently settling in India :

Provided that the candidate belonging to category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the State Government:

Provided further that a candidate belongs to category (b) will also be required to obtain a certificate of eligibility granted by Deputy Inspector General of Police, Intelligence Branch, Uttar Pradesh :

Provided also that if a candidate belongs to category (c) above no certificate of eligibility will be issued for a period of more than one year and the retention of such a candidate in a service beyond a period of one year, shall be subject to his acquiring Indian citizenship.

NOTE :– A candidate in whose case a certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor refused may be admitted in an examination or interview and he may be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

Academic qualification

8. A candidate for direct recruitment to the post in service must have passed Intermediate Examination in Science (Biology Group) from the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh or an Examination recognised by Government as equivalent thereto and candidate must possess diploma in Unani Pharmacy from a recognized institution registered with Board of Ayurvedic and Unani Tibbi System of Medicine U.P. .

Preferential qualification

9. A candidate who has :

(i) served in the territorial army, for a minimum period of two years; or

(ii) obtained a 'B' certificate of National Cadet Crops shall other things being equal be given preference in the matter of direct recruitment.

Age

10. A candidate for direct recruitment to the post of Pharmacist (Unani) must have attained the age of eighteen years and must not have attained the age of more than forty years on the first day of July of the calendar year in which vacancies for direct recruitment are advertised by the Commission :

Provided that the upper age limit in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, and such other categories as may be notified by the Government from time to time shall be greater by such number of years as may be specified.

Character

11. The character of a candidate for direct recruitment to a post in the service must be such as to render him suitable in all respects for employment in Government service.The appointing authority shall satisfy itself on this point.

NOTE :– For Persons dismissed by the Union Government or a State Government or by a local Authority or a Corporation or Body owned or controlled by the Union Government or a State Government shall be ineligible for appointment to any post in the service. Persons convicted of an offence involving moral turpitude shall also be ineligible.

Marital status

12. A male candidate who has more than one wife living or a female candidate who has married a man already having a wife living shall not be eligible for appointment to a post in the service :

Provided that the Government may, if is filled that there exists special grounds for so except any person from the operation this rule.

PART-V

PROCEDURE FOR RECRUITMENT

Physical fitness

13. No candidate shall be appointed by direct recruitment to a post in the services unless he/she be in good mental and bodily health and free from any physical defect likely to interfere with the efficient performance of his/her duties. Before a candidate is finally approved for appointment, he/she shall be required to produce a medical certificate of fitness in accordance with the rules framed under fundamental rule 10 contained in Chapter III of Financial Hand book, Volume II, Part III.

Determination of vacancies

14. The appointing authority shall determine the number of vacancies to be filled during the course of the year of recruitment as also the number of vacancies to be reserved for candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories under rule 6. The vacancies to be filled through the commission shall be intimated to them.

Procedure for direct recruitment

15. Direct recruitment to the post of Pharmacist (Unani) in the service shall be made in accordance with the Uttar Pradesh Direct Recruitment to Group "C" Posts (Mode and Procceding) Rules, 2015 as amended from time to time.

Procedure for recruitment by promotion

16. (1) Recruitment by Promotion shall be made on the basis of seniority subject to rejection of unfit, through the Selection Committee comprising :–

(i) Director, Unani	*Chairman*
(ii) Principal of any Government Unani Medical College, U.P.	*Member*
(iii) A Unani Medical Officer nominated by the appointing authority	*Member*

NOTE :– In nominating the Officer the appointing authority shall keep in view the order of the Government contained in G.O. as 15/25/75-Rashtriya F-1-Saran, dated May 10, 1979 of Such other order as may be in force at the time of recruitment.

(2) The appointing authority shall prepared eligibility lists of the candidates in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection (on the post outside purview of the Public Service Commission). Eligibility list Rules, 1986 and place the same before the Selection Committee along with their character rolls and such other records pertaining to them as may be considered proper.

(3) The Selection Committee shall consider the case of candidates on the basis of records referred to in sub-rule (2) and, if it considers necessary, it may interview the candidates also.

(4) The Selection Committee shall prepare a list of selected candidates arranged in order of seniority and forward the same to the appointing authority.

PART–VI

APPOINTMENT, PROBATION, CONFIRMATION AND SENIORITY

Appointment

17. (1) On the occurrence of substantive vacancies the appointing authority shall make appointment by taking the names of candidates in order in which they stand in a list prepared under Rule 15 and 16 as the case may be.

(2) If more than one orders of appointment are issued in respect of any one selection, a combined order shall also be issued, mentioning names of the persons in order of seniority as determined in the selection, or as the case may be as it stood in the cadre from which they are promoted.

Probation

18. (1) A person substantively appointed to a post in the service shall be placed on probation in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Probation Rules, 2013 for a period of two years.

(2) The appointing authority may for reasons to be recorded, extend the period of probation in individual case specifying the date up to which the extension is granted :

Provided that save in exceptional circumstances, the period of probation shall not be extended beyond one year and in no circumstances beyond two years.

(3) If it appears to the appointing authority at any time during or at the end of the period of probation or extended period of probation that a probationary has not made sufficient use of his opportunities or has otherwise failed to give satisfaction, he may be reverted to his substantive post, if any, and if he does not hold a lien on any posts, his services may be dispensed with.

(4) A probationer who is reverted or whose services are dispensed with under sub-rule (3) shall not be entitled to any compensation.

Confirmation

19. (1) Subject to the provisions of sub-rule (2) a probationer shall be confirmed in his appointment at the end of the period of probation or the extended period of probation if;

(a) his/her work and conduct is reported to be satisfactory;

(b) his/her integrity is certified; and

(c) the appointing authority is satisfied that he is otherwise fit for confirmation.

(2) Where in accordance with the provisions of Uttar Pradesh State Government Servants Confirmation Rules, 1991, confirmation is not necessary, the order under sub-rule (3) of rule 5 of these rules declaring that the person concerned has successfully completed the probation shall be deemed to be the order of confirmation.

Seniority

20. The seniority of persons substantively appointed in any category of posts in the service shall be determined in accordance with the Uttar Pradesh Government Servants Seniority Rules, 1991 as amended from time to time.

PART-VII

PAY *ETC*.

Scale of Pay

21. (1) The scales of pay admissible to persons appointed to the various categories of the posts in the service shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The scale of pay at the time of commencement of these rules are given as follows :–

Sl. no.	Name of the post	Scales of pay
1	Chief Pharmacists (Unani)	Pay Matrix level - 07 Rs. 44,900 – 1,42,400
2	Pharmacists (Unani)	Pay Matrix level - 05 Rs. 29,200 – 92,300

Pay during Probation.

22. (1) Notwithstanding any provision in the fundamental rules to the contrary a person on probation, if he is not already in permanent Government service shall be allowed his first, increment in the time scale when he has completed one year of satisfactory service and second increment after two years' service when he has completed the probationary period and he is also confirmed :

Provided that if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction, such extension shall not count for increments, unless the appointing authority directs otherwise.

(2) The pay during probation of persons who has already holding a post under the Government shall be regulated by the relevant fundamental rules :

Provided that if the period of probation is extended on account of failure to give satisfaction such extension shall not count for increment unless the appointing authority directs otherwise.

(3) The pay during probation of a person already in permanent Government service shall be regulated by the relevant rules, applicable generally to Government servants serving in connection with the affairs of the State.

PART–VIII

OTHER PROVISIONS

Canvassing

23. No recommendation, either written or oral other than those required under the rules, applicable to the post or service will be taken into consideration, any attempt on the part of a candidate to enlist support directly or indirectly for his candidature will disqualify him for appointment.

Regulation of other matters

24. In regard to the matters not specifically covered by these rules or special orders, persons appointed to the service shall be governed by the rules, regulations and orders applicable generally to Government servants serving in connection with the affairs of the State.

Relaxation from the conditions of service

25. Where the State Government is satisfied that the operation of any rule, regulating the conditions of service, of persons appointed to the service causes undue hardship in any particular case, it may, notwithstanding anything contained in the rules applicable to the case, by order, dispense with or relax the requirements of that rules to such extent and subject to such conditions as it may consider necessary for dealing with the case in a just and equitable manner.

Savings

26. Nothing in these rules shall affect reservation and other concessions required to be provided for the candidates belonging to the Schedule Castes, Scheduled tribes and other special categories of persons in accordance with the orders of the Government issued from time to time in this regard.

By order,
Leena Johri,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 259 राजपत्र–2023–(758)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 2 सा0 आयुष–2023–(759)–200 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
259 RPH (Ayush anu-1) (Unani) data 4e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम–संख्या–196 (क–1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–डब्लू० / एन0पी0–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 30 नवम्बर, 2023
अग्रहायण 9, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
आयुष अनुभाग–1

संख्या 6728 / 96-आयुष-1–2023-290-2013
लखनऊ, 30 नवम्बर, 2023

अधिसूचना
प्रकीर्ण

सा0प0नि0–42

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आयुष विभाग यूनानी भेषजिक सेवा नियमावली, 2023 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं :–

उत्तर प्रदेश आयुष विभाग यूनानी भेषजिक सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश आयुष विभाग यूनानी भेषजिक सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम–8 का प्रतिस्थापन

2–उत्तर प्रदेश आयुष विभाग यूनानी भेषजिक सेवा नियमावली, 2023 में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–8 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

विद्यमान नियम स्तम्भ–एक	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम स्तम्भ–दो
8–**शैक्षणिक अर्हता**–सेवा में पदों पर सीधी भर्ती के लिए किसी अभ्यर्थी के पास माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश से विज्ञान (जीव विज्ञान वर्ग) में इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष	8–**शैक्षणिक अर्हता**–सेवा में पदों पर सीधी भर्ती के लिए किसी अभ्यर्थी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश की विज्ञान (जीव विज्ञान या गणित वर्ग) के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष

विद्यमान नियम स्तम्भ–एक	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम स्तम्भ–दो
कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो और अभ्यर्थी आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रीकृत किसी मान्यता प्राप्त संस्था से यूनानी भेषजिक में डिप्लोमा अवश्य धारित करता हो।	कोई परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो और अभ्यर्थी आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रीकृत किसी मान्यता प्राप्त संस्था से यूनानी भेषजिक में डिप्लोमा अवश्य धारित करता हो और आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश में अवश्य रजिस्ट्रीकृत हो।

आज्ञा से,
लीना जौहरी,
प्रमुख सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 6728/XCVI-Ayush-1–2023-290-2013, dated November 30, 2023:

No. 6728/XCVI-Ayush-1–2023-290-2013

Dated Lucknow, November 30, 2023

IN exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending The Uttar Pradesh Ayush Department Unani Pharmacists Service, Rules, 2023 :-

THE UTTAR PRADESH AYUSH DEPARTMENT UNANI PHARMACISTS SERVICE (FIRST AMENDMENT) RULES, 2023

Short title and commencement

1. (1) The rules may be called The Uttar Pradesh Ayush Department Unani Pharmacists Service (First Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall come into force atonce.

Substitution of rule-8

2. In the Uttar Pradesh Ayush Department Unani Pharmacists Service, Rules, 2023, *for* existing rule-8 set out in column-I below, the rule as set out in column-II shall be *substituted*, namely :-

Existing Rule Column-I	*Rule as hereby substituted* Column-II
8. **Academic Qualification-** A candidate for direct recruitment to the post in service must have passed Intermediate Examination in Science (Biology Group) from the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh or an Examination recognised by Government as equivalent thereto and must possess diploma in Unani Pharmacy from a recognised institution registered with the board of Ayurvedic and Unani Tibbi System of Medicine U.P.	8. **Academic Qualification-** A candidate for direct recruitment to the post in service, must have passed Intermediate Examination with Science (Biology or Mathematics Group) of the Board of High School and Intermediate Education, Uttar Pradesh or an Examination recognised by the Government as equivalent thereto and must possess diploma in Unani Pharmacy from a recognised Institution registered with the Board of Ayurvedic and Unani Tibbi System of Medicine Uttar Pradesh and must be registered in Board of Ayurvedic and Unani Tibbi System of Medicine Uttar Pradesh.

By order,
LEENA JOHRI,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए०पी० 728 राजपत्र–2023–(2142)–599 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए०पी० 3 सा० आयुष–2023–(2143)–200 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या–217(क–3)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू0 / एन0पी0–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 29 दिसम्बर, 2023

पौष 8, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

श्रम अनुभाग–3

———

संख्या 01 / 2024 / 2568 / 36–3–2023–37(सा0)–2022

लखनऊ, 29 दिसम्बर, 2023

———

अधिसूचना

सा0प0नि0–51

साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (अधिनियम संख्या 61 सन् 1986) की धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल जिस नियमावली को बनाने का प्रस्ताव करती हैं उसका निम्नलिखित प्रारूप समस्त सम्बन्धित की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियों और सुझावों को आमंत्रित करने की दृष्टि से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उक्त नियमावली के सम्बन्ध में समस्त आपत्तियों और सुझावों को दो प्रतियों में प्रमुख सचिव, श्रम अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, बापू भवन, लखनऊ 226001 / श्रमायुक्त कार्यालय जी0टी0 रोड, कानपुर को प्रेषित की जाएंगी।

केवल उन्हीं आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जायेगा जो इस अधिसूचना के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पैंतालीस दिन के भीतर प्राप्त होंगी।

प्रारूप नियमावली

उत्तर प्रदेश बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन)(प्रथम संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन)(प्रथम संशोधन) नियमावली, 2023 कही जाएगी।

(2) यह सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

सामान्य संशोधन

2–उत्तर प्रदेश बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियमावली, 1994 (जिसे आगे ''उक्त नियमावली'' कहा गया है) में, शब्द ''उत्तर प्रदेश बालक श्रम'' संक्षिप्त नाम, दीर्घ नाम, पार्श्व शीर्षक सहित जहां कहीं आया हो, के स्थान पर शब्द ''बालक और कुमार श्रम'' रख दिये जायेंगे।

नियम 2, 3 व 4 का संशोधन

3–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम 2, 3 व 4 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये नियम रख दिये जायेंगे, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
परिभाषाएं– 2–इस नियमावली में– (क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (अधिनियम संख्या 61 सन् 1986) से है; (ख) ''प्रपत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र से है; (ग) ''रजिस्टर'' का तात्पर्य धारा 11 के अधीन रखे जाने वाले रजिस्टर से है; (घ) ''अनुसूची'' का तात्पर्य अधिनियम की अनुसूची से है; (ङ) ''धारा'' का तात्पर्य अधिनियम की किसी धारा से है; (च) पद ''अल्पव्यय व्यक्ति'' का वही अर्थ होगा जो कारखाना अधिनियम, 1948 (अधिनियम संख्या 63 सन् 1948) में इसके लिए दिया गया है।	**परिभाषाएं–** 2–इस नियमावली में– (क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (अधिनियम संख्या 61 सन् 1986) से है; (ख) ''कुमार'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (i) में यथापरिभाषित किसी कुमार से है; (ग) अधिनियम या नियमावली की विभिन्न धाराओं के क्रियान्वयन हेतु ''जिला मजिस्ट्रेट'' का तात्पर्य स्वयं जिला मजिस्ट्रेट अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी से है; (घ) ''प्रपत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र से है; (ङ) ''निधि'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 14 ख के उपधारा (1) के अधीन गठित बालक और कुमार श्रम पुनर्वास निधि से है; (च) किसी बालक या कुमार के सम्बन्ध में ''अभिभावक'' का तात्पर्य बालक या कुमार की देखभाल तथा अभिरक्षा करने वाले व्यक्ति से है और इसमें किसी न्यायालय या परिनियम द्वारा नियुक्त या घोषित कोई नैसर्गिक अभिभावक या अभिभावक सम्मिलित है; (छ) ''निरीक्षक'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 17 के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए निरीक्षक से है; (ज) ''चिकित्सा प्राधिकारी'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश में सम्बन्धित जिला या क्षेत्र के राजकीय चिकित्साधिकारी से है; (झ) ''नगर पालिका'' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–थ के अधीन गठित स्थानीय स्व–शासी संस्था से है; (ञ) ''पंचायत'' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–ख के अधीन गठित पंचायत से है; (ट) ''माता–पिता'' का तात्पर्य नैसर्गिक अथवा सौतेले अथवा दत्तक माता–पिता से है; (ल) ''रजिस्टर'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 11 के अधीन रखे जाने वाले रजिस्टर से है; (व) ''अनुसूची'' का तात्पर्य अधिनियम की अनुसूची से है;

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(ह) ''धारा'' का तात्पर्य अधिनियम की किसी धारा से है;
	(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु इसमें अपरिभाषित और अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जैसा कि अधिनियम में उनके लिये समनुदेशित हैं।
रजिस्टर [धारा 11 और धारा 18(2)(घ)] – 3–धारा 11 के अधीन रजिस्टर, प्रपत्र ''क'' में प्रत्येक वर्ष रखा जाएगा। एक वर्ष का रजिस्टर तीन वर्ष की अवधि के लिए अभिलेख में रखा जाएगा।	अधिनियम की धारा 11 के अधीन रजिस्टर अनुरक्षित किया जाना 3–(1) किसी प्रतिष्ठान का प्रत्येक अधिष्ठाता (प्रपत्र–क) में, नियोजित या कार्य करने की अनुमति वाले कुमारों के सम्बन्ध में एक रजिस्टर अनुरक्षित करेगा। (2) रजिस्टर वार्षिक आधार पर अनुरक्षित किया जायेगा किन्तु नियोक्ता द्वारा उसमें की गयी अन्तिम प्रविष्टि के दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिये प्रतिधारित किया जायेगा।
चिंहित चिकित्सा प्राधिकारी, जिसके द्वारा आयु का प्रमाण–पत्र जारी किया जायेगा और प्रपत्र जिसमें जारी किया जायेगा और उसके प्रभार– 4–(1) अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, जिले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी या किसी सरकारी अस्पताल का कोई चिकित्सा अधिकारी (जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल/औषधालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी सम्मिलित हैं) जो एम0बी0बी0एस0 की उपाधि रखते हों, अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर विहित चिकित्सा प्राधिकारी होंगे। (2) विहित चिकित्सक अधिकारी द्वारा जारी किया जाने वाला आयु का प्रमाण–पत्र प्रपत्र ''ख'' में होगा। (3) ऐसा प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए विहित चिकित्सा प्राधिकारी को देय प्रभार वह होगा जो समय–समय पर यथास्थिति, राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया जाए। (4) विहित चिकित्सा प्राधिकारी को देय प्रभार का वहन अधिष्ठाता द्वारा किया जाएगा।	**आयु का प्रमाण-पत्र–** 4–(1) जहां निरीक्षक को यह आशंका है कि किसी कुमार को किसी ऐसे व्यवसाय या प्रसंस्करणों में नियोजित किया गया है जिनमें उसे अधिनियम की धारा 3क के अधीन नियोजित किया जाना प्रतिषिद्ध है, वहां वह ऐसे कुमार के नियोक्ता से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह समुचित चिकित्सा प्राधिकारी से आयु का प्रमाण-पत्र, निरीक्षक को प्रस्तुत करें। (2)समुचित चिकित्सा प्राधिकारी, उपधारा (1) के अधीन आयु का प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए कुमार का परीक्षण करते समय विद्यालय से जन्म तिथि का प्रमाण-पत्र या, कुमार के सम्बद्ध परीक्षा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समतुल्य प्रमाण-पत्र, यदि उपलब्ध हों; और उसके अभाव में, निगम या नगरपालिका प्राधिकारी या पंचायत द्वारा दिए गए कुमार के जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार करेगा। केवल पूर्वोक्त तरीके के न होने पर ही अस्थिविकास परीक्षण या किसी अन्य नवीनतम चिकित्सीय आयु अवधारण परीक्षण के माध्यम से ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा कुमार की आयु अवधारित की जाएगी। (3) अस्थिविकास परीक्षण या कोई अन्य नवीनतम चिकित्सीय आयु अवधारण परीक्षण, सहायक श्रमायुक्त से अनिम्न रैंक के समुचित प्राधिकारी, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए, के आदेश पर संचालित किया जाएगा और ऐसा आयु अवधारण, ऐसे आदेश के दिनांक से

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	पन्द्रह दिन के भीतर पूरा किया जाएगा। (4) उपनियम (1) में निर्दिष्ट आयु प्रमाण-पत्र प्रपत्र–ख में जारी किया जाएगा। (5) आयु प्रमाण-पत्र के जारी किए जाने के लिए चिकित्सा प्राधिकारी को संदेय प्रभार वहीं होंगे जैसा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किए जाए। (6) चिकित्सा प्राधिकारी को संदेय प्रभार उस कुमार के नियोक्ता द्वारा वहन किए जाएंगे जिसकी आयु इस नियम के अधीन अवधारित की जाती है।
नये नियम 5 से 16 का बढ़ाया जाना	उक्त नियमावली में, नियम 4 के पश्चात निम्नलिखित नये नियम बढ़ा दिये जायेंगे, अर्थात् :–
अधिनियम के उल्लंघन में बालक और कुमार के नियोजन के प्रतिषेध के सम्बन्ध में जागरूकता–	5–(1) राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि अधिनियम के उपबन्धों के उल्लघंन में बालकों और कुमारों को किसी भी व्यवसाय या प्रक्रिया में नियोजित या कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार, समुचित उपायों के माध्यम से– (क) नियोक्ता तथा बालकों और कुमारों सहित आम जनता को लोक और पारंम्परिक मीडिया तथा जनमीडिया जिसमें दूरदर्शन, रेडियो, इन्टरनेट आधारित एप्लिकेशन और प्रिन्ट मीडिया सम्मिलित है, का उपयोग कर लोक जागरूकता अभियानों का प्रबन्ध करेगी जिन्हें अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन में नियोजित किया जा सकता है और अधिनियम की प्राथमिकताओं के बारे में जागरूक करेगी, और इस प्रकार नियोक्ताओं या अन्य व्यक्तियों को, बालकों को अभिनियोजित करने का प्रतिषेध करेगी और अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन में किसी भी व्यवसाय या प्रक्रिया में कुमारों को नियोजित करने से हतोत्साहित करेगी; (ख) राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्राधिकारियों के लिए संचार के आसानी से सुलभ साधनों का विकास और विज्ञापन करके, अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन में उद्यमों या बालकों या कुमारों के रोजगार के मामलों की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करेगी; (ग) अधिनियम के उपबन्धों, इस नियमावली और उनसे संबंधित किसी भी अन्य सूचना को बस स्टेशनों, टोल प्लाजा और अन्य सार्वजनिक स्थलों जिसमें शॉपिंग सेंटर, बाजारों, सिनेमा हॉल, होटल, अस्पताल, पंचायत कार्यालय, पुलिस स्टेशन, रेजिडेन्ट वेल्फेयर एसोसिएशन कार्यालय, औद्योगिक क्षेत्र, स्कूल,

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय परिसर और अधिनियम के अधीन प्राधिकृत समस्त प्राधिकरणों के कार्यालय सम्मिलित हैं, पर यथासंभव प्रदर्शित करेगी; (घ) स्कूली शिक्षा में शिक्षा सामग्री एवं पाठ्यक्रम में अधिनियम के उपबंधों को सम्मिलित करने को समुचित माध्यम से प्रोत्साहित करेगी; और (ङ) श्रम पुलिस, न्यायिक, सिविल सेवाओं, शैक्षणिक, शिक्षकों के प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में अधिनियम के उपबंधों और उसके विभिन्न हितधारकों के उत्तरदायित्वों पर प्रशिक्षण और संवेदीकरण सामग्री को सम्मिलित करने हेतु प्रोत्साहित करेगी और अन्य सुसंगत हितधारकों जिसमें पंचायत सदस्य, चिकित्सक और राज्य सरकार के संबंधित अधिकारी सम्मिलित हैं, के लिए संवेदीकरण कार्यक्रमों की व्यवस्था करेगी।
बालक और कुमार श्रम पुनर्वास निधि से बालक या कुमार को धनराशि का संदाय–	6–(1) अधिनियम की धारा 14 ख की उपधारा (3) के अधीन यथास्थिति, जमा, निक्षेप या विनिधानित की गयी धनराशि और किसी भी मामले के अधीन किसी भी अन्य स्रोत से बालक और कुमार श्रम पुनर्वास निधि और उस पर अर्जित ब्याज की वसूली की गई धनराशि, उस बालक या कुमार को संदत्त की जायेगी जिसके पक्ष में ऐसी धनराशि निम्नलिखित तरीके से जमा की गयी है :– (क) अधिकारिता रखने वाला निरीक्षक या नोडल अधिकारी अपने पर्यवेक्षण में यह सुनिश्चित करेगा कि बालक या कुमार का खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जाए और इसकी सूचना यथास्थिति उस बैंक को जिसमें निधि की धनराशि निक्षेपित की गयी है या, अधिनियम की धारा 14 ख की उपधारा (3) के अधीन निधि की धनराशि को विनिधान करने के लिए उत्तरदायी अधिकारी को प्रदान करेगा; (ख) निरीक्षक की सूचना के अधीन यथास्थिति, बैंक या विनिधान हेतु उत्तरदायी अधिकारी द्वारा बालक या कुमार के पक्ष में निधि की आनुपातिक धनराशि पर प्रोद्भूत ब्याज को प्रत्येक छह मास में बालक या कुमार के खाते में अंतरित किया जाएगा; (ग) जब संबंधित बालक या कुमार अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी कर लेता है तब तत्काल यथासंभव शीघ्र या तीन मास की अवधि के भीतर, अधिनियम की धारा 14ख की उपधारा (3) के अधीन बालक के पक्ष में कुल

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	जमा, निक्षेप या विनिधान की गयी धनराशि और उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित कुल धनराशि जो बैंक में शेष है या विनिधान किये जाने हेतु शेष है, यथास्थिति बालक या कुमार के उक्त बैंक खाते में अन्तरित की जाएगी; और (घ) निरीक्षक सम्बन्धित बालक या कुमार के पहचान के लिये पर्याप्त विशिष्टियों के साथ खण्ड (ख) तथा (ग) के अधीन अंतरित धनराशि की एक रिपोर्ट तैयार करेगा और वह जानकारी के लिये राज्य सरकार को वार्षिक रिपोर्ट की प्रति प्रेषित करेगा; (ङ) अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन के लिए किसी बालक या कुमार के पक्ष में न्यायालय के आदेश या निर्णय के अनुसरण में जुर्माने के माध्यम से या अपराधों के शमन के लिए वसूल की गई कोई धनराशि भी निधि में निक्षेपित की जाएगी और ऐसे आदेश या निर्णय के अनुसार व्यय की जाएगी।
गैर खतरनाक व्यवसायों और प्रक्रियाओं में नियोजित कुमारों के कार्य की परिस्थिति–	7–(1) इस सम्बन्ध में प्रत्येक नियोक्ता का यह दायित्व होगा किः– **(क) कार्य स्थल की स्वच्छताः**– प्रत्येक कार्यस्थल, जहां कुमार को नियोजित किया गया है, को प्रत्येक दिन कम से कम एक बार पोंछा और साफ किया जाएगा और ऐसे स्थानों पर फिसलन वाली वस्तुएं और बदबूदार सामग्री नहीं होनी चाहिए। यदि कार्यस्थल पर नमी की कोई संभावना है, तो जल निकासी के प्रभावी उपाय सुनिश्चित और बनाए रखे जाएंगे। प्रत्येक नियोक्ता यह सुनिश्चित करेगा कि कार्यस्थल पर या उसके आस–पास अपशिष्ट पदार्थ या कचरा इस तरह से डंप न किया जाए कि वह बाहर फैल जाए। **(ख) हवा का प्रवाह (संवातन) और तापमानः**– प्रत्येक कार्यस्थल पर यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त और प्रभावी उपाय किए जाने चाहिए कि ऐसे कार्यस्थल के प्रत्येक कमरे में ताजी/शुद्ध हवा का प्रवाह हो और इन कमरों में ऐसा तापमान बनाए रखा जाए जो नियोजित कुमारों के कार्य करने के लिए आरामदायक हो और जिससे उनके स्वास्थ्य हानि को रोका जाये। **(ग) प्रकाशः**– प्रत्येक कार्य स्थल पर प्राकृतिक अथवा कृत्रिम प्रकाश अथवा दोनो उपलब्ध कराये जायेंगे और बनाये रखा जायेगा। आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिये एक सक्षम वहनीय बैटरी चालित या कुशलतापूर्वक सुसज्जित बैटरी टॉर्च समुचित स्थान पर उपलब्ध करायी जायेगी।

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(घ) सुरक्षित पीने का पानीः– कार्यस्थल पर सार्वजनिक जल वितरण प्रणाली के नलों या हैण्डपम्पों के माध्यम से ताजा और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी। यदि कार्यस्थल पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नलों या हैण्डपम्पों के माध्यम से ताजा और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सम्भव न हो तो पीने का पानी उपयुक्त बर्तनों में रखा जायेगा और इन बर्तनों को प्रत्येक दिवस पुनः भरा जायेगा। नियोक्ता को पीने के पानी का भण्डारण सुनिश्चित करने और इन बर्तनों को साफ और संदूषण से मुक्त रखने के लिये समस्त व्यवहारिक कदम उठाने होंगे। **(ङ) शौचालयः**–नियोक्ता कार्यस्थल पर पर्याप्त संख्या में कुमार, बालक और बालिकाओं के लिए पृथक और सुगमता से सुलभ शौचालय स्थापित करेगा और उनकी नियमित रूप से साफ–सफाई की व्यवस्था रखेगा। ऐसे प्रत्येक शौचालय में पर्याप्त प्रकाश और हवा होनी चाहिए और उसे साफ और स्वास्थ्यकर दशा में बनाए रखा जाना चाहिए। प्रत्येक शौचालय में समुचित दरवाजे और ताले होंगे और इसे इस तरह से ढका और विभाजित किया जायेगा कि एकांतता सुनिश्चित हो सके। **(च) भारी–भारः**– किसी भी कुमार को अपने हाथों से या अपने सिर पर दस किलोग्राम से अधिक वजन उठाने, ले जाने या रखने की अनुज्ञा नही दी जायेगी। **(छ) आँखों की सुरक्षाः**– जहाँ पर अत्यधिक प्रकाश उत्पन्न होने के कारण या ऐसे किसी प्रक्रिया के कारण जिसमें सामग्री के बिखरने, टूटने या उछलने के कारण आँखों को क्षति पहुँचने का जोखिम हो, वहां कार्यस्थल पर नियोजित कुमारों की आखों की सुरक्षा हेतु प्रभावी आवरक (परदें) या समुचित चश्में उपलब्ध कराये जायेंगे। **(ज) विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ और गैस आदिः**– ऐसे प्रत्येक कार्यस्थल जहाँ पर कुमार नियोजित हों, को वहाँ पर विस्फोटक सामग्री, ज्वलनशील पदार्थ तथा विषैली गैसों से मुक्त रखा जाये। **(झ) अग्नि से सुरक्षाः**– प्रत्येक कार्यस्थल पर नियोजित कुमारों को आग से सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे और आपातकालीन निकास द्वार इस तरह स्थापित किए जाएंगे कि प्रत्येक कुमार बिना किसी बाधा के दरवाजे तक उचित रूप

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	से पहुंच सके। इन आपातकालीन दरवाजों के आयाम की चौड़ाई 2.5 फीट और ऊंचाई 5.5 फीट से कम नहीं होगी। समस्त वहनीय अग्निशामक यंत्रों को सदैव क्रियाशील स्थिति में रखा जाएगा। **(ञ) भवन और मशीन की सुरक्षाः**– नियोक्ता ऐसे भवन और मशीनों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा जहां पर कुमार नियोजित हैं। **(ट) साप्ताहिक अवकाशः**– प्रत्येक कुमार को सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश का अधिकार होगा। **(ठ) चिकित्सा सुविधाः**– ऐसे कार्यस्थल का प्रत्येक नियोक्ता जहां कुमार श्रमिकों को नियोजित किया गया है, संपूर्ण प्राथमिक चिकित्सा किट के साथ एक ''प्राथमिक उपचार पेटिका'' उपलब्ध कराएगा, जिस पर ''प्राथमिक उपचार'' शब्द पठनीय रूप से उल्लिखित किया जाएगा और ऐसे बॉक्स को ऐसे स्थान पर रखा जाएगा जहाँ पर कुमार आसानी से पहुंच सके।
बच्चे द्वारा शिक्षा को प्रभावित किए बगैर अपने परिवार की सहायता करना–	8–(1) धारा 3 के उपबन्धों के अध्यधीन कोई बालक, अपनी स्कूली शिक्षा को प्रभावित किए बिना, किसी भी रीति से अपने परिवार को उनके पारिवारिक उद्यम में इस शर्त के अध्यधीन सहायता कर सकेगा कि ऐसी सहायताः– (एक) अधिनियम की अनुसूची में सूचीबद्ध किसी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में नहीं होगी, (दो) इसमें विनिर्माण, उत्पादन, आपूर्ति या खुदरा श्रृंखला के किसी भी चरण में कार्य या व्यवसाय या प्रक्रिया सम्मिलित नहीं होगी जो बालक या उसके परिवार या परिवार के उद्यम के लिए पारिश्रमिक प्रदान करती हो, (तीन) उसे केवल अपने परिवार में या किसी पारिवारिक उद्यम में मदद करने की अनुमति दी जाएगी जहां उसका परिवार अधिभोगी है, (चार) वह विद्यालय समय और 7 बजे सायं से 8 बजे प्रातः के मध्य कोई कार्य नहीं करेगा, (पांच) वह सहायता के ऐसे कार्य में नियोजित नहीं होगा, जो बालक की शिक्षा के अधिकार या विद्यालय में उसकी उपस्थिति में बाधा डालती हो या हस्तक्षेप करती हो या जो प्रतिकूल रूप से उसकी शिक्षा को प्रभावित करती हो, जिसके अंतर्गत ऐसे क्रियाकलाप हैं, जो पूर्ण शिक्षा से अविभाज्य रूप से जुड़ी हैं,

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	जैसे गृह कार्य या कोई पाठ्येतर क्रियाकलाप हैं, जो उसे विद्यालय द्वारा समनुदेशित की गई हैं, (छः) बिना विश्राम के सतत रूप से किसी कार्य में नही लगाया जायेगा जिससे वह थक जाये और उसके स्वास्थ्य और मस्तिष्क को तरोताजा करने के लिए विश्राम की अनुमति दी जायेगी। कोई बालक एक दिवस में विश्राम की कालावधि को अपवर्जित करते हुए तीन घंटे से अधिक के लिए सहायता नहीं करेगा, (सात) किसी भी तरह से अपने परिवार या परिवार के उद्यम में मदद करते समय किसी वयस्क या कुमार के लिए बालक का प्रतिस्थापन सम्मिलित नहीं होगा, और (आठ) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उल्लघंन में नहीं होगी, और (नौ) अपने परिवार की मदद या सहायता ऐसी रीति में करनी होगी जो किसी व्यवसाय, संकर्म, वृत्ति, विनिर्माण या कारबार या किसी संदाय या बालक या किसी अन्य व्यक्ति के फायदा के लिए है, जो बालक पर नियंत्रण रखता है, तथा जो बालक की वृद्धि, शिक्षा और समग्र विकास के लिए अहितकर न हो। (2) यदि किसी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाला कोई बालक स्कूल के प्रधानाचार्य या प्रधानाध्यापक को सूचित किए बिना लगातार तीस दिवस की अवधि के लिए अनुपस्थित रहता है, तब ऐसी स्थिति में प्रधानाचार्य अथवा प्रधानाध्यापक सूचना हेतु नियम 14 के उप नियम (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट सम्बन्धित नोडल अधिकारी को अनुपस्थित की रिपोर्ट देगा। **स्पष्टीकरण 1**: इस नियम के प्रयोजनों के लिए, परिवार का तात्पर्यः– (अ) बालक के माता–पिता; (ब) बालक का जैविक भाई या बहन, (स) बालक के माता–पिता द्वारा विधिपूर्वक गोद लेने के माध्यम से बालक का भाई या बहन, और (द) बालक के माता–पिता का जैविक भाई या जैविक बहन। **स्पष्टीकरण 2**: किसी भी संदेह के मामले में कि क्या काई व्यक्ति जैविक भाई या बहन है, से सम्बन्धित यथास्थिति स्थानीय निकाय या पंचायत द्वारा जारी ऐसे व्यक्ति की वंशावली, या राज्य सरकार के संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी कोई अन्य विधिक दस्तावेज से परीक्षण किया जा सकता है।

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
बालक का कलाकार के रूप में कार्य करना–	9–(1) धारा 3 के उपबंधो के अधीन रहते हुए बालक को निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन कलाकार के रूप में कार्य करने के लिए अनुमति दी जा सकेगीः– (क) किसी बालक को एक दिन में पाँच घण्टे से अधिक एवं बिना किसी विश्राम के तीन घंटों से अधिक कार्य करने के लिए अनुमति नहीं दी जायेगी, (ख) किसी दृश्य–श्रव्य मीडिया प्रस्तुति या किसी वाणिज्यिक समारोह के किसी प्रस्तुतकर्ता जिसमें बालक की भागीदारी अंतर्वलित है, के बालक की सहभागिता को उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट से, जिसमें उस क्रियाकलाप को किया जाना है, अनुज्ञा प्राप्त करने के पश्चात् ही अंतर्वलित होगा और जिला मजिस्ट्रेट उस क्रियाकलाप को आरम्भ करने से पूर्व (एक) प्रपत्र–ग में एक वचनबंध (दो) बालक सहभागियों की सूची (तीन) यथास्थिति, माता–पिता या संरक्षक की सहमति, (चार) प्रस्तुति या समारोह से सम्बन्धित व्यक्ति का नाम, जो बालक की सुरक्षा और संरक्षा के लिए उत्तरदायी है, की सूची प्रस्तुत करेगा। प्रस्तुतकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी फिल्म और दूरदर्शन कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग इस अस्वीकरण (डिस्क्लेमर) का विनिर्दिष्ट करते हुए की जाएगी कि यदि किसी बालक को शूटिंग में लगाया जाता है तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि शूटिंग की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान ऐसे बालक का दुरूपयोग, अनदेखी या शोषण नहीं हो, के लिए समस्त उपाय किए गए है, (2) उपनियम (1) के खंड (ख) में निर्दिष्ट वचनबंध अनुमति के दिनांक से छह मास की कालावधि के लिए विधिमान्य होगा और उसमें ऐसे प्रयोजन के लिए समय–समय पर केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा संरक्षण नीतियों के अनुरूप बालक की शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षा तथा बाल शोषण की रिपोर्ट करने के लिए उपबंधों का स्पष्ट कथन होगा, जिसके अंतर्गत,– (क) बालक के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सुविधाओं को सुनिश्चित करना, (ख) बालक के लिए समयबद्ध पोषक–आहार, (ग) दैनिक आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त उपबन्धों के साथ सुरक्षित, स्वच्छ आवास/आश्रय स्थल,

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(घ) बालकों के संरक्षण के लिए तत्समय प्रवृत्त समस्त लागू विधियों का अनुपालन, जिसके अंतर्गत उनका शिक्षा, देखरेख और यौन अपराधों से संरक्षण के लिए अधिकार सम्मिलित है,
	(ङ) बालक की शिक्षा के लिए समुचित सुविधाओं की व्यवस्था की जायेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्यालयों में उनके पठन–पाठन की निरंतरता बनी रहे और किसी बालक को सताईस दिवस से अधिक के लिए लगातार कार्य करने के लिए अनुज्ञा नहीं दी जायेगी,
	(च) समारोह या कार्यक्रम के लिए अधिकतम पाँच बालकों के लिए एक उत्तरदायी व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी ताकि बालक की सुरक्षा, देखरेख और उसके सर्वोत्तम हित सुनिश्चित किया जा सके।
	(छ) बालक द्वारा प्रस्तुति या समारोह से अर्जित आय के कम से कम बीस प्रतिशत को सीधे किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में बालक के नाम से नियत निक्षेप खाते में निक्षेपित किया जाएगा जिसे वयस्कता प्राप्त होने पर बालक के खाते में जमा किया जा सकेगा, और
	(ज) किसी बालक को उसकी इच्छा और सहमति के विरूद्ध किसी दृश्य–श्रव्य और क्रीड़ा क्रियाकलाप, जिसके अंतर्गत अनौपचारिक मनोरंजन क्रियाकलाप भी है, में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।
	स्पष्टीकरण:– धारा 3 की उपधारा (2) के स्पष्टीकरण के खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए उसमें अंतर्विष्ट पद–''अन्य ऐसा क्रियाकलाप'' का तात्पर्य होगा,–
	(एक) कोई क्रिर्याकलाप, जिसमें बालक स्वयं किसी क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा या समारोह या ऐसी क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा या समारोह के लिए प्रशिक्षण में भाग ले रहा है,
	(दो) दूरदर्शन पर सिनेमा और डाक्यूमेंटरी प्रदर्शन, जिसके अंतर्गत रियल्टी शो, क्वीज शो, टेलेंट शो, रेडियो या कोई कार्यक्रम या कोई अन्य मीडिया है,
	(तीन) नाटक–सीरियल,
	(चार) किसी शो (प्रदर्शन) या समारोह में एंकर (उद्घोषक) के रूप में भागीदारी, और
	(पांच) कोई अन्य कलात्मक अभिनय, जिसे केन्द्रीय या राज्य सरकार वैयक्तिक मामलों में अनुज्ञात करे, जिसके अंतर्गत वित्तीय लाभ हेतु नुक्कड़/गलियों में किए जाने वाले अभिनय सम्मिलित नहीं हैं।

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
कार्य के घंटे	10–अधिनियम की धारा 7 के उपबंधों के अध्यधीन, किसी कुमार से किसी स्थापन में कार्य के उतने घंटों से अधिक कार्य करना अपेक्षित या अनुज्ञात नहीं दी जाएगी जितने कि ऐसे स्थापन में कुमार के कार्य के घंटों को विनियमित करने के लिए तत्समय प्रवृत्त नियमों के अधीन अनुज्ञेय है।
व्यक्ति, जो परिवाद फाइल कर सकेंगे	11–(1) कोई भी व्यक्ति जो भारतीय नागरिक है या भारत का निवासी है, अधिनियम या इस नियमावली के अधीन परिवाद फाइल कर सकता है। (2) इस नियमावली के अधीन, स्कूल के शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन समिति, बालक संरक्षण समिति, पंचायत या नगर पालिका के प्रतिनिधियों को उस स्थिति में शिकायत फाइल करने के लिए जागरूक किया जाएगा कि उनके अपने–अपने स्कूलों से कोई छात्र इस अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करके नियोजित तो नहीं किया जा रहा है।
अपराधों का शमन करने की रीति	12–(1) कोई अभियुक्त व्यक्ति जो धारा 14 की उपधारा (3) के अधीन पहली बार अपराध करता है या, जो माता–पिता या अभिभावक होने के नाते उक्त धारा के अधीन अपराध करता है, वह धारा 14घ की उपधारा (1) के अधीन उक्त अपराध का शमन करने की अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष समझौते के लिए आवेदन फाइल कर सकता है। (2) जिला मजिस्ट्रेट उपनियम (1) के अधीन फाइल किए गए आवेदन पर अभियुक्त व्यक्ति और संबंधित निरीक्षक को सुनने के पश्चात् ऐसे आवेदन का निस्तारण करेगा और यदि आवेदन अनुज्ञात कर दिया जाता है तो निम्नलिखित के अध्यधीन शमन प्रमाण-पत्र जारी करेगाः– (क) वह ऐसे प्रमाण-पत्र में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर ऐसे अपराध के लिए प्रदान किए गए अधिकतम जुर्माने की पचास प्रतिशत धनराशि का भुगतान करेगा, या (ख) वह पूर्वोक्त खंड के अधीन विनिर्दिष्ट शमन धनराशि के साथ–साथ ऐसे अपराध के लिए प्रदान किए गए अधिकतम जुर्माने का पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि का भुगतान करेगा। यदि अभियुक्त व्यक्ति विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त खंड के अधीन शमन धनराशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो ऐसा विलंबित भुगतान एक अतिरिक्त अवधि के भीतर किया जाएगा

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	जैसा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है, जो उस खंड में विनिर्दिष्ट अवधि से अधिक नहीं होगा। (3) अभियुक्त व्यक्ति से एकत्र की गयी शमनकारी रकम को जिला स्तर पर बनाये गये बालक एवं कुमार श्रम पुनर्वास निधि में निक्षेपित की जायेगी। (4) यदि अभियुक्त व्यक्ति. उपनियम (2) के अधीन शमनकारी रकम का संदाय करने में विफल रहता है तो उपनियम (2) के खण्ड (ख) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट कार्यवाही जारी रहेगी।
जिला कृतिक बल का गठन	13–(1) प्रत्येक जिला में निम्नलिखित सदस्यों को सम्मिलित करते हुए एक जिला कृतिक बल गठित की जायेगी– (एक) जिला मजिस्ट्रेट–अध्यक्ष (दो) अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजन के लिये धारा 17 के अधीन नियुक्त निरीक्षक–सदस्य (तीन) अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए पुलिस अधीक्षक–सदस्य (चार) अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट–सदस्य (पांच) अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए नियम 14 के उप नियम (1) के खण्ड (क) के अधीन निर्दिष्ट नोडल अधिकारी–सदस्य (छः) अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के प्रयोजनों के लिए जिला में तैनात श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के अपर/उप/सहायक श्रमायुक्त/श्रम प्रवर्तन अधिकारी या वरिष्ठम अधिकारी–सदस्य (सात) दो वर्ष की अवधि के लिए चक्रानुक्रमी आधार पर जिले में नियोजित बालकों के बचाव और पुनर्वास में अन्तर्वलित प्रत्येक स्वैच्छिक संगठन से दो प्रतिनिधि–सदस्य (आठ) जिला न्यायाधीश द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि–सदस्य (नौ) जिला तस्करी विरोधी ईकाई का सदस्य––सदस्य (दस) जिला की बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष–सदस्य (ग्यारह) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की एकीकृत बालक

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	संरक्षण योजना के अधीन जिला बालक संरक्षण अधिकारी–सदस्य (बारह) जिला शिक्षा अधिकारी–सदस्य (तेरह) जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट कोई अन्य व्यक्ति–सदस्य (चौदह) इस नियमावली के नियम 14 के उपनियम (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट और अध्यक्ष द्वारा नाम निर्दिष्ट नोडल अधिकारी–सचिव (2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट कृतिक बल प्रतिमाह कम से कम एक बार बैठक करेगी और उपलब्ध समय, तत्समय प्रवृत्त विधि के अनुसार छापा स्थल, योजना की गोपनीयता, समय–समय पर केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार द्वारा जारी बचाव और पुनर्वास के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतो के अनुसार पीड़ितों और साक्षियों का संरक्षण और अंतरिम राहत को ध्यान में रखते हुए बचाव कार्य संचालित करने की व्यापक कार्य योजना बनाएगा; और कृतिक बल, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा ऐसे प्रयोजन के लिए सृजित पोर्टल पर ऐसी बैठक के कार्यवृत्त को भी अपलोड कराएगा।
जिला मजिस्ट्रेट के कर्तव्य	14–जिला मजिस्ट्रेट,– (क) अपने अधीनस्थ ऐसे अधिकारियों को विनिर्दिष्ट करेगा जिन्हें वह आवश्यक समझता है, नोडल अधिकारी कहा जायेगा जो अधिनियम की धारा 17–क के अधीन राज्य सरकार द्वारा उसको प्रदत्त और अधिरोपित जिला मजिस्ट्रेट की समस्त या किन्हीं शक्तियों का प्रयोग करेंगे और समस्त या किन्हीं कर्तव्यों का पालन करेंगे; (ख) नोडल अधिकारी को ऐसी शक्तियाँ और कर्तव्य समनुदेशित करेगा, जैसा वह समुचित समझे, जिनका प्रयोग और पालन वह अधीनस्थ अधिकारी के रूप में अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर करेगा; (ग) किसी जिले में गठित होने वाले कृतिक बल के अध्यक्ष के रूप में पीठासीन होना; (घ) नोडल अधिकारियों के माध्यम से, यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिनियम के उपबन्धों के उल्लंघन में नियोजित बच्चों और कुमारों को निम्नलिखित उपबंधों के अनुसार बचाया जाए और पुनर्वास किया जाए:–

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(एक) किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (अधिनियम संख्या 2 सन् 2016) तथा किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख और संरक्षण) आदर्श नियमावली, 2016; (दो) बन्धित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 (अधिनियम संख्या 19 सन् 1976); (तीन) केन्द्रीय बंधित श्रमिक पुनर्वास सेक्टर स्कीम, 2016; (चार) कोई राष्ट्रीय बालक श्रम परियोजना; (पांच) तत्समय प्रवृत्त कोई अन्य विधि या स्कीम, जिसके अधीन ऐसे बालकों या कुमारों का पुनर्वास सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय के निर्देशों, यदि कोई हों और इस संबंध में समय–समय पर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए बचाव और पुनर्वासन के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों के अध्यधीन किया जाए।
निरीक्षक के कर्तव्य	15–धारा 17 के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त निरीक्षक, अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजन से निम्नलिखित का अनुपालन करेगाः– (क) राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निरीक्षण के मानको का अनुपालन; (ख) अधिनियम के उपबंघो का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजन से राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों का अनुपालन; और (ग) अधिनियम के उपबंधो का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयोजन से उसके द्वारा किये गये निरीक्षणों के संबंध में और ऐसे प्रयोजनो के लिये उसके द्वारा की गयी कार्यवाही की त्रैमासिक रिपोर्ट राज्य सरकार को देगा।
सामयिक निरीक्षण और अनुश्रवण	16–राज्य सरकार धारा 17(ख) के उपबंधो के कार्यान्वयन हेतु अनुश्रवण व निरीक्षण की एक प्रणाली का सजृन करेगी, जिसमें शामिल हो सकते हैंः– (क) स्थानों के निरीक्षक द्वारा किये जाने वाले सामयिक निरीक्षणों की संख्या, जहां बच्चों का नियोजन प्रतिषिद्ध है और जोखिम वाले व्यवसायों और प्रक्रियाओं का कार्यान्वयन होता है; (ख) वह अन्तराल जिस पर एक निरीक्षक खण्ड ग के उपखण्ड (एक) के अधीन निरीक्षण की विषय–वस्तु से संबंधित उसको प्राप्त शिकायतों और तत्पश्चात् उसके द्वारा की गयी कार्यवाई के ब्यौरों की रिपोर्ट राज्य सरकार को देगा; (ग) निम्न अभिलेखों का इलेक्ट्रानिक अथवा अन्य प्रकार से अनुरक्षण :– (एक) अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन कर काम करते हुए पाये गये बच्चे और कुमारों, जिनमें वे बच्चे भी सम्मिलित हैं जो अधिनियम के उल्लंघन में परिवार या पारिवारिक उद्यमों में लगे हुए पाये जाते हैं;

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(दो) शमित अपराधों के ब्यौरों की संख्या; (तीन) अधिरोपित और वसूल की गई शमित रकम का ब्यौरा; और (चार) अधिनियम के अधीन बालकों व कुमारों को उपलब्ध कराई जा रही पुनर्वास सेवाओं का ब्यौरा।

प्रारूपों का संशोधन

4–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान प्रारूपों के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये प्रारूप रख दिये जायेंगे, अर्थात्:–

स्तम्भ–1

विद्यमान प्रारूप

प्रारूप ''क''

[नियम 3 (1)देखिए]

कार्य का स्थान.....

वर्ष.....

अधिष्ठाता का नाम और पता.....

अधिष्ठान द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रकृति.....

क्र0सं0	बालक का नाम	पिता का नाम	जन्म तिथि	स्थायी पता	अधिष्ठान में कार्यभार ग्रहण करने का दिनांक
1	2	3	4	5	6
उस कार्य की प्रकृति जिस पर नियोजित हो	कार्य के दैनिक घण्टे	विश्राम अन्तराल	मजदूरी की अवधि	अभ्युक्ति	
7	8	9	10	11	

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रारूप

प्रारूप ''क''

[नियम 3 (1) देखिए]

वर्ष.....

अधिष्ठाता का नाम और पता.....

कार्य का स्थान.....

अधिष्ठान द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रकृति.....

क्र0सं0	कुमार का नाम	पिता का नाम	जन्म तिथि	स्थायी पता	स्थापन में कार्यभार ग्रहण करने का दिनांक
1	2	3	4	5	6
कार्य का नाम जिस पर नियोजित हो	कार्य के दैनिक घण्टे	विश्राम अन्तराल	मजदूरी की अवधि	टिप्पणियां	
7	8	9	10	11	

स्तम्भ–1

विद्यमान प्रारूप

प्रपत्र ''ख''

आयु का प्रमाण–पत्र

[नियम 4 (2)देखिए]

प्रमाण–पत्र संख्या.....

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैने व्यक्तिगत रूप से (नाम ..... पुत्र/पुत्री.....निवासी..... ..... की परीक्षा की है और यह कि उसने अपना चौदहवां वर्ष पूरा कर लिया है/पूरी कर ली है) और वह जैसा मेरे परीक्षण से अभिनिश्चित किया जा सकता है.....वर्ष पूरा कर लिया है) का है। उसका वर्णनात्मक चिह्न .... है। बालक का अंगूठा निशानी/हस्ताक्षर बालक का पासपोर्ट आकार का फोटो।

फोटो पर चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर

स्थान : चिकित्सा अधिकारी,
दिनांक : पदनाम

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रारूप

प्रपत्र ''ख''

आयु का प्रमाण–पत्र

[नियम 4 (4)देखिए]

प्रमाण–पत्र संख्या.....

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि मैने व्यक्तिगत रूप से (नाम ..... पुत्र/पुत्री.....निवासी..... ..... की परीक्षा की है और यह कि उसने अपना चौदह वर्ष पूरा कर लिया है/पूरी कर ली है) और उसकी आयु जैसे मेरे परीक्षण से अभिनिश्चित किया जा सकता है ....वर्ष (पूरा कर लिया है) का है। उसका वर्णनात्मक चिह्न ..... है।

बालक का अंगूठा निशानी/हस्ताक्षर.....

स्थान : चिकित्सा प्राधिकारी,
दिनांक : पदनाम

प्रपत्र–''ग''

[नियम 9(1) (ख) देखिए]

उत्तर प्रदेश बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2023 के अधीन वचनबध

मैं.....वाणिज्यिक समारोह..... का दृश्य–श्रव्य मीडिया प्रस्तुति या आयोजक..... का प्रस्तुतकर्ता हूँ जिसमें निम्नलिखित बालक भाग ले रहे हैं, अर्थात–

क्रं0सं0	बालक/बालकों का नाम	माता–पिता/संरक्षक का नाम	पता

यह वचन देता हूँ कि..... .....समारोह (समारोह को विनिर्दिष्ट करें) में ऊपर उल्लिखित बालकों के शामिल होने के दौरान, बालक और किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 (1986 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 61) और बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) नियमावली, 1994 के किसी उपबंध का उल्लंघन नहीं होगा और बालकों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा अन्य अपेक्षाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि उसे उन्हें कोई असुविधा न हो। मै यह भी वचन

स्तम्भ–1 विद्यमान प्रारूप	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित प्रारूप
	देता हूँ कि समारोह के दौरान बालकों के संरक्षण, जिसके अन्तर्गत उनके शिक्षा के अधिकार, देखभाल और संरक्षण, लैंगिक अपराधों के विरूद्ध विधिक उपबंध भी है, के लिए तत्समय प्रवृत्त लागू सभी विधियों का अनुपालन किया जाएगा। दिनांक..... प्रस्तुतकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

आज्ञा से,
अनिल कुमार–III
प्रमुख सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification no. 01/2024/2568/XXXVI-3–2023-37(Sa.)-2022, dated December 29, 2023:

No. 01/2024/2568/XXXVI-3–2023-37(Sa.)-2022

Dated Lucknow, December 29, 2023

THE following draft rules which the Governor proposes to make in exercise of the powers under sub-section (1) of section 18 of the Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 (Act no. 61 of 1986) *read* with section 21 of the General Clauses Act, 1897 (Act. no. 10 of 1897) are hereby published for the information of all concerned and with a view to invite objections and suggestions in respect thereof .

ALL objections and suggestions with respect to said rules should be sent in duplicate addressed to the Principal Secretary, Shram Anubhag-3, Uttar Pradesh Shasan, Bapu Bhawan, Lucknow-226001/Labour Commissioner Office , G.T. Road, Kanpur.

Only those objections and suggestions which are received within forty-five days from the date of publication of this notification shall be taken into consideration.

DRAFT RULES

THE UTTAR PRADESH CHILD LABOUR (PROHIBITION AND REGULATION) (FIRST AMENDMENT) RULES, 2023

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Child Labour (Prohibition and Regulation) (First Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official *Gazette*.

General Amendment

2. In the Uttar Pradesh Child Labour (Prohibition and Regulation) Rules, 1994, (hereinafter referred to as the " said rules ") , *for* the words "Uttar Pradesh Child Labour", wherever occurring including the short title, long title, marginal headings, the words "Child and Adolescent Labour" shall be *substituted*.

Amendment of rules 2, 3 and 4

3. In the said rules, *for* rules 2, 3 and 4 set out in Column-I below, the rules as set out in Column-II shall be *substituted*, namely: -

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
Definitions- 2. In these rules,– (a) "Act" means the Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 (Act no. 61 of 1986); (b) "form" means a form appended to these rules; (c) "register" means the register maintained under section 11; (d)"schedule" means the schedule to the Act;	**Definitions-** 2**.** In these rules ,– (a) "Act" means the Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986 (Act no. 61 of 1986); (b) "Adolescent" means an adolescent as defined in clause (i) of section 2 of the Act;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
(e) "section" means section of the act	(c) "District Magistrate" for the implementation of different sections of the Act or rules means the District Magistrate himself or any officer authorized by him ;
(f) The expression "Young person" shall have the meaning assigned to it in the Factories Act, 1948 (Act no. 63 of 1948)	(d) "Form" means a form appended to these rules;
	(e) "Fund" means the Child and Adolescent Labour Rehabilitation Fund constituted under sub-section (1) of the section 14 B of the Act;
	(f) " Guardian " in relation to a child or adolescent means a person having the care and custody of the child or adolescent and includes a natural guardian or guardian appointed or declared by a Court or a statute;
	(g) "Inspector" means the Inspector appointed by the State Government under section 17 of the Act;
	(h) "Medical authority" means Government Medical Officer of the concerned District or area in Uttar Pradesh;
	(i) "Municipality" means an institution of self-government constituted under Article 243-Q of the Constitution;
	(j) "Panchayat" means a Panchayat constituted under Article 243-B of the Constitution;
	(k) "Parent" means either the natural or step or adoptive father or mother of child;
	(l) "Register" means the register maintained under section 11 of the Act ;
	(m) "Schedule" means the Schedule to the Act ;
	(n) "Section" means section of the Act .
	(2) Words and expressions used in these rules but not defined therein and defined in the Act shall have the meanings as assigned to them in the Act.
Register [section 11 and section 18 (2) (d)]	**Register to be maintained under section 11 of the Act** .
3. The register under section 11 shall be maintained in Form 'A' every year. The register of an year shall be kept in record for a period of three years.	**3. (1)** Every occupier of an establishment shall maintain a register in respect of adolescents employed or permitted to work, in Form-A . **(2)** The register shall be maintained on a yearly basis but shall be retained by the employer for a period of 3 years after the date of the last entry made therein.

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
Prescribed Medical Authority by whom and from which a certificate of age is issued and charges therefar 4. (1) For the purposes of the Act, the Chief Medical Officer of the district or a Medical Officer of a Government Hospital (including employees State Insurance Hospital/ Dispensary and Primary Health Centre) possessing a M.B.B.S . degree shall be the prescribed medical authority within the local limits of his jurisdiction. (2) The certificate of age to be issued by the prescribed medical authority shall be in Form 'B' . (3) The charges payable to prescribed medical authority for the issue of such certificate shall be such as may be fixed from time to time by the State Government or the Central Government as the case may be. (4) The charges payable to be prescribed medical authority shall be borne by the occupier.	**Certificate of age.** 4.(1) Where an inspector has an apprehension that any adolescent has been employed in any occupation or processes in which he is prohibited to be employed under section 3-A of the Act, he may require the employer of such adolescent to produce to the inspector a certificate of age from the appropriate medical authority. (2) The appropriate medical authority shall, while examining an adolescent for issuing the certificate of age under sub-rule (1), take into account the date of birth certificate from school or the matriculation or equivalent certificate from the concerned examination Board of the adolescent, if available; and in the absence thereof, the birth certificate of the adolescent given by Corporation or a Municipal Authority or a Panchayat shall be considered. Only in the absence of the aforesaid methods, the age of the adolescent shall be determined by such medical authority through an ossification test or any other latest medical age determination test. (3) The ossification test or any other latest medical age determination test shall be conducted on the order of the appropriate authority not below the rank of Assistant Labour Commissioner, as may be specified by the State Government in this behalf, and such age determination shall be completed within fifteen days from the date of such order. (4) The certificate of age referred to in sub-rule (1) shall be issued in Form-B. (5) The charges payable to the medical authority for the issue of certificate of age shall be such as specified by the State Government from time to time. (6) The charges payable to the medical authority shall be borne by the employer of the adolescent whose age is determined under this rule.
Insertion of new rules 5 to 16	**3. In the said rules, after rule 4 the following new rules shall be *inserted*, namely:-**
Awareness on prohibition of employment of child and adolescent in contravention to Act.	**5.(1)** The State Government shall ensure that the children and adolescents are not employed or permitted to work in any occupation or process in contravention of provisions of the Act . The State Government, through appropriate measures, shall,-

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(a) arrange public awareness campaigns using folk and traditional media and mass media including television, radio, internet based application and print media to make the general public, including the employer and the children and adolescents who may be employed in contravention to the provisions of the Act, and make than aware about the priorities of the Act, and thereby prohibit employers or other persons from engaging children and discourage them from employing adolescents in any occupation or process in contravention of the provisions of the Act; (b) promote reporting of enterprises or instances of employment of children or adolescents in contravention of the provisions of the Act, by developing and advertising easily accessible means of communication to the authorities specified by the State Government; (c) display to the possible extent the provisions of the Act, these rules and any other information relating thereto in bus stations, toll plazas and other public places including shopping centers, markets, cinema, halls, hotels, hospitals, Panchayat offices, Police Stations, resident welfare association offices, industrial areas, schools, educational institutions, Court complexes and offices of all authorities authorized under the Act; (d) promote, through appropriate methods , the inclusion of the provisions of the Act in learning material and syllabus in school education ; and (e) promote inclusion of training and sensitization material on the provisions of the Act and the responsibilities of various stakeholders thereto, in labour police, judicial, civil services , academics, teachers training and refresher courses and also arrange sensitization programmes for other relevant stakeholders including Panchayat members, doctors and concerned officials of the State Government .
Payment of amount to child or adolescent from and out of Child and Adolescent Labour Rehabilitation Fund.	6.(1) The amount credited, deposited or invested, as the case may be, under sub-section (3) of section 14B of the Act and recovered from any other sources under any case to the Child and Adolescent Labour Rehabilitation Fund and the interest accrued on it, shall be paid to the child or adolescent in whose favour such amount is credited in the following manner :-

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(a) the Inspector or the nodal officer having jurisdiction shall, under his supervision, ensure that an account of the child or adolescent is opened in a nationalized bank and shall inform about the same to the bank in which the amount of the Fund is deposited or, as the case may be, to the officer responsible for investing the amount of the Fund under sub section (3) of section 14B of the Act ; (b) the interest accrued on the proportionate amount of the Fund in favour of the child or adolescent shall be transferred every six months to the account of the child or adolescent, as the case may be, by the bank or officer responsible for investing the amount under information to the Inspector; (c) when the concerned child or adolescent completes the age of eighteen years, then, as soon as may be possible forthwith or within a period of three months, the total amount credited, deposited or invested in favour of the child along with interest accrued thereon remaining in the bank or remaining so invested under sub-section (3) of section 14B of the Act , shall be transferred to the said bank account of the child or adolescent , as the case may be; and (d) the Inspector shall prepare a report of the amount transferred under clauses (b) and (c) with particulars of the concerned child or adolescent sufficient to identify him and he shall send a copy of the report annually to the State Government for information; (e) any amount recovered by way of fine or for composition of offences , in pursuance of an order or judgment of a Court in favour of a child or adolescent , for the contravention of the provisions of the Act, shall also be deposited in the Fund and shall be spent in accordance with such order or judgment.
Working conditions for adolescent employed in non-hazardous occupations and processes	7.(1) Each employer shall be responsible for :- **(a) Cleanliness of workplace-** Each workplace, where adolescents have been employed, shall be wiped and cleaned minimum once each day and such places shall not have slippery items and stinking materials. If there is any possibility of dampening of workplace , effective measures of water drainage shall be ensured and maintained. Each employer shall ensure that there is no dumping of waste material or garbage on or near the workplace in such a manner that it is spread outside;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(b) Flow of air (ventilation) and temperature-Suitable and effective measures should be taken at each workplace to ensure that each room of such workplace has flow of fresh/pure air and such temperature is maintained in these rooms that is comfortable for working of the adolescents employed and thereby loss to their health is prevented; **(c) Light-** Adequate and proper natural or artificial light or both shall be made available and sustained at each workplace. For emergency lighting arrangements , a capable portable battery-operated or battery torch efficiently equipped shall be made available at an appropriate place; **(d) Safe Drinking water-** It shall be the responsibility of the employer to ensure availability of fresh and clean drinking water through taps of public water distribution system or through hand pumps on workplace. If availability of fresh and clean drinking water through taps of public water distribution system or through hand pumps on workplace is not possible, then drinking water shall be kept in suitable pots and these pots must be refilled every day. Employer shall take all practical steps to ensure the storage of drinking water and to keep these pots clean and free from contamination; **(e)Toilets-** Employer shall establish separate and easily accessible toilets for adolescent males and females in adequate number on workplace and shall keep them clean regularly. Each such toilet must have adequate light and air and shall be maintained in clean and hygienic conditions . Each toilet shall have proper doors and locks and shall be covered and partitioned in such a manner that privacy is ensured; **(f) Heavy weight-** No adolescent shall be permitted to lift, carry, or keep a weight more than ten kilograms either through his/her hands or on his/her head; **(g) Safety for eyes-** Effective covers (screens) and suitable glasses shall be provided for the safety of employed adolescents on such workplaces where there is a risk to eyes due to generation of excessive light or due to any other such work process in which there is a risk of damage to eyes due to scattering or splitting of any material part of bouncing materials;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(h) Explosive and inflammable particle and gases etc.- Each such workplace where adolescents have been employed shall be free from explosives, inflammable materials and toxic gases; **(i) Safety from fire-** Adequate resources shall be provided for safety from fire to adolescents employed on each workplace and emergency exit doors shall be established in such a way that each adolescent has proper access to the doors without any hindrance. The dimension of these emergency doors shall not be less than 2.5 feet in width and 5.5 feet in height. All portable fire extinguishers shall be always kept in working condition; **(j) Safety of building and machines-** Employer shall ensure the safety of such building and machines where adolescents have been employed; **(k) Weekly holiday-** Each adolescent shall have the right for a paid weekly holiday; **(l) Medical facilities-** Every employer of such workplace where adolescent workers have been employed, shall make available a " first aid box" with complete primary medical kit on which the words "FIRST AID" will be readably mentioned and such box shall be kept at such a place where adolescents have an easy access to it.
Child to help his family without affecting education.	8.(1) Subject to the provisions of section 3 a child may, without affecting his school education, in any manner help his family in their family enterprise, subject to the condition that such help ,— (i) shall not be in any hazardous occupation or process listed in the Schedule to the Act ; (ii) shall not include work or occupation or process at any stage of the manufacturing , production, supply or retail chain that is remunerative for the child or his family or the family enterprise; (iii) shall only be allowed to help in his family or in a family enterprise where his family is the occupier; (iv) shall not perform any tasks during school hours and between 7 p.m. and 8 a.m. ; (v) shall not be engaged in such task of helping which hinders or interferes with the right to education of the child, or his attendance in the school, or which may adversely affect his education including activities which are inseparably associated to complete education such as homework or any extra-curricular activity assigned to him by the school;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(vi) shall not be engaged in any task continuously without rest which may make him tired and shall be allowed to take rest to refresh his health and mind . A child shall not help for more than three hours excluding the period of rest in a day; (vii) shall not include in any way substitution of the child for an adult or adolescent while helping his family or family enterprise; (viii) shall not be in contravention to any other law for the time being in force; (ix) shall be to aid or assist his family in such a manner which is not incidental to any occupation, work, profession, manufacture or business or for any payment or benefit to the child or any other person exercising control over the child ; and which is not detrimental to the growth, education and overall development of the child; (2) Where a child receiving education in a school remains absent consecutively for a period of thirty days without intimation to the Principal or Headmaster of the school, then the Principal or Headmaster shall report such absence to the concerned nodal officer referred to in clause (a) of sub-rule (1) of rule 14 for information. **Explanation 1** : For the purpose of this rule, "family" means:- (a) parents of the child ; (b) biological brother or sister of the child ; (c) brother or sister of the child through lawful adoption by parents of the child; (d) biological brother or biological sister of the parents of the child; **Explanation 2:** In case of any doubt as to whether a person is a biological brother or sister, the pedigree of such person issued by the concerned local body or Panchayat, as case may be , or any other legal document issued by the authority concerned of the State Government may be examined .
Child to work as an artist	9.(1) Subject to the provisions of section 3, a child may be allowed to work as an artist subject to the following conditions, namely:- (a) no child shall be allowed to work for more than five hours in a day and not more than three hours without rest ;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(b) any producer of any audio-visual media production or any commercial event , involving the participation of a child, shall involve a child in participation only after obtaining permission for the same from the District Magistrate of the district where the activity is to be performed, and shall furnish to the District Magistrate before starting of the said activity: (i) an undertaking in Form-C ; (ii) the list of child participants ; (iii) consent of parents or guardian, as the case may be ; and (iv) name of the individual from the production or event who shall be responsible for the safety and security of the child. The producer shall ensure that the screening of his films and television programs shall be made with a disclaimer specifying that if any child has been engaged in shooting, then all the measures were taken to ensure that there has been no abuse, neglect or exploitation of such child during the entire process of the shooting; (2) The undertaking referred to in clause (b) of sub-rule (1) shall be valid for a period of six months from the date of permission and shall clearly state the provisions for education, safety, security and reporting of child abuse in consonance with the guidelines and protection policies issued by the Central Government or the State Government from time to time for such purpose including ,— (a) ensuring facilities for physical and mental health of the child; (b) timely nutritional diet of the child; (c) safe, clean shelter with sufficient provisions for daily necessities; (d) compliance of all laws applicable, for the time being in force, for the protection of children, including their right to education, care and protection against sexual offences; (e) appropriate facilities for education of the child to be arranged so as to ensure that there is no discontinuity from his lessons in school and no child shall be allowed to work consecutively for more than twenty-seven days; (f) one responsible person to be appointed for maximum of five children for the production or event so as to ensure the protection, care and best interest of the child; (g) at least twenty percent of the income earned by the child from the production or event shall be directly deposited in a fixed deposit account in a nationalized bank in the name of the child which may be credited to the child on attaining majority;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(h) no child shall be made to participate in any audio-visual and sports activity including informal entertainment activity against his will and consent. **Explanation:** For the purposes of clause (c) to the Explanation to sub-section (2) of section 3, the expression - "such other activity" contained therein, shall mean – (i) any activity where the child himself is participating ; in a sports competition or event or training for such sports competition or event; (ii) cinema and documentary shows on television including reality shows, quiz shows, talent shows; radio and any program in or any other media; (iii) drama serials; (iv) participation as anchor of a show or events; and (v) any other artistic performances which the Central or State Government permits in individual cases, which shall not include street performance for monetary gain.
Hours of work	10. Subject to the provisions of section 7 of the Act no adolescent shall be required or permitted to work in an establishment in excess of such number of hours of work as is permissible under the law for the time being in force regulating the hours of work of the adolescent in such establishment.
Persons who may file complaint	11.(1) Any person who is an Indian National or a resident of India may file a complaint under the Act or these rules . (2) Under these rules, school teachers and representatives from school management committee, child protection committee, Panchayat or Municipality, shall be sensitized to file complaint in the event that any students in their respective schools is employed in contravention to the provisions of the Act .
Manner of compounding offences	12.(1) An accused person who commits an offence for the first time under sub-section (3) of section 14 or, who being a parent or a guardian commits an offence under the said section may file an application to the District Magistrate having jurisdiction for compounding the said offence under sub-section (1) of section 14D. (2) The District Magistrate shall , after hearing the accused person and the Inspector concerned, on an application filed under sub-rule (1), dispose of such application and if the application is allowed, issue the certificate of compounding, subject to:-

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(a) the payment of a sum of fifty percent of the maximum fine provided for such offence within a period to be specified in such certificate; or (b) the payment of an additional sum of twenty-five percent of the maximum fine provided for such offence together with the compounding amount specified under aforesaid clause . If the accused person fails to the pay the compounding amount under the said clause within the specified period, then such delayed payment shall be made within a further period as may be specified by the District Magistrate which shall not exceed the period specified in that clause . (3) The compounding amount collected from the accused person shall be deposited to the Child and Adolescent Labour Rehabilitation Fund created at the district level . (4) If the accused person fails to pay the compounding amount under sub-rule (2), the proceeding shall be continued as specified under clause (b) of sub-rule (2).
Constitution of District Task Force	13.(1) There shall be constituted a District Task Force in every district consisting of the following members :- (i) District Magistrate-Chairperson; (ii) Inspector appointed under section 17 for the purposes of local limits of his jurisdiction—Member ; (iii) Superintendent of Police for the purposes of local limits of his jurisdiction—Member; (iv) Additional District Magistrate for the purposes of local limits of his jurisdiction — Member ; (v) Nodal Officer referred to under clause (a) of sub-rule (1) of rule 14 for the purposes of local limits of his jurisdiction— Member ; (vi)Additional/ Deputy/ Assistant Labour Commissioner/Labour Enforcement Officer or the seniormost officer of Labour Department , Government of Uttar Pradesh posted in the district for the purposes of local limits of his jurisdiction— Member; (vii) two representatives each from a voluntary organization involved in rescue and rehabilitation of employed children in the district on rotation basis for a period of two years — Member ; (viii) A representative of District Legal Services Authority to be nominated by the District Judge — Member ;

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(ix) a member of the District Anti - Trafficking Unit — Member ; (x) Chairperson of the Child Welfare Committee of the District — Member ; (xi) District Child Protection Officer in the district under the Integrated Child Protection Scheme of the Ministry of Women and Child Development, Government of India — Member ; (xii) District Education Officer — Member ; (xiii) any other person nominated by the District Magistrate — Member ; (xiv) Nodal officers referred in clause (a) of sub-rule (1) of rule 14 of this rule and nominated by the Chairperson — Secretary . (2) The Task force referred in sub-rule (1) shall meet at least once in every month and shall make a comprehensive action plan for conducting the rescue operation taking into account the time available, point of raid in accordance with the law for the time being in force, confidentiality of the plan, protection of victims and witnesses and the interim relief, in accordance with the guidelines for rescue and rehabilitation issued by the Central Government or the State Government from time to time; and the Task Force shall also cause the minutes of such meeting to be uploaded on the portal created for such purpose by the Central Government or the State Government.
Duties of District Magistrate	14. The District Magistrate shall ,— (a) specify such officers subordinate to him, as he considers necessary, to be called Nodal Officers, who may exercise all or any of the powers and perform all or any of the duties of the District Magistrate conferred and imposed on him by the State government under section 17A of the Act; (b) assign such powers and duties, as he thinks appropriate, to a Nodal Officer to be exercised and performed by him within his local limits of jurisdiction as subordinate officer; (c) preside over as Chairperson of the Task Force to be formed in a district ; (d) ensure, through nodal officers, that the children and adolescents who are employed in contravention of the provisions of the Act are rescued and rehabilitated in accordance with the provisions of :

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(i) the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (Act no. 2 of 2016) and the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Model Rules, 2016; (ii) the Bonded Labour System (Abolition) Act, 1976 (Act no. 19 of 1976); (iii) the Central Sector Scheme for Rehabilitation of Bonded Labourer, 2016. (iv) any National Child Labour Project; (v) any other law or scheme for the time being in force under which such children or adolescents may be rehabilitated subject to the directions, if any, of a Court of competent jurisdiction and the guidelines for rescue and rehabilitation issued by the Central or State Government from time to time in this regard.
Duties of Inspector	15. An Inspector appointed by the State Government under section 17, for the purposes of securing compliance with the provisions of the Act, shall ,— (a) comply with the norms of inspection issued by the State Government from time to time; (b) comply with the instructions issued by the State Government from time to time for the purposes of securing compliance with the provisions of the Act; and (c) make quarterly reports to the State Government regarding the inspections carried out by him for the purpose of securing the compliance of the provisions of the Act and the action taken by him for such purposes.
Periodical inspection and monitoring	16. The State Government shall create a system of monitoring and inspection for carrying out the provisions of section 17B which may include:- (a) the number of periodical inspections to be conducted by the Inspector , of places , at which the employment of children is prohibited and hazardous occupations or processes are carried out; (b) the intervals at which an Inspector shall report to the State Government complaints received to him relating to subject matter of inspection under sub- clause (i) of clause (c) and the details of action taken by him thereafter ; (c) maintenance of records electronically or otherwise of:- (i) children and adolescents found to be working in contravention of the provisions of the Act including children who are found to be engaged in family or family enterprises in contravention of the Act; (ii) number of details of the offences compounded; (iii) details of the compounding amount imposed and recovered; and

COLUMN-I *Existing rules*	COLUMN-II *Rules as hereby substituted*
	(iv) details of rehabilitation services provided to children and adolescents under the Act.

4. In the said rules, for the existing Forms set out in Column-I below, the Forms as set out in Column- II shall be *substituted*, namely:- Amendment of Forms

COLUMN-I

(*Existing Forms*)

FORM-A

[See rule 3(1)]

Year ----------

Name and address of employer ----------

Place of work -----

Nature of work being done by the establishment----

Serial no.	Name of child	Father's name	Date of birth	Permanent address	Date of joining the establishment
1	2	3	4	5	6

Nature of work on which employed	Daily hours of work	Intervals of rest	Wages period	Remarks
7	8	9	10	11

FORM 'B'

(Certificate of age)

[See rule 4(2)]

Certificate No……..

I hereby certfy that I have personally examined (Name.....son/daughter of…….. residing at …..and that he/she has completed his/her fourteenth year) and his/her age, as near as can be ascertained from my examination.

His/her descriptive marks are…..

Thumb-impression/Signature of child.

Passport size photo of the child

Signature by Medical Officer on the photo

Place: Medical Officer

Date :

Designation

COLUMN-II

(*Forms as hereby substituted*)

FORM-A

[See rule 3(1)]

Year ----------

Name and address of employer ----------

Place of work ----------

Nature of work being done by the establishment ------

Sl. No.	Name of adolescent	Father's name	Date of birth	Permanent address	Date of joining the establishment
1	2	3	4	5	6

Name of the work on which employed	Daily hours of work	Intervals of rest	Wages paid	Remarks
7	8	9	10	11

FORM-B

(Certificate of age)

[See rule 4(4)]

Certificate No.....

I hereby certify that I have personally examined (name) ..... son/daughter of ..... residing at ..... that he/she has completed his/her fourteenth year and his/her age, as nearly as can be ascertained from my examination, is.....years (completed). His/her descriptive marks are…….....

Thumb-impression/signature of child ……...…….

Place …….

Medical Authority

Date …… ……..

Designation

FORM-C

[see rule 9(1)(b)]

Undertaking under rule 9-(1)(b) of The Uttar Pradesh Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation) (First Amendment) Rules, 2023

I……producer of ……an audio-visual media production or organiser of ..... a commercial event, involving the participation of the following child/children, namely:-

COLUMN-I (*Existing Forms*)	COLUMN-II (*Forms as hereby substituted*)

S.No.	Name of the Child/Children	Parent's/ Guardian's	Address

do hereby undertake that in the course of the involvement of the above-mentioned child/children in the event …….....
(Specify the event), there shall be no violation of any of the provisions of the Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation), Act, 1986 (61 of 1986) and Uttar Pradesh Child and Adolescent Labour (Prohibition and Regulation) (First Amendment) Rules, 2023 and full care shall be taken of the physical and mental health, and other requirement of the child/children, so that he/they feel no inconvenience. I also undertake that during the event, all laws applicable for the time being in force for the protection of children, including their right to education, care and protection, and legal provisions against sexual offences will be compiled.

Dated.....

…….....
Name and signature of the producer.

By order,
ANIL KUMAR-III,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 1050 राजपत्र–2024–(2910)–599 प्रतियां (क0/टी0/ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 338 सा0 श्रम–2024–(2911)–150+150=300 प्रतियां (क0/टी0/ऑफसेट)।

म-संख्या–113

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, शुक्रवार, 30 जून, 2023
आषाढ़ 9, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

पंचायतीराज अनुभाग–2

————

संख्या 1547 / 33-2–2023
लखनऊ, 30 जून, 2023

————

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा०प०नि०–23

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 2004 को संशोधित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं –

उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ राजपत्रित अधिकारी (प्रथम संशोधन) सेवा नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ राजपत्रित अधिकारी (प्रथम संशोधन) सेवा नियमावली, 2023 कही जाएगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम–4 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 2004, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम–4 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रखा दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक विद्यमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
संवर्ग– 4–(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय। (2) जब तक उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायं सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी नीचे में दी गयी हैं :–	4–(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय। (2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायं, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी नीचे में दी गयी हैं:–

क्र0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या		
		स्थायी	अस्थायी	कुल
1	उपनिदेशक	03	–	03
2	अभियन्ता	02	–	02
3	कार्य अधिकारी	02	–	02
4	चिकित्साधिकारी (ऐलोपैथिक या आयुर्वेदिक या होम्योपैथिक)	02	–	02

परन्तु–
(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता हैं या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा; या
(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जिन्हें वह उचित समझें।

क्र0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या		
		स्थायी	अस्थायी	कुल
1	मुख्य अभियन्ता (सिविल) लेवल–2	–	01	01
2	अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)	–	01	01
3	अधिशासी अभियंता (सिविल)	01	01	02
4	उपनिदेशक (कार्य अधिकारी)	01	–	01
5	अभियन्ता	02	–	02
6	कार्य अधिकारी	02	–	02

परन्तु–
(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता हैं या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकती हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न हो; या
(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते/सकती हैं, जिन्हें वह उचित समझें।

नियम–5 का संशोधन

3–उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–एक में दिए गये विद्यमान नियम–5 के स्थान पर स्तम्भ दो में दिया गया नियम रखा दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक विद्यमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
भर्ती का स्रोत– 5–सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायगी:– (1) **उपनिदेशक** (एक)–$33^{1/3}$ प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त अभियन्ताओं में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में आठ वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा। (दो) $33^{1/3}$ प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त कार्य अधिकारियों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में आठ वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।	5–सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायगी:– (1) **कार्य अधिकारी** – आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (2) **अभियंता**–आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (3) **उपनिदेशक**– मौलिक रूप से नियुक्त कार्य अधिकारियों में से, जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में आठ वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा। (4) **अधिशासी अभियंता (सिविल)**– जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ के मौलिक रूप से नियुक्त अभियन्ताओं में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में कम से कम सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

स्तम्भ–एक विद्यमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(तीन) $33^{1/3}$ प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक या आयुर्वेदिक या होम्योपैथिक) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में आठ वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।	(5) **अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)**–जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ राजपत्रित अधिकारी संवर्ग के मौलिक रूप से नियुक्त अधिशासी अभियन्ताओं में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को अधिशासी अभियन्ता के रूप में की गयी न्यूनतम छः वर्ष की सेवा को सम्मिलित करते हुए कुल पन्द्रह वर्ष की मौलिक सेवा पूरी कर ली हो, चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
(2) **अभियंता**–आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(6) **मुख्य अभियन्ता (सिविल) लेवल–2**–जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ राजपत्रित अधिकारी संवर्ग के चयन वर्ष के प्रथम दिवस को मौलिक रूप से नियुक्त अधीक्षण अभियन्ताओं में से जिन्होंने कुल 25 वर्ष की मौलिक सेवा पूरी कर ली हो चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
(3) **कार्य अधिकारी**–आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	
(4)**चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक या आयुर्वेदिक या हौम्योपैथिक)** – आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	

4–उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–एक में दिए गये विद्यमान नियम–17 के स्थान पर स्तम्भ दो में दिया गया नियम रखा दिया जायेगा, अर्थात् :– नियम–17 का संशोधन

स्तम्भ–एक विद्यमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रकिया– **17–(1)–पदोन्नति द्वारा उपनिदेशक की भर्ती की प्रकिया**– उपनिदेशक के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड) नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्ड के आधार पर समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिए) नियमावली, 1992 के उपबन्धों के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से की जाएगी।	**17–(1)–पदोन्नति द्वारा उपनिदेशक/अधिशासी अभियंता/अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता की भर्ती की प्रकिया**– उपनिदेशक/अधिशासी अभियंता/ अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता की पदोन्नति द्वारा भर्ती समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिए) नियमावली, 1992 के उपबन्धों के अनुसार गठित चयन समिति के माध्यम से समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड) नियमावली, 1994 में दिये गये मानदण्ड के आधार पर की जायेगी।
टिप्पणी–चयन समिति में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और नागरिकों के अन्य पिछडें वर्गो के प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नाम–निर्देशन, समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम की धारा–7 के अधीन दिये गये आदेश के अनुसार किया जायेगा।	**टिप्पणी**–चयन समिति में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और नागरिकों के अन्य पिछडें वर्गों के प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिकारियों का नाम निर्देशन समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम की धारा–7 के अधीन दिये गये आदेश के अनुसार किया जायेगा।
(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूचियां उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे संबंधित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझें जायं, चयन समिति के समक्ष रखेगा।	(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूचियां समय–समय पर यथासंशोधित उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार तैयार करेगा और उन्हें उनकी चरित्र पंजियों तथा उनसे संबंधित ऐसे अन्य अभिलेखों, जो उचित समझें जायं, के साथ चयन समिति के समक्ष रखेगा।
(3) चयन समिति उपनियम–(2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों में विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षत्कार भी कर सकती हैं।	(3) चयन समिति उपनियम–(2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों में विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी ले सकती है।

स्तम्भ–एक विद्यमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(4) चयन समिति चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में, जैसी उस संवर्ग में हो, जिससे उसकी पदोन्नति की जाती है, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।	(4) चयन समिति चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में, जैसी उस संवर्ग में हो, जिससे उनकी पदोन्नति की जानी हो, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

नियम–22 का संशोधन

5–उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–एक में दिए गये विद्यमान नियम–22 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रखा दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक विद्यमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
वेतनमान– **22–(1)** सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जैसा सरकार द्वारा समय– समय पर अवधारित किया जाय। **(2)** इस नियमावली के प्रारम्भ के समय का वेतनमान निम्न प्रकार दिये गये हैं :–	**22–(1)** सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जैसा कि सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय। **(2)** इस नियमावली के प्रारम्भ के समय का वेतनमान निम्नानुसार दिये गये हैं :–

पद का नाम	वेतनमान
1–उप निदेशक	10,000–325–15,200 रूपये
2–अभियन्ता	8,000–275–13,500 रूपये
3–कार्य अधिकारी	8,000–275–13,500 रूपये
4–चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक या आयुर्वेदिक या होम्योपैथिक)	8,000–275–13,500 रूपये

पद का नाम	वेतनमान
1–मुख्य अभियंता (सिविल) लेवल–2	वेतन मैट्रिक्स लेवल–13(क) रू0 1,31,100–2,16,600/–
2–अधीक्षण अभियंता (सिविल)	वेतन मैट्रिक्स लेवल–13 रू0 1,23,100–2,15,900/–
3– अधिशासी अभियंता (सिविल)	वेतन मैट्रिक्स लेवल–11 रू0 67,700–2,08,700/–
4–उप निदेशक (कार्य अधिकारी संवर्ग)	वेतन मैट्रिक्स लेवल–11 रू0 67,700–2,08,700/–
5–अभियंता	वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 रू0 56,100–1,77,500/–
6–कार्य अधिकारी	वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 रू0 56,100–1,77,500/–

आज्ञा से,
मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

———

IN Pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is Pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1547/XXXIII-2–2023, dated June 30, 2023 :

No. 1547/XXXIII-2–2023

Dated Lucknow, June 30, 2023

IN exercise of powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Zila Panchayat Monitoring Cell Gazetted Officers Service Rules, 2004 .

THE UTTAR PRADESH ZILA PANCHAYAT MONITORING CELL GAZETTED OFFICERS (FIRST AMENDMENT) SERVICE RULES, 2023

Short title and commencement

1. (1) These Rules may be called The Uttar Pradesh Zila Panchayat Monitoring Cell Gazetted Officers (First amendment) Service Rules, 2023.

(2) They shall come into force at once.

Amendment of rule 4

2. In the Uttar Pradesh Zila Panchayat Monitoring Cell Gazetted Officers Service Rules, 2004, hereinafter referred to as, said rules, *for* existing Rule 4 as set out in Column-1 below, the rules as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely:-

COLUMN- 1

Existing Rules

Cadre-

4.(1) The strength of the service and of each category of posts there in shall be such as may be determined by the government from time to time.

(2) The strength of service and of each category of posts there in shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1), be as given below: -

Serial No.	Name of Post	Number of Post		
		Perman -ent	Temp- orary	Total
1	Deputy Director	03	-	03
2	Engineer	02	-	02
3	Karya Adhikari	02	-	02
4	Medical Officer (Allopathic and Ayurvedic or Homeopathic)	02	-	02

Provided that–

(i) The appointing authority may leave unfilled or the governor may hold in abeyance any vacant post, without there by entitling any person to compensation; or

(ii) The Governor may create such additional permanent or temporary post as he may consider proper.

COLUMN- 2

Rules as hereby substituted

4.(1) The strength of service and each category of posts therein shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of service and each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub rule (1), be as given below: -

Serial No.	Name of Post	Number of Post		
		Perm- anent	Temp- orary	Total
1	Chief Engineer (Civil) level-2	-	01	01
2	Superinten ding Engineer (Civil)	-	01	01
3	Executive Engineer (Civil)	01	01	02
4	Deputy Director (Karya Adhikari)	01	-	01
5	Engineer	02	-	02
6	Karya Adhikari	02	-	02

Provided that –

(i) the appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post without thereby' entitling any person to compensation; or

(ii) the Governor may create such additional permanent or temporary post as he/she may consider proper.

3. In the said Rules, *for* existing Rule 5 as set out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely:- Amendment of Rule-5

COLUMN- 1

Existing Rules

Source of Recruitment-

5. Recruitment to the various category of posts in the service shall be made from the following sources:-

(1) **Deputy Director** (i) $33^{1/3}$ percent by promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Engineers who have completed eight years service as such on the first day of the year of recruitment.

(ii) $33^{1/3}$ percent by promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Karya Adhikaris who have completed eight years service as such on the first day of the year of recruitment.

COLUMN- 2

Rules as hereby substituted

5. Recruitment to the various category of posts in the service shall be made from the following sources:-

(1) **Karya Adhikary-** By direct recruitment through the Commission.

(2) **Engineer** - By direct recruitment through the Commission.

(3) **Deputy Director** - By promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Karya Adhikaris, who have completed eight years service as such on the first day of the year of recruitment.

COLUMN- 1	COLUMN- 2
Existing Rules	*Rules as hereby substituted*
(iii) $33^{1/3}$ percent by promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Medical Officers (Allopathic and Ayurvedic or Homeopathy) who have completed eight years service as such on the first day of the year of recruitment. (2) **Engineer** - By direct recruitment through the Commission. (3) **Karya Adhikary-** By direct recruitment through the Commission. (4) **Medical Officer (Allopathic and Ayurvedic or Hmeopathic)** - By direct recruitment through the Commission.	(4) **Executive Engineer (Civil)** - By promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Engineers of Zila Panchayat Monitoring Cell, who have completed at least seven years service as such on the first day of the year of recruitment. (5) **Superintending Engineer (Civil) -** By promotion through the Selection Committee from amongst substantively appointed Executive Engineers of Zila Panchayat Monitoring Cell Gazetted Officer Cader, who have completed Total fifteen years substantive service on the first day of the year of recruitment including minimum six years service as Executive Engineer. (6) **Chief Engineer(Civil) level-2** - By promotion through Selection Committee from amongst the substantively appointed Superintending Engineers on the first day of selection year, who have completed a total of 25 years of substantive service in the Zila Panchayat Monitoring Cell Gazetted Officer Cader.

Amendment of Rule-17

4. In the said Rules, *for* existing Rule 17 as set out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely:-

COLUMN- 1	COLUMN- 2
Existing Rules	*Rules as hereby substituted*
Procedure for Recruitment by Promotion- 17. (1)- **Procedure for deputy director recruitment by promotion-** recruitment by promotion of deputy director shall be made on the basis of the criterion laid down in the Uttar Pradesh Government Servants Criterion for Recruitment by Promotion Rules, 1994 as amended from time to time, through the Selection Committee constituted in accordance with the provisions of the Uttar Pradesh Constitution of Departmental Promotion Committee for posts outside the purview of the Service Commission, Rules, 1992. as amended from time to time. **NOTE-** Nomination of officers for giving representation to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of Citizens in the Selection Committee shall be made in accordance with the order made under section-7 of the Act as amended from time to time.	17. (1)-**Procedure for recruitment of Deputy Director/ Executive Engineer/Superintending Engineer / Chief Engineer by promotion-** recruitment by promotion of Deputy Director/ Executive Engineer/ Superintending Engineer/ Chief Engineer shall be made on the basis of the criterion laid down in the Uttar Pradesh Government Servants Criterion for Recruitment by Promotion Rules, 1994 as amended from time to time through the Selection Committee constituted in accordance with the provisions of the Uttar Pradesh Constitution of Departmental Promotion Committee for posts outside the purview of the Service Commission, Rules, 1992 as amended from time to time. **NOTE-** Nomination of officers for giving representation to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes of Citizens in the selection committee shall be made in accordance with the order made under section-7 of the Act as amended from time to time.

COLUMN-1	COLUMN- 2
Existing Rules	*Rules as hereby substituted*
(2) The appointing authority shall prepare eligibility lists of the candidates in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection (on posts outside the purview of the Public Service Commission) Eligibility List Rules, 1986, as amended from time to time and place the same before the Selection Committee along with their character rolls and such other records pertaining to them, as may be considered proper.	(2) The appointing authority shall prepare eligibility lists of the candidates in accordance with the Uttar Pradesh Promotion by Selection (on posts outside the purview of the Public Service Commission) Eligibility List Rules, 1986, as amended from time to time and place the same before the Selection Committee along with their character rolls and such other records pertaining to them, as may be considered proper.
(3) The Selection Committee shall consider the cases of candidates on the basis of records, referred to in sub-rule(2) and if it considers necessary, it may interview the candidate also.	(3) The Selection Committee shall consider the cases of candidates on the basis of records, referred to in sub-rule(2) and if it considers necessary, it may interview the candidate also.
(4) The Selection Committee shall prepare a list of selected candidates in order of seniority as it stood in the cadre from which they are to be promoted and forward the same to the appointing authority.	(4) The Selection Committee shall prepare a list of selected candidates in order of seniority as it stood in the cadre from which they are to be promoted and forward the same to the appointing authority.

5. In the said Rules, *for* existing Rule 22 as set out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely:- Amendment of Rule-22

COLUMN-1	COLUMN-2
Existing Rules	*Rules as hereby substituted*
Scales of pay-	
22. (1) Scales of pay - The scales of pay admissible to persons appointed to the various categories of posts in the service shall be such as may be determined by the Government from time to time.	**22. (1) Scales of pay** - The scales of pay admissible to persons appointed to the various categories of posts in the service shall be such as may be determined by the Government from time to time.

COLUMN-1

Existing Rules

(2) The scales of pay at the time of the commencement of these rules are given as follows:-

Name of Post	Scales of pay
1- Deputy Director	Rs. 10,000-325-15200
2- Engineer	Rs. 8000-275-13500
3- Karya Adhikari	Rs. 8000-275-13500
4- Medical officer (Allopathic and Ayurvedic or Homeopathic)	Rs. 8000-275-13500

COLUMN- 2

Rules as hereby substituted

(2) The scales of pay at the time of the commencement of these rules are given as follows:-

Name of Post	Scales of pay
1-Chief Engineer (Civil) level-2	Pay matrix Level-13(A) Rs. 1,31,100-2,16,600
2-Superintending Engineer (Civil)	Pay matrix Level-13 Rs. 1,23,100-2,15,900
3-Executive Engineer (Civil)	Pay matrix Level-11 Rs. 67,700-2,08,700
4-Deputy Director (Karya Adhikari cadre)	Pay matrix Level-11 Rs. 67,700-2,08,700
5- Engineer	Pay matrix Level-10 Rs. 56,100-1,77,500
6-Karya Adhikari	Pay matrix Level-10 Rs. 56,100-1,77,500

By order,

MANOJ KUMAR SINGH,

Apar Mukhya Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 432 राजपत्र–2023–(1422)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 10 सा0 पंचायतीराज–2023–(1423)–1000 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।

432 RPH 2023 (Panchayati Raj folder-2023) data 8e

ALLAHABAD HIGH COURT JUDGES' LIBRARY PUBLICATION

क्रम-संख्या–210

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023

अग्रहायण 22, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

उच्च शिक्षा अनुभाग–5

संख्या 3118 / सत्तर-5–2023-25-2019-टी0सी0-18

लखनऊ, 13 दिसम्बर, 2023

अधिसूचना

सा0प0नि0–47

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 15 सन् 2023) की धारा 27 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल चयन की गुणवत्ता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए योग्य एवं सक्षम अध्यापकों / प्रशिक्षकों का चयन करने और मार्गदर्शी सिद्धांतों का सुस्पष्ट समुच्चय, जो आयोग द्वारा अपने कानूनी बाध्यताओं का निर्वहन करने के लिये अपनाये जाने वाले प्रविषय, शक्तियों, कृत्यों और प्रक्रियाओं का वर्णन करता है, को स्थापित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग नियमावली, 2023

अध्याय–एक

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं

2–(1) जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में,

(क) "अधिनियम"का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 15 सन् 2023) से है;

(ख) "समिति" का तात्पर्य आयोग या अध्यक्ष द्वारा अपने सदस्यों में से गठित की गई समिति से है;

(ग)"परीक्षा" का तात्पर्य अध्यापक या अनुदेशक के चयन हेतु संचालित परीक्षा से है;

(घ) "साक्षात्कार" के अन्तर्गत मौखिक परीक्षा या व्यक्तित्व परीक्षा सम्मिलित है;

(ङ) "अधिकारी" का तात्पर्य आयोग के अधिकारी से है और इसके अन्तर्गत सचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त नियंत्रक एवं उप सचिव सम्मिलित हैं;

(च) "सचिव" का तात्पर्य आयोग के सचिव से है;

(छ) "धारा"का तात्पर्य अधिनियम की धारा से है;

(ज) "ज्येष्ठतम सदस्य" का तात्पर्य आयोग के सदस्य के रूप में अधिकतम कुल सेवा अवधि वाले सदस्य से है। ऐसे मामलों में जहां दो या अधिक सदस्यों ने एक ही दिनांक को आयोग के भीतर अपनी भूमिकायें शुरू की हैं, ज्येष्ठता के निर्धारण के लिए उम्र निर्णायक मापदण्ड होगी।

(झ) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य अध्यापक के किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है जो तदर्थ नियुक्ति न हो और जो अधिनियम के उपबन्धों और तद्धीन बनाये गये नियमों के अनुसार की गयी हो;

(ञ) "रिक्ति" का तात्पर्य किसी अध्यापक या अनुदेशक की मृत्यु, सेवानिवृत्ति, त्याग पत्र, सेवा समाप्ति, पदच्युति या हटाये जाने या नये पद के सृजन या किसी पदाधिकारी का किसी उच्चतर पद पर मौलिक रूप से पदोन्नति या नियुक्ति के परिणाम स्वरूप हुई रिक्ति से है;

(2) इसमें प्रयुक्त और अपरिभाषित किन्तु उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 10, सन् 1973), इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 20, सन् 1921), उ0प्र0 बेसिक शिक्षा अधिनियम, 1972 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 34, सन् 1972), भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 (अधिनियम संख्या 27, सन् 1996), या उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 15 सन् 2023), उत्तर प्रदेश राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (अनुदेशक और फोरमैन) सेवा नियमावली, 2021, में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो क्रमशः उक्त अधिनियम तथा नियमावली में उनके लिए समनुदेशित हैं।

अध्याय–दो

आयोग का गठन और आयोग के कर्मचारी वर्ग

चयन मानदण्ड एवं प्रक्रिया

3–(1) आयोग के सदस्यों एवं अध्यक्ष के चयन हेतु एक तलाश समिति होगी जिसमें निम्नानुसार सदस्य होंगेः–

(क) मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन–अध्यक्ष

(ख) अपर मुख्य/प्रमुख सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उ0 प्र0 शासन–सदस्य,

(ग) अपर मुख्य/प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन–सदस्य,

(घ) अपर मुख्य/प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन–सदस्य,

(ङ) अपर मुख्य/प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन –सदस्य सचिव,

(2) उक्त तलाश समिति–

(क) अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद पर चयन के लिये सूची तैयार करेगी। अधिनियम की धारा 4 में उल्लिखित अर्हता के अनुसार सम्बन्धित अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र विज्ञापन के दिनांक से 25 दिन के भीतर आनलाइन/आफलाइन आमंत्रित करेगी।

(ख) अध्यक्ष/सदस्यों के पद हेतु रिक्तियों से सम्बंधित प्राप्त आवेदन–पत्रों/जीवन–वृत्तों (बायो डाटा) का विस्तृत परीक्षण करेगी जिसमें विशेष रूप से उनकी शैक्षिक अर्हतायें, प्रशासनिक अनुभव, शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य एवं उक्त अभ्यर्थियों की साख, सक्षमता एवं सत्यनिष्ठा का विवरण हो।

(ग) अभ्यर्थियों की अर्हता एवं पृष्ठभूमि से सम्बंधित अभिलेखों का सत्यापन सम्बंधित संस्थानों से करायेगी एवं उक्त से सम्बंधित अभिलेखों को अभिलेखागार में रखा जायेगा।

(घ) अभ्यर्थियों के जीवन–वृत्त के परीक्षणोपरान्त जहां तक सम्भव हो आयोग के अध्यक्ष पद हेतु यथा सम्भव 05 अभ्यर्थियों के नाम तथा सदस्य पद हेतु रिक्तियों की संख्या के सापेक्ष यथा सम्भव 03 गुना की सिफारिश की संस्तुति करेगी, किन्तु यदि किसी नाम पर तलाश समिति के 02 सदस्यों द्वारा आपत्ति की जाती है तो सम्बंधित अभ्यर्थी का नाम अल्पसूची (शार्टलिस्ट) में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(3) अध्यक्ष/सदस्य के पद पर चयन/नियुक्ति हेतु तलाश समिति की सिफारिश के अनुसार सूचीबद्ध किये गये अभ्यर्थियों की सूची मा0 मुख्य मंत्री जी के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जायेगी।

(4) अधिनियम की धारा 3 के अधीन मा0 मुख्यमंत्री जी के अनुमोदन के पूर्व प्रस्तावित नामों का चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जायेगी,

(क) भारत सरकार राज्य सरकार/अन्य राज्यों के सेवारत अधिकारियों को चयनित करने पर उनके संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र तथा सतर्कता जाँच विभागीय कार्यवाही प्रचलित न होने का प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जायेगा;

(ख) भारत सरकार/राज्य सरकार/अन्य राज्यों के ऐसे व्यक्ति जो सेवानिवृत्त हो गये हैं, को नियुक्ति दिए जाने के पूर्व उनके पूर्ववृत्त की सूचना सम्बंधित विभाग अथवा अन्य स्रोतों से, जैसा उपयुक्त समझा जाय, प्राप्त की जायेगी;

(ग) राज्य या राज्य के बाहर की शिक्षण संस्थाओं के शिक्षाविदों के मामले में उनके पैतृक निवास स्थान के साथ–साथ वर्तमान निवास स्थान से सम्बंधित जिला के पुलिस अधीक्षक से उनके चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त की जायेगी, जो सम्बंधित जिला के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होगी,

(घ) राज्य या राज्य के बाहर के ऐसे गैर–सरकारी व्यक्तियों के मामले में उनके पैतृक निवास स्थान तथा वर्तमान निवास स्थान से सम्बंधित जिला के पुलिस अधीक्षक से उनके चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त की जायेगी, जो सम्बंधित जिला के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होगी,

(5) अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति आदेश तभी जारी किये जायेंगे यदि उपरोक्त प्रक्रियाओं के अनुसार जारी किये गये चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सम्बंध में रिपोर्ट संतोषजनक पायी जाये।

अनर्हता

4–कोई व्यक्ति अध्यक्ष या सदस्य नियुक्त होने या बने रहने के लिये अपात्र होगा, यदि वह,–

(क) न्यायालय द्वारा दिवालिया न्याय–निर्णीत किया गया हो; या

(ख) अपनी पदावधि के दौरान, अपने पद के कर्तव्यों से परे किसी संदत्त सेवायोजन में अभिनियोजित हो; या

(ग) राज्य सरकार की राय में, मानसिक या शारीरिक दुर्बलता या सिद्ध कदाचार के कारण पद पर बने रहने के लिए अनुपयुक्त हो; या

(घ) वह किसी ऐसे अपराध के लिये जिसमें नैतिक अधमता हो, सिद्ध–दोष ठहराया गया हो;

(ङ) वह संसद या किसी राज्य विधान मण्डल का सदस्य हो;

(च) वह भारत का नागरिक न हो, या उसने स्वेच्छा से या अन्यथा किसी विदेशी राज्य की नागरिकता प्राप्त कर ली हो या उसके प्रति निष्ठा या अनुरक्ति को अभिस्वीकार किये हुए हो।

कदाचार का अन्वेषण

5–किसी अध्यक्ष या सदस्य के लिए अधिनियम की धारा 6 की उपधारा 2 में निर्दिष्ट कदाचार के अन्वेषण और उसे सिद्ध करने की प्रक्रिया निम्नवत् होगी–

(1) जहाँ किसी शिकायत पर या अन्यथा राज्य सरकार का, चाहे आरम्भिक जाँच करने के पश्चात् या अन्य प्रकार से, यह समाधान हो जाय कि प्रथम दृष्टया कदाचार का मामला बनता है, वहाँ वह सम्बंधित सदस्य या अध्यक्ष को या तो बिना शर्त के पद से त्याग–पत्र देने या अन्वेषण का सामना करने का विकल्प देगी।

(2) यदि ऐसा विकल्प देने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर कोई बिना शर्त त्याग–पत्र प्राप्त न हो तो राज्य सरकार, जाँच अधिकारी नियुक्त कर सकती है जो उच्च न्यायालय का वर्तमान या सेवा–निवृत्त न्यायाधीश होगा या ऐसा व्यक्ति होगा जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किये जाने के लिये पात्र हो।

(3) जाँच अधिकारी सम्बंधित सदस्य या अध्यक्ष को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने और ऐसा साक्ष्य लेने के पश्चात् जैसा वह आवश्यक समझे, जाँच पूरी होने के 15 दिन के भीतर राज्य सरकार को अपना निष्कर्ष प्रस्तुत करेगा। जांच के दौरान सम्बन्धित सदस्य या अध्यक्ष को कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं आवंटित किये जायेंगे।

(4) ऐसी जाँच करने में जाँच अधिकारी जाँच के नियमों और नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों द्वारा मार्ग–दर्शित होगा और जाँच की प्रक्रिया से सम्बन्धित औपचारिक नियमों द्वारा आबद्ध नहीं होगा।

(5) उत्तर प्रदेश विभागीय जाँच (साक्षियों को हाजिर होने और दस्तावेज पेश करने के लिये बाध्य करना) अधिनियम, 1976 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 4 सन् 1976) के उपबन्ध ऐसी जाँच पर लागू होंगे।

(6) यदि विचारण के अनुक्रम के दौरान किसी कारण से जाँच अधिकारी बदल दिया जाय तो नये जाँच अधिकारी के लिये नये सिरे से जाँच प्रारम्भ करना आवश्यक नहीं होगा और जाँच उस चरण से जारी रखी जा सकती है जिस चरण पर जाँच अधिकारी बदला गया हो।

(7) इस नियमावली के उपबन्धों के अध्यधीन जाँच अधिकारी को जाँच की प्रक्रिया को विनियमित करने की शक्ति होगी जिसके अन्तर्गत उसकी बैठक का स्थान और समय निर्धारित करना और यह निश्चय करना भी है कि जाँच सार्वजनिक रूप से या कैमरे की निगरानी में की जानी चाहिये।

अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग

6–(1) राज्य सरकार द्वारा आयोग में एक सचिव, जो विशेष सचिव से अनिम्न रैंक का आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 अधिकारी, एक परीक्षा नियंत्रक (ग्रेड वेतन 7600 पे–लेवल 12 के समकक्ष या से ऊपर), एक वित्त नियंत्रक (ग्रेड वेतन 8700/– पे–लेवल 13 के समकक्ष या से ऊपर), उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा का एक विधि अधिकारी (ग्रेड वेतन 7600/– पे–लेवल 12 के समकक्ष या से ऊपर), एक वित्त एवं लेखाधिकारी (ग्रेड वेतन 5400/– पे–लेवल 10के समकक्ष या से ऊपर), बाह्य प्रदाता प्राप्त एक कम्प्यूटर एवं आई0टी0 समन्वयक और चार उप सचिव (ग्रेड वेतन 6600/– पे–लेवल 11 के समकक्ष या से ऊपर) अनधिक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जायेंगे और उनकी सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी, जैसी राज्य सरकार आदेश द्वारा अवधारित करे। आयोग की सिफारिश पर राज्य सरकार उक्त पदों एवं वेतनमानों को घटा एवं बढ़ा सकती है।

(2) उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के प्रत्येक पूर्णकालिक कर्मचारी की सेवायें आयोग को अन्तरित हो जायेंगी। वेतन, अन्य भत्ते, चयन वेतनमान एवं पदोन्नति, पेंशन, उपदान (ग्रैच्युटी), पारिवारिक पेंशन, समस्त प्रकार के अवकाश, उपार्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश, चिकित्सा सुविधाएं एवं लाभ आदि, अवकाश नगदीकरण बोनस, अवकाश यात्रा रियायत (एल0टी0सी0) आदि, सेवानिवृत्ति की आयु तथा सेवानिवृत्ति के अन्य समस्त नियम जो राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा प्रवृत्त हैं अथवा समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी किये जायें, आयोग के कर्मचारियों पर भी लागू होंगे। सरकारी सेवकों के भवन निर्माण/मरम्मत, वाहन क्रय आदि के लिए अग्रिम की समस्त सुविधाएं उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग कर्मचारियों को भी देय होगी।

(3) आयोग अन्तरित सेवारत कार्मिकों का आवश्यकतानुसार उपयोग करेगा।

अवकाश

7–(1) आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उसी अवकाश के हकदार होंगे जैसा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के लिये अनुमन्य हैं।

(2) आयोग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी वर्ग उसी अवकाश के हकदार होंगे जैसा उत्तर प्रदेश राज्य सरकार कर्मचारी के लिये अनुमन्य है।

अध्याय–तीन

आयोग की कार्य संचालन की प्रक्रिया

बैठकें

8–(1) जब तक आयोग द्वारा अन्यथा विनिश्चय न किया जाय, आयोग की बैठक साधारणतया प्रत्येक मंगलवार को होगी और यदि वह कार्य–दिवस न हो तो मंगलवार के ठीक अनुवर्ती कार्य दिवस को होगी। यद्यपि अध्यक्ष, किसी भी समय, यदि आवश्यकता पड़ती है या यदि कम से कम दो सदस्य उसके लिये लिखित रूप में अधियाचन प्रस्तुत करें तो आयोग की असाधारण बैठक आहूत कर सकता है। सचिव द्वारा सदस्यों को असाधारण बैठक के लिए कम से कम चौबीस घण्टे अग्रिम रूप से सूचना दी जायेगी।

(2) प्रत्येक बैठक का दिनांक और समय, अध्यक्ष का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात सचिव द्वारा संसूचित किया जायेगा।

(3) सचिव, बैठक की कार्य सूची तैयार करेगा और अध्यक्ष द्वारा उसे अनुमोदित करायेगा और उसे प्रत्येक सदस्य को बैठक की नोटिस के साथ भेजेगा,

(4) आयोग की किसी भी बैठक के लिए गणपूर्ति तत्समय कुल सदस्यों की आधी संख्या से होगीः

परन्तु यह कि गणपूर्ति न होने के कारण स्थगित बैठक के लिए किसी गणपूर्ति की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

(5) अध्यक्ष और उसकी अनुपस्थिति में, उपस्थित ज्येष्ठतम–सदस्य, आयोग की बैठक की अध्यक्षता करेगा। आयोग के सदस्य की ज्येष्ठता, राज्य सरकार द्वारा निर्गत नियुक्ति आदेश के ज्येष्ठता क्रम के अनुसार अवधारित होगी। यदि दो या अधिक सदस्य एक ही दिनांक को पद ग्रहण करें तो राज्य सरकार द्वारा निर्गत नियुक्ति आदेश के ज्येष्ठता क्रम के अनुसार ज्येष्ठता में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा।

(6) यथा सम्भव, बैठक में लिया गया विनिश्चय सर्वसम्मत से होगा। किसी मतभेद की स्थिति में आयोग का विनिश्चय किसी बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत से किया जायेगा। यदि मत समान हों तो अध्यक्ष को निर्णायक मत देने का अधिकार होगा। असहमति प्रकट करने वाला सदस्य अपनी असहमति की टिप्पणी अभिलिखित कर सकता है, जो बैठक की कार्यवाही का भाग होगी।

(7) जब अध्यक्ष छुट्टी पर रहने के कारण अनुपस्थित हो या आयोग की बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ है तब ज्येष्ठतम सदस्य बैठक की अध्यक्षता करेगा और अध्यक्ष के कृत्यों का निर्वहन करेगा। परन्तु यह कि ऐसे मामलों की सूची, जिनपर अध्यक्ष की अनुपस्थिति के दौरान कोई विनिश्चय किया गया हो और जिनके सम्बन्ध में कार्यवाही की गयी हो यथास्थिति उनके अवकाश से वापस आने या अपने कर्तव्यों को फिर से संभालने पर उनके समक्ष रखी जायेगी।

(8) अध्यक्ष का पद रिक्त होने की स्थिति में आयोग का ज्येष्ठतम सदस्य आयोग के दिन–प्रतिदिन कृत्यों का सम्पादन करेगा।

(9) अध्यक्ष को आयोग की पूर्व अनुसूचित बैठक को किसी अपरिहार्य कारणों से स्थगित अथवा निरस्त करने का अधिकार होगा।

(10) यदि अध्यक्ष की राय है कि आयोग द्वारा किया जाने वाला कार्य अत्यधिक है और आयोग की बैठक सुविधानुसार नही बुलायी जा सकती है, तो प्रस्ताव के रूप में प्रचलित विषय द्वारा सदस्यों की राय मॉग सकता है। यदि अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट समय के भीतर किसी सदस्य से राय प्राप्त नही होती है तो ऐसे सदस्य को प्रस्ताव से सहमत हुआ समझा जायेगा।

कार्य आवंटन की प्रक्रिया और समितियों का गठन

9–(1) (क) आयोग, कार्य आवंटन समिति के माध्यम से समय–समय पर अपने सदस्यों में कार्य का आबंटन करेगा। अध्यक्ष अत्यावश्यक मामलों में किसी सदस्य को कोई कार्य आबंटित कर सकता है और अपनी अगली बैठक में आयोग का अनुमोदन प्राप्त कर सकता है।

(ख) आयोग अपने कार्य के सुविधाजनक और शीघ्र संचालन के लिए समिति या समितियों का गठन कर सकता है और किसी विनिर्दिष्ट कृत्य के सम्पादन या किसी विनिर्दिष्ट कार्य के संचालन के लिए किसी सदस्य को प्राधिकृत कर सकता है।

(2) उपनियम 1 के खण्ड (क) के अधीन किये गये कार्य आबंटन में संशोधन, परिवर्तन या उपान्तर जब कभी आवश्यक समझा जाय, किया जा सकता है।

(3) आयोग का ज्येष्ठतम सदस्य समिति का संयोजक होगा।

(4) उन मामलों के होते हुये भी जिनमें आयोग ने अन्यथा निदेश दिया है, अन्य मामलों में समिति का विनिश्चय आयोग के अनुमोदन के अधीन होगा।

परीक्षा समिति की शक्तियां एवं कर्तव्य

10–(1) आयोग द्वारा परीक्षाओं का संचालन परीक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। परीक्षा समिति में आयोग का अध्यक्ष, आयोग का वरिष्ठतम सदस्य, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव होंगे। आयोग का अध्यक्ष ही परीक्षा समिति का चेयरमैन होगा।

(2) परीक्षा समिति, अधिनियम और इस नियमावली के उपबन्धों के अध्यधीन ऐसे कर्तव्यों और कृत्यों का सम्पादन करेगी जो आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित नियमों, या आदेशों के अधीन उसे सौपें जाय।

(3) परीक्षा समिति का चेयरमैन परीक्षाओं के समुचित और समय से संचालन तथा उसकी गोपनीयता को बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा।

(4) जब तक अन्यथा विहित न हो, ऐसी परीक्षाओं से संबन्धित समस्त संविदायें लिखित रूप में होगी और समस्त दस्तावेज और परीक्षा सम्बंधी अभिलेख आयोग के निमित्त सचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा अधिप्रमाणित किये जायेंगे किन्तु चेयरमैन के आदेश से जारी किये जायेंगे। ऐसे समस्त अभिलेख चेयरमैन के अनुदेश पर सचिव/परीक्षा नियंत्रक की अभिरक्षा में रखे जायेंगे।

(5) ऐसी परीक्षाओं के संचालन के लिए समस्त प्रबन्ध परीक्षा समिति के द्वारा आयोग के परामर्श से और ऐसे निदेशों के अनुसार किये जायेंगे जो आयोग द्वारा इस निमित्त जारी किये जाय।

साक्षात्कार बोर्ड का गठन

11–(1) आयोग विभिन्न पदों या पदों के श्रेणियों, जिनके लिये साक्षात्कार आयोजित होना है, के लिये पृथक साक्षात्कार बोर्ड गठित करेगा और जहॉ किसी विशेष पद के लिए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है एक से अधिक साक्षात्कार बोर्ड का गठन कर सकता है;

(2) जब कभी एक से अधिक साक्षात्कार बोर्ड का गठन किया जाता है वहॉ ऐसे साक्षात्कार बोर्ड की संरचना में चक्रानुक्रम द्वारा, उतनी बार जितनी बार वह उचित समझे, परिवर्तन कर सकता है;

(3) किसी साक्षात्कार बोर्ड में कम से कम एक सदस्य और दो विशेषज्ञ होंगे, किन्तु आयोग, यदि वह ऐसा करना आवश्यक समझे, किसी साक्षात्कार बोर्ड में एक से अधिक सदस्यों या दो से अधिक विशेषज्ञों को सम्मिलित कर सकता है। अल्पसंख्यक संस्थाओं के अध्यापकों के चयन हेतु साक्षात्कार बोर्ड गठित करते समय अल्पसंख्यक समुदाय के विशेषज्ञ का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया विहित करेगा:

परन्तु यह कि जहॉ किसी चयन के लिये आमंत्रित विशेषज्ञ ने अपनी असमर्थता व्यक्त की हो या आने में अन्यथा विफल रहा हो और पैनल से किसी अन्य विशेषज्ञ को आमंत्रित करने के लिये पर्याप्त समय न हो, वहॉ आयोग द्वारा विहित अर्हताओं को रखने वाले किसी अन्य उपलब्ध विशेषज्ञ को अध्यक्ष के अनुमोदन से सचिव आमंत्रित कर सकता है;

(4) साक्षात्कार का कार्यक्रम आयोग द्वारा निर्धारित किया जायेगा;

(5) साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को आनलाइन संसूचना आयोग की वेबसाइट/ई–मेल/एस0एम0एस0 पर एवं समाचार पत्रों में निर्मोचित करने से 10 दिन पूर्वसूचित किया जायेगा;

(6) यदि कोई सदस्य साक्षात्कार बोर्ड में उपस्थित होने में असमर्थ हो तो अध्यक्ष उसके स्थान पर किसी अन्य सदस्य को साक्षात्कार संचालित करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है और इस तथ्य से ऐसे साक्षात्कार बोर्ड की कार्यवाहियॉ और उसके द्वारा किये गये चयन अविधिमान्य नहीं होंगे;

(7) साक्षात्कार बोर्ड में उपस्थित ज्येष्ठतम–सदस्य साक्षात्कार बोर्ड की अध्यक्षता करेगा। साक्षात्कार बोर्ड की कार्यवाहियाँ आयोग के समक्ष अनुमोदन के लिये यथाशक्य शीघ्र रखी जायेगी तत्पश्चात् संस्तुति जारी की जायेगी। ऐसा अनुमोदन परिचालन द्वारा आयोग की किसी बैठक में प्राप्त किया जा सकता है।

विशेषज्ञों का पैनल

12–(1) आयोग द्वारा साक्षात्कार बोर्ड के लिए विषयवार विशेषज्ञों का पैनल विहित प्रक्रियानुसार उन व्यक्तियों में से तैयार किया जायेगा जो निम्नलिखित में हो या रह चुके हों:

(एक) राज्य शिक्षा सेवा का सदस्य;

(दो) उत्तर प्रदेश राज्य में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय का आचार्य, सह–आचार्य या सहायक आचार्य, किन्तु किसी सह–आचार्य और सहायक आचार्य के मामले में, उसे इस रूप में दस वर्ष से कम का अनुभव नहीं होना चाहिए;

(तीन) उत्तर प्रदेश राज्य में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त या उससे सम्बद्ध सहायता प्राप्त स्नातक या सहायता प्राप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के प्राचार्य;

(चार) उत्तर प्रदेश राज्य में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त या उससे सम्बद्ध सहायता प्राप्त स्नातक या सहायता प्राप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य या प्राध्यापक, जिन्हें इस रूप में दस वर्ष से कम का अनुभव नहीं होना चाहिए;

(पाँच) राजकीय स्नातक या सहायता प्राप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के प्राचार्य;

(छः) राजकीय स्नातक या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य या प्राध्यापक, जिन्हें इस रूप में दस वर्ष से कम का अनुभव नहीं होना चाहिए;

(सात) राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य (इण्टरमीडिएट कालेज या हाईस्कूल के प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापक के साक्षात्कार हेतु);

(आठ) व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य श्रेणी–1, जिन्हें कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो, अथवा संयुक्त निदेशक, (प्रशिक्षणार्थी/शिक्षु) अथवा अपर निदेशक (प्रशिक्षणार्थी/शिक्षु);

(2) उप नियम (1) के अधीन तैयार किये गये विशेषज्ञों के पैनलों से विशेषज्ञों का चयन अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा,

(3) विशेषज्ञों के पैनल का गुप्त दस्तावेज होगा और उसे सचिव द्वारा या उसके विनिर्दिष्ट निदेश या आदेश के अधीन किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी द्वारा मुहरबन्द लिफाफा में निरापद अभिरक्षा में रखा जायेगा और अध्यक्ष के लिखित मांग पर प्रस्तुत किया जायेगा।

(4) उप नियम (1) के अधीन गठित विशेषज्ञों का पैनल यथा सम्भव प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार पुनरीक्षित किया जायेगा। परन्तु यह कि पूर्व सूची में सम्मिलित कोई भी व्यक्ति पुनरीक्षित सूची में सम्मिलित किये जाने के लिये पात्र होगा।

(5) किसी साक्षात्कार बोर्ड में उपस्थित होने वाले विशेषज्ञ को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विहित दर से अनधिक ऐसी दर पर जैसा आयोग द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाए, पारिश्रमिक और तत्समय राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये शासनादेश के अनुसार यात्रा भत्ता संदत किया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश के बाहर से विशेषज्ञों को अनुमन्य वायुयान किराया अध्यक्ष के अनुमोदन से दिया जायेगा।

अध्यक्ष की शक्ति और कर्तव्य

13–(1) अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन अध्यक्ष, आयोग की प्रशासनिक, अनुशासनात्मक और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेगा, और

(क) उन समितियों की जिनका वह सदस्य हो समस्त बैठकों की अध्यक्षता करेगा;

(ख) आयोग और उसके सदस्यों की कार्य प्रणाली में समन्वय स्थापित करेगा;

(ग) आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने और यात्रा भत्ता बिलों को पारित करने के प्रयोजनों के लिए सदस्यों का नियन्त्रक अधिकारी होगा;

(घ) आयोग के अधिकारियों और कर्मचारी वर्गों की कार्य प्रणाली पर पर्यवेक्षण करने की शक्ति रखेगा।

(2) यदि अध्यक्ष अपने अनुपस्थिति के कारण या किसी अन्य कारण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं तो वह सामान्य या विशेष आदेश द्वारा किसी सदस्य को ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्राधिकृत कर सकता है:

परन्तु यह कि ऐसे समस्त विषय जिनके संबंध में अध्यक्ष की अनुपस्थिति की अवधि के दौरान विनिश्चय या कार्यवाही की जा चुकी है, जैसे ही वह अपने पद का कार्यभार पुनः ग्रहण करता है, उसके समक्ष सूचना के लिए रखे जायेंगे।

सदस्यों की शक्ति और कर्तव्य

14–अधिनियम और तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों और आयोग के विनिश्चयों के अध्यधीन, कोई सदस्य पदों की विभिन्न श्रेणियों के लिए अभ्यर्थियों के चयन में अध्यक्ष की सहायता करेगा और ऐसे अन्य कर्तव्यों का संपादन करेगा जो उसे अध्यक्ष द्वारा समानुदेशित किये जायं।

सचिव की शक्तियां एवं कर्तव्य

15–(1) सचिव, आयोग के कार्यालय का प्रशासनिक प्रधान होगा और अधिनियम एवं तद्धीन बनाए गए नियमों और आयोग तथा अध्यक्ष के विनिश्चयों के उपबन्धों के अनुसार कृत करेगा,

(2) वह आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारीवर्ग का नियंत्रक अधिकारी होगा और उनके कर्तव्य समनुदेशित करेगा,

(3) ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति, जिनका आयोग नियुक्ति प्राधिकारी है, सचिव द्वारा आयोग के पूर्वानुमोदन से अधिनियम की धारा 28 के अधीन बनाये गये विनियमों के अनुसार की जायेगी,

(4) सचिव निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा–

एक– आयोग के अधिकारियों और अन्य कर्मचारीवर्ग की नियुक्तियों के अभिलेखों का अनुरक्षण करना;

दो–आयोग को अपनी सूचना और सन्दर्भ के लिए शीर्षकवार व्यय की रिपोर्ट का त्रैमासिक प्रस्तुतीकरण;

तीन–आयोग के क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट अध्यक्ष का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात राज्य सरकार को प्रस्तुत करना;

चार–आयोग या अध्यक्ष द्वारा सौपे गये किसी कार्य का निर्वहन करना;

पांच– साक्षात्कार संबंधी समस्त कार्यों को आयोग द्वारा अधिनियम की धारा 28 के अधीन बनाये गये विनियमों के अनुसार करेगा;

छः–चयनित अभ्यर्थियों के नाम और चयन के अभिलेखों का अनुरक्षण।

परीक्षा नियन्त्रक की शक्तियां एवं कर्तव्य

16–(1) परीक्षा नियंत्रक, आयोग की परीक्षाओं के संचालन एवं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन संबंधी समस्त कृत्यों का नियंत्रक प्राधिकारी होगा और आयोग एवं परीक्षा समिति के विनिश्चयों के उपबन्धों के अनुसार कार्य करेगा।

(2) परीक्षा नियंत्रक निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी होगा–

एक–परीक्षा केन्द्रों, केन्द्र अधीक्षकों तथा कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था;

दो–परीक्षार्थियों/अभ्यर्थियों को अनुक्रमांक आवंटन एवं प्रवेश पत्र की व्यवस्था;

तीन–आवेदन पत्र आमन्त्रित करने के लिए विज्ञापन के प्रक्रम से चयनित अभ्यर्थियों का पैनल अग्रसारित करने के प्रक्रम तक पदों की विभिन्न श्रेणियों के लिए अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाहियाँ;

चार–आवेदन पत्रों की समुचित और समय से संवीक्षा।

वित्त नियन्त्रक की शक्तियां एवं कर्तव्य

17—वित्त नियत्रंक, आयोग के विनिश्चयों और अध्यक्ष के विनिश्चय के अनुसार शासकीय नियमों के अधीन लेखा से संबंधित समस्त कर्तव्यों का निर्वहन करेगा तथा सचिव के माध्यम से आयोग को उसकी सूचना और शीर्षकवार व्यय की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण करेगा।

उप सचिव की शक्तियां एवं कर्तव्य

18—उप सचिव, आयोग और अध्यक्ष के विनिश्चयों के अनुसार कार्य करेगा। सचिव की अनुपस्थिति में या सचिव का पद रिक्त होने पर उसके समस्त शक्तियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन परीक्षा नियन्त्रक द्वारा किया जायेगा।

आयोग का कार्यालय समय तथा अवकाश

19—(1) आयोग का कार्यालय समय 10.00 बजे प्रातःकाल से 5.00 बजे सायंकाल तक होगा।

(2) सप्ताह में छः दिन का कार्य दिवस होगा तथा इस सम्बन्ध में शासन द्वारा समय—समय पर जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों से भी आच्छादित होगा।

(3) यदि कार्य के लिए ऐसा करना आवश्यक या समीचीन हो तो अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को कार्यालय समय के पूर्व या पश्चात कार्य करने के लिए कहा जा सकता है।

(4) आयोग के अन्य अवकाश के दिन वही होंगे जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के होंगे।

अध्याय—चार

अर्हता (अध्यापक/अनुदेशक की अर्हताएं)

राष्ट्रीयता

20—अध्यापक या अनुदेशक के पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी, नागरिकता अधिनियम, 1955 (समय—समय पर यथासंशोधित) के अनुसार भारत का नागरिक हो ।

आयु

21—(1) अध्यापक अथवा अनुदेशक के किसी पद पर चयन के लिए अभ्यर्थी की आयु उस कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई को जिसमें यथास्थिति, आयोग द्वारा रिक्तियॉ विज्ञापित की जायें, सम्बन्धित अधिनियमों/सेवानियमावली/विश्वविद्यालय परिनियमावली/राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार होंगी।

(2) उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ऐसे अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाय।

अभ्यर्थियों के लिए शैक्षिक अर्हतायें/ आरक्षण/अधियाचन

22—किसी पद पर चयन के लिए अभ्यर्थियों की अर्हताएं तत्समय प्रवृत्त सुसंगत अधिनियमों/सेवानियमावली/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होंगी। प्राधिकृत अधिकारी, भरे जाने वाले पदों के अधियाचन और आरक्षण पर विनिश्चय करेगा।

चरित्र

23—अध्यापक अथवा अनुदेशक के किसी पद पर चयन के लिए, अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होगा कि वह किसी शैक्षणिक संस्था में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। आयोग इस संबंध में अपना समाधान करेगा।

टिप्पणीः—संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियन्त्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति

24—किसी अध्यापक या अनुदेशक के पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हो या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक जीवित पत्नी होः

परन्तु यह कि राज्य सरकार, किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये पर्याप्त आधार विद्यमान है।

शारीरिक स्वस्थता

25—(1) यथास्थिति किसी अध्यापक या अनुदेशक के पद पर चयन के लिए कोई अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो।

(2) किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से चुने जाने के पूर्व आयोग द्वारा उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह किसी सरकारी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत स्वस्थता का प्रमाण—पत्र प्रस्तुत करे।

बालिका/महिला संस्था में पुरुष अभ्यर्थी की नियुक्ति का प्रतिषेध

26—कोई पुरुष अभ्यर्थी किसी बालिका/महिला संस्था में किसी अध्यापक अथवा अनुदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

अध्याय—5
भर्ती की प्रक्रिया

भर्ती का स्रोत

27—अध्यापकों की विभिन्न श्रेणियों में भर्ती के स्रोत वही होंगे जो सम्बन्धित अधिनियमों/सेवानियमावली/विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित हैं।

रिक्तियों का अवधारण और अधिसूचित किया जाना

28—(1) नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी, सीधी भर्ती के प्रयोजन से अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के अनुसार रिक्तियों की संख्या का अवधारण करेगा और रिक्तियों को, यथास्थिति, निदेशक (उच्च शिक्षा) या निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) या निदेशक (बेसिक शिक्षा) या निदेशक (प्रशिक्षण एवं सेवायोजन) या महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से आयोग को यहां दी गयी रीति से अधिसूचित करेगा।

(2) सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले प्रत्येक श्रेणी के पद के लिए भर्ती के वर्ष के अन्तिम दिनांक को सेवानिवृत्ति के कारण होने वाली सम्भावित रिक्तियों को सम्मिलित करते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रिक्तियों का विवरण भर्ती के वर्ष की 15 जुलाई तक उपनियम (1) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी को भेजा जायेगा और प्राधिकृत अधिकारी अपने कार्यालय के अभिलेखों से सत्यापन करने के पश्चात प्रत्येक श्रेणी के पदों की रिक्तियों के बारे में विषयवार एवं आरक्षण श्रेणीवार रिक्तियों का समेकित विवरण तैयार करेगा। इस प्रकार तैयार किया गया समेकित विवरण प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उसी भर्ती वर्ष के 31 जुलाई तक आयोग को भेजा जायेगाः

परन्तु यह कि यदि राज्य सरकार का समाधान हो जाये कि ऐसा करना समीचीन है तो वह लिखित आदेश द्वारा किसी विशेष भर्ती के वर्ष के संबंध में आयोग को रिक्तियाँ अधिसूचित किये जाने के लिए कोई अन्य दिनांक नियत कर सकती है।

(3) यदि, उप—नियम (2) के अधीन रिक्तियों के अधिसूचित किये जाने के पश्चात अध्यापक अथवा अनुदेशक के किसी पद पर कोई रिक्ति होती है, तो नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी इसके होने के पन्द्रह दिन के भीतर उक्त उपनियम के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी को अधिसूचित करेगा और प्राधिकृत अधिकारी उसे प्राप्त करने के दस दिन के भीतर आयोग को भेज देगा।

(4) जहाँ, भर्ती के किसी वर्ष के लिए नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी, उप नियम (2) में विनिर्दिष्ट दिनांक तक रिक्तियां अधिसूचित नहीं करता या उक्त उपनियम के अनुसार उन्हें अधिसूचित करने में असफल रहता है तो प्राधिकृत अधिकारी अपने कार्यालय के अभिलेख के आधार पर अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के अनुसार ऐसी संस्था में रिक्तियों को अवधारित करेगा और उक्त उपनियम में निर्दिष्ट रीति से और दिनांक तक आयोग को अधिसूचित करेगा।

स्पष्टीकरण—इस उपनियम के अधीन आयोग को अधिसूचित की गई ऐसी रिक्तियां संस्था के नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिसूचित की गयी समझी जायेगी।

(5) अधिसूचित रिक्तियों के पदों को एकल स्थानान्तरण द्वारा नहीं भरा जायेगाः

परन्तु यह कि विशेष परिस्थितियों में यदि एकल स्थानान्तरण आवश्यक हो तो यथा संभव शीघ्र, उक्त प्रक्रिया को आयोग के संज्ञान में लाया जाना आवश्यक होगा और एकल स्थानान्तरण के फलस्वरूप रिक्त पद निदेशक द्वारा अधिसूचित पदों में सम्मिलित माना जायेगा और यह रिक्ति भी उसी चयन प्रक्रिया से आच्छादित रहेगी। चयन प्रक्रिया प्रारम्भ होने के बाद किसी भी दशा में एकल स्थानान्तरण नही किया जायेगा।

रिक्तियों की अधिसूचना तथा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना

29—(1) आयोग, सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों के संबंध में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों और अन्य आरक्षित श्रेणियों जैसा कि सरकारी सेवाओं में समय—समय पर लागू हो, के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को सम्मिलित करते हुए रिक्तियों का विज्ञापन कम से कम दो ऐसे दैनिक समाचार—पत्रों में करेगा, जिनका राज्य में व्यापक प्रचलन हो, और चयन हेतु विचार किये जाने के लिए आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करेगा। ऐसी विज्ञप्ति आयोग अपनी वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करेगा।

(2) यदि तीन वर्ष के अन्दर विज्ञापित पदों के सापेक्ष चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं हो पाती है तो उक्त विज्ञापन आयोग द्वारा निरस्त किया जा सकता है तथा आयोग को पुनः इसे विज्ञापित करने का अधिकार होगा।

(3) अल्पसंख्यक संस्थाओं में अध्यापकों के चयन हेतु विज्ञापन के लिए रिक्तियों की सूचना अलग से प्रकाशित की जायेगी और उनकी चयन प्रक्रिया में, साक्षात्कार बोर्ड में अल्पसंख्यक समुदाय से एक विशेषज्ञ प्रतिनिधि को अतिरिक्त रूप से रखा जायेगा।

चयन की प्रक्रिया

30–(1) आयोग आवेदन पत्रों की संवीक्षा करेगा और अध्यापक अथवा अनुदेशक के पद के सम्बंध में लिखित परीक्षा आयोजित करेगा। लिखित परीक्षा में दो घण्टे के कालावधि का एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र (सामान्य ज्ञान एवं सम्बन्धित वैकल्पिक विषय) होगा। लिखित परीक्षा के लिए पूर्णांक का 90 प्रतिशत अंक तथा 10 प्रतिशत अंक साक्षात्कार के लिए होगा। जहाँ साक्षात्कार नही होगा वहॉ लिखित परीक्षा पूर्णांक का शतप्रतिशत अंक होगा। पूर्णांक का निर्धारण आयोग द्वारा किया जायेगा।

(2) लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए यथासंभव जिला मुख्यालयों पर ही केन्द्रों का निर्धारण किया जायेगा और निरीक्षकों को मानदेय ऐसे दर पर संदत्त किया जायेगा, जैसा आयोग द्वारा नियत किया जाय।

(3) लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्याः 15/24/2018–का0–4–2018, दिनांक 20 नवम्बर, 2018 एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार अवधारित किये जायेंगे।

(4) स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के प्राचार्य पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा के अंक, शैक्षिक प्रदर्शन सूचक (ए0पी0आई0) के अंक एवं साक्षात्कार के अंको को समेकित कर योग्यताक्रमानुसार चयन सूची निर्गत की जायेगी। लिखित परीक्षा हेतु एक वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र (सामान्य ज्ञान एवं प्रशासनिक अभिक्षमता) होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संशोधित मानकों के अधीन ए0पी0आई की गणना की जायेगी।

(5) आयोग, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आयोग द्वारा नियुक्त किये परीक्षक से या कम्प्यूटर द्वारा करायेगा और परीक्षक को मानदेय, आयोग द्वारा नियत किये जाने वाले दर पर संदत्त किया जायेगा।

(6) जहाँ साक्षात्कार लिया जाना आवश्यक है वहाँ साक्षात्कार के लिए 10 प्रतिशत अंक रखे जायेंगे। साक्षात्कार अंक के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त यह होगा कि सामान्य ज्ञान, व्यक्तित्व परीक्षण एवं अभिव्यक्ति की योग्यता के दृष्टिगत साक्षात्कार के अंक दिये जायेंगे।

(7) लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या के 3 से 5 गुने तक जैसा आयोग उचित समझे, होगी, अन्तिम अंक (कटआफ) प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

(8) साक्षात्कार बोर्ड में विषय विशेषज्ञों के परामर्श के आधार पर अंक साक्षात्कार बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा दिया जायेगा।

(9) चयन की निष्पक्षता एवं शुचिता को बनाये रखने के दृष्टिगत चयन प्रक्रिया के अन्तिम परिणाम से पूर्व अभ्यर्थियों के अंक प्रकट नहीं किये जायेंगे।

(10) अध्यापक अथवा अनुदेशक के जिन पदों पर साक्षात्कार लिया जाना आवश्यक है उसमें आयोग लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त हुये अंकों को जोड़कर और जहाँ केवल लिखित परीक्षा होना है उसमें आयोग मात्र लिखित परीक्षा में प्राप्त अकों के आधार पर विज्ञापन के सापेक्ष मेरिट क्रम से जो अभ्यर्थी सर्वाधिक उपयुक्त पाये जायें, उनका एक पैनल तैयार करेगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों की मेरिट समान हो तो ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम लिखित परीक्षा के अंक देखे जायेंगे तथा लिखित परीक्षा के भी अंक समान होने पर साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को देखा जायेगा। दोनों के भी अंक समान होने पर अनिवार्य अर्हता का अधिकतम प्रतिशत/पी0एच0डी0 और जे0आर0एफ0, नेट और पी0एच0डी0, जे0आर0एफ0, नेट, पी0एच0डी0 को देखा जायेगा एवं सभी समान होने पर अन्त में स्नातकोत्तर के प्राप्तांक देखे जायेंगे। यदि लिखित परीक्षा, साक्षात्कार तथा अनिवार्य अर्हता के प्रतिशत अंक समान है तो उस अभ्यर्थी का नाम जो अधिक आयु का हो, उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा।

चयनित अभ्यर्थियों के नामों की सूचना

31–(1) आयोग अधियाचन भेजने वाले प्राधिकृत अधिकारी को, विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष नियम 30 के उपनियम (10) के अनुसार तैयार पैनल अग्रसारित करेगा। प्राधिकृत अधिकारी इसे संस्था आवंटन के पश्चात इस निमित्त प्राधिकृत संस्था के नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी को भेजेंगे। संस्था आवंटन निम्नलिखित रीति से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया जायेगाः–

(क) अधिसूचित रिक्तियों की सूचना विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करके पैनल में अंकित अभ्यर्थियों से आनलाइन पाँच संस्थाओं की अधिमानता ली जायेगी;

(ख) वह अभ्यर्थी जिसका नाम पैनल में शीर्ष पर हो, उसके द्वारा दिये गये प्रथम अधिमानता की संस्था में उसका आबंटन होगा। जहां किसी चयनित अभ्यर्थी को इस आधार पर उसके अधिमान की संस्थायें आबंटित नहीं की जा सकती कि पैनल में उससे उच्चतर स्थान वाले अभ्यर्थियों को पहले ही ऐसी संस्थायें आबंटित की जा चुकी हैं और कि उनमें कोई रिक्ति शेष नहीं है तो प्राधिकृत अधिकारी उसको कोई भी संस्था, जो वह उचित समझे आबंटित कर सकता है।

(2) (क) प्राधिकृत अधिकारी नियम 31 के उपनियम 1 के खण्ड (ख) के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थाओं के नामों सहित सूची नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी को अग्रसारित करेगा।

(ख) नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रेषित संस्तुति की प्राप्ति के एक माह के भीतर अनुपालन करने की सूचना निदेशक को देगा।

(ग) प्राधिकृत प्राधिकारी चयनित अभ्यर्थी का नाम संस्था के नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी को, जिसने रिक्ति को अधिसूचित किया है, ऐसे निर्देश के साथ सूचित करेगा कि नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी के संकल्प के अधीन प्राधिकृत किये जाने पर अभ्यर्थी को नियुक्ति का आदेश रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा जारी किया जाय।

(3) नियुक्ति का आदेश अभ्यर्थी को इस निदेश के साथ प्रेषित किया जायेगा कि वह नियुक्ति प्राधिकारी या प्रबन्धतन्त्र या प्राधिकृत अधिकारी से नियुक्ति के आदेश की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर या ऐसे बढ़ाये गये समय के भीतर जो, रजिस्ट्रीकृत डाक के माध्यम से नियुक्ति के आदेश की प्राप्ति के दिनांक से अनधिक 30 दिन हो, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी या प्रबन्धतन्त्र या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उसे अनुमन्य किया जाय, नियुक्ति प्राधिकारी या प्रबन्धतन्त्र या प्राधिकृत अधिकारी को रिपोर्ट करे और यह भी सूचित किया जायेगा कि विहित समय के भीतर कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहने पर उसकी नियुक्ति रद्द किये जाने हेतु दायी होगी।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा इस निमित्त प्राधिकृत संस्था का अधिकारी, ऐसे नियुक्ति पत्र की एक प्रति रजिस्ट्रीकृत डाक तथा ई मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को भी प्रेषित करेगा।

(5) निदेशक, अनुश्रवण करेगा और सुनिश्चित करेगा कि आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थी संस्था में विनिर्दिष्ट समय में कार्यभार ग्रहण करे और इस प्रयोजन के लिये वह नियुक्ति प्राधिकारी अथवा प्रबन्धतंत्र अथवा प्राधिकृत अधिकारी को ऐसे निर्देश जारी कर सकता है जैसा वह उचित समझे।

(6) जहाँ आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थी त्रुटिपूर्ण अधियाचन या सेवा काल में मृत किसी कर्मचारी के आश्रित की नियुक्ति या माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी आदेश अथवा पद समाप्ति के कारण आवंटित संस्था में पद ग्रहण नहीं कर सका, तो ऐसे अभ्यर्थी के समायोजन के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जायेगा:–

(क) ऐसे चयनित अभ्यर्थी को प्रभार ग्रहण न करने के कारणों का उल्लेख करते हुये अपना अभ्यावेदन निदेशक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा;

(ख) निदेशक अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये अभ्यावेदन पर विस्तृत जाँच करने के पश्चात त्रुटिपूर्ण अधियाचन प्रेषित करने हेतु उत्तरदायी संस्था या नियुक्ति प्राधिकारी के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करेगा और चयनित अभ्यर्थी के समायोजन हेतु अपनी संस्तुति सहित रिपोर्ट आयोग को प्रेषित करेगा;

(ग) निदेशक की रिपोर्ट और संस्तुति के आधार पर, आयोग अविज्ञापित अधियाचन के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थी का समायोजन करेगा और समायोजन के पश्चात चयनित पैनल/सूची सम्बन्धित विभाग के निदेशक को प्रेषित करेगा;

(घ) उपनियम (4) के खण्ड (ग) के अधीन प्रेषित पैनल/सूची के आधार पर, सम्बंधित विभाग के निदेशक अधिनियम की धारा 11 के उपबन्धों के अनुसार चयनित अभ्यर्थी को प्रभार देने हेतु नियुक्ति प्राधिकारी को निदेशित करेंगे।

अध्याय–6

लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं अन्य प्रकीर्ण कार्य

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार

32–(1) लिखित परीक्षा के आधार पर, साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए विहित अंकों में से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक दिया जाना अनिवार्य होगा तथा यथासम्भव 90 प्रतिशत तक अधिकतम अंक दिये जा सकते हैं।

(2) लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से, एक दिन में एक बोर्ड में साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या एवं प्रतिदिन संचालित होने वाले बोर्ड की संख्या परीक्षा समिति द्वारा आवश्यकतानुसार विनिश्चय किया जायेगा।

परीक्षकों और प्राश्निकों (पेपर सेटर्स) इत्यादि की सूची

33–(1) परीक्षा समिति का चेयरमैन प्रत्येक विषय के लिए, परीक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए अर्ह व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगा और इसे आयोग के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा। ऐसी सूची प्रत्येक तीन वर्ष में कम से कम एक बार पुनरीक्षित की जायेगीः

परन्तु यह कि पूर्ववर्ती सूची में सम्मिलित कोई व्यक्ति पुनरीक्षित सूची में सम्मिलित किये जाने के लिए अर्ह होगा।

(2) उपधारा–1 में निर्दिष्ट सूची में, यथासम्भव, उसमें सम्मिलित व्यक्तियों के बारे में उनकी शैक्षिक अर्हताओं, उपाधि और स्नातकोत्तर स्तर पर अध्यापन का अनुभव या वृत्तिक अनुभव से संबंधित सूचना अन्तर्विष्ट होगी और आयोग द्वारा संचालित ऐसी पूर्व परीक्षाओं का विवरण अन्तर्विष्ट होगा जिसमें उन्होंने परीक्षक के रूप में कार्य किया हो।

(3) परीक्षा समिति का चेयरमैन आयोग के पूर्व अनुमोदन से, उपधारा 1 में निर्दिष्ट सूची में सम्मिलित व्यक्तियों में से प्राश्निकों और अनुसीमकों की नियुक्ति करेगा।

(4) ऐसी नियुक्तियां करने में, प्रत्येक तरह से यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जायेगी कि ऐसा कोई व्यक्ति इस प्रकार नियुक्त न कर दिया जाये जो किसी विश्वविद्यालय, सरकार या शासी निकाय द्वारा अवचार का दोषी पाया गया हो या जिसके विरुद्ध अवचार के अभिकथन पर कोई जाँच या अनवेषण लंबित हो, या जिसकी सत्यनिष्ठा सन्देहपूर्ण हो। कोई व्यक्ति, जिसका कार्य प्रधान परीक्षक, प्राश्निकों या मूल्यांकनकर्ता के रूप में आयोग द्वारा असन्तोषजनक पाया जाय, उक्त प्रयोजन के लिए पुनः नियुक्त नहीं किया जायेगा।

प्रश्न–पत्र को तैयार, अनुसीमन एवं मुद्रण करना

34–(1) प्रत्येक प्रश्न–पत्र तीन भिन्न–भिन्न प्राश्निकों द्वारा जो एक ही स्थान से सम्बंधित नहीं होंगे, तैयार किया जायेगा।

(2) प्राश्निकों से प्राप्त मुहरबन्द प्रश्न–पत्र परीक्षा समिति के चेयरमैन की अभिरक्षा में रखे जायेंगे।

(3) तीनों प्राश्निकों से प्राप्त प्रश्न–पत्रों के अन्तर्विष्ट मुहरबन्द लिफाफे को रसीद के साथ परीक्षा समिति के चेयरमैन द्वारा सम्बंधित अनुसीमकों को सौंप दिया जायेगा।

(4) अनुसीमक समस्त तीन प्रश्न–पत्रों का अनुसीमन करेगा, आवरण पर बिना कोई पहचान चिह्न बनाये अपनी मुहर लगाकर उसको अलग–अलग आवरण में रखेगा और उन्हें रसीद के साथ परीक्षा समिति के चेयरमैन को सौंप देगा।

(5) परीक्षा समिति का चेयरमैन किसी विषय के किन्हीं भी दो अनुसीमित प्रश्न–पत्र को मुहरबन्द आवरण खोले बिना चुनेगा और उसे उसी रूप में मुद्रणालय को भेज देगा, जो प्रश्न–पत्रों का मुद्रण करने, जिसमें प्रूफ रीडिंग सम्मिलित है, और परीक्षा समिति द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार, समस्त परीक्षा केन्द्रों के लिये प्रश्न–पत्रों का पैकेट अपनी मुहर लगाकर तैयार करने के लिये उत्तरदायी होगा।

(6) मुद्रणालय तथा चेयरमैन प्रश्न–पत्रों की गोपनीयता बनाये रखने के लिये, उत्तरदायी होगा और परीक्षा समिति का चेयरमैन ऐसी गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निदेशों को जारी करेगा और आवश्यक सावधानी बरतेगा।

ओ0एम0आर0 शीट की मुद्रण एवं उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन

35–(1) आफलाइन परीक्षा संचालित करने के आयोग के विनिश्चय पर ओ0एम0आर0 शीटों का मुद्रण एवं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर पृथक रूप से किसी प्रतिष्ठित अभिकरण द्वारा कराया जायेगा। ऐसे अभिकरण की नियुक्ति करते समय इस बात की विशेष सावधानी रखी जायेगी कि उक्त अभिकरण रजिस्ट्रीकृत हो तथा उसकी ख्याति अच्छी हो और उसके विरुद्ध किसी भी राज्य में कोई प्रतिकूल तथ्य न पाया गया हो।

(2) उक्त अभिकरण की नियुक्ति परीक्षा समिति के ज्येष्ठतम सदस्य (चेयरमैन से भिन्न) द्वारा की जायेगी जो ज्येष्ठतम सदस्य द्वारा दिये गये समस्त निदेशों का अनुपालन करने के लिए बाध्य होगी तथा उस कार्य की गोपनीयता से सम्बंधित समस्त उत्तरदायित्व संस्था एवं ज्येष्ठतम सदस्य की होगी।

(3) ओ0एम0आर0 शीटों का मुद्रण, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं अन्य कार्य उपरोक्त नियुक्त किये गये संगठन द्वारा किया जायेगा तथा सम्बंधित प्रपत्र मुहर बन्द लिफाफे में परीक्षा समिति के ज्येष्ठतम सदस्य को संगठन द्वारा प्रदान कराया जायेगा।

(4) आयोग जिन परीक्षाओं को आनलाइन कराने का विनिश्चय करता है उस सम्बंध में अपनी प्रक्रिया निर्धारित करके अवधारित करने के लिए स्वतंत्र होगा।

पक्ष समर्थन

36–किसी पद पर लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न, किन्हीं सिफारिशों पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से स्वयं के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

शुल्क

37–(1) प्रत्येक अभ्यर्थी, आयोग को ऐसे परीक्षा शुल्क का भुगतान करेगा जैसा कि आयोग द्वारा राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) परीक्षा शुल्क ऑनलाइन अथवा आयोग के सचिव को देय रेखांकित पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट द्वारा देय होगी, या जैसा आयोग द्वारा सविस्तार वर्णित किया जाय।

परीक्षा संचालन

38–(1) परीक्षाओं के संचालन के लिए समस्त प्रबन्ध ऐसे निदेशों के अनुसार किये जायेंगे जो आयोग द्वारा इस निमित्त जारी किये जायें।

(2) आयोग ऐसी परीक्षाओं के समुचित और समय से संचालन तथा उसकी गोपनीयता को बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) परीक्षाओं से सम्बन्धित समस्त संविदायें लिखित रूप से होंगी और समस्त दस्तावेज और परीक्षाओं से सम्बंधित अभिलेख परीक्षा नियंत्रक की वैयक्तिक अभिरक्षा में रखे जायेंगे।

आज्ञा से,

एम0 पी0 अग्रवाल,

प्रमुख सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 3118/LXX-5–2023-25-2019 T.C.-18, dated December 13, 2023;

No. 3118/LXX-5–2023-25-2019 T.C.-18

Dated Lucknow, December 13, 2023

In exercise of the powers under section 27 of the Uttar Pradesh Education Service Selection Commission Act, 2023 (U.P. Act no.15 of 2023), the Governor is pleased to make the following rules with a view to select able and worthy teachers/trainers while ensuring the quality of selection, impartiality and transparency and to establish an unambiguous set of guidelines that delineate the scope, powers, functions and procedures to be followed by the Commission to discharge its statutory obligations.

THE UTTAR PRADESH EDUCATION SERVICE SELECTION COMMISSION RULES, 2023

Chapter – I
Preliminary

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Education Service Selection Commission Rules, 2023.

(2) They shall come into force with effect from the date of their publication in the *Gazette*.

Definitions

2. (1) In these rules, unless there is anything repugnant to the subject or context,-

(a) "**Act**" means the Uttar Pradesh Education Service Selection Commission Act, 2023(U.P. Act no.15 of 2023);

(b) "**Committee**" means a committee constituted by the Commission or the Chairperson from amongst its Members;

(c) "**Examination**" means the examination conducted for the selection of a teacher or instructor;

(d) "**Interview**" includes viva-voce or personality test;

(e) "**Officer**" means an officer of the Commission and includes the Secretary, Controller of Examinations, Finance Controller and Deputy Secretary;

(f) "**Secretary**" means the Secretary of the Commission;

(g) "**Section**" means a section of the Act;

(h) "**Senior-most Member**" means the member with the maximum aggregate duration of service as a member of the Commission. In cases where two or more members have commenced their roles within the Commission on the same date, age shall stand as the decisive criterion for the determination of seniority.

(i) "**Substantive Appointment**" means an appointment to a post of a teacher or instructor not being an ad hoc appointment, made in accordance with the provisions of the Act and the rules made thereunder;

(j) "**Vacancy**" means a vacancy resulting from the death, retirement, resignation, termination, dismissal, or removal of a teacher or instructor or the creation of a new post or substantive promotion or appointment of an official to a higher post;

(2) Words and expressions used herein and not defined but defined in the Uttar Pradesh State Universities, Act, 1973, (U.P. Act no.10 of 1973), the Intermediate Education Act, 1921, (U.P. Act no.20 of 1921), the Uttar Pradesh Basic Education Act, 1972, (U.P. Act no.34 of 1972), the Building and Other Construction Workers (Regulation of Employment and Conditions of Service) Act, 1996, (Act no.27 of 1996) or the Uttar Pradesh Education Service Selection Commission Act, 2023, (U.P. Act no.15 of 2023), the Uttar Pradesh Government Industrial Training Institutes (Instructors and Foreman Instructors) Service Rules, 2021 shall have the same meanings as respectively assigned to them in the said Acts and rules.

Chapter – II

Constitution of the Commission and Staff of the Commission

Selection Criteria and Procedure

3. (1) There shall be a Search Committee for the selection of Members and Chairperson of the Commission which shall consist of the following members:-

(a) Chief Secretary, Government of Uttar Pradesh – **Chairperson**

(b) Additional Chief / Principal Secretary Department of Appointment and Personnel, Government of Uttar Pradesh – Member

(c) Additional Chief / Principal Secretary, Department of Basic Education, Government of Uttar Pradesh – Member

(d) Additional Chief / Principal Secretary, Department of Secondary Education, Government of Uttar Pradesh – Member

(e) Additional Chief / Principal Secretary, Department of Higher Education, Government of Uttar Pradesh – Member Secretary

(2) The said Search Committee: -

(a) shall prepare a list for selection to the post of Chairperson and Members. The application form of the concerned candidates, in accordance with the qualifications mentioned in section 4 of the Act, shall be invited online/offline within 25 days from the date of advertisement;

(b) shall conduct a detailed examination of the applications/ bio-data received regarding the vacancies for the post of Chairperson/Members, particularly in respect of their educational qualifications, administrative experience, notable work done by them in the field of education, and details of the credentials, competence, and integrity of the said candidates;

(c) shall verify the records pertaining to the qualifications and background of the candidates through the concerned institutions, and the records pertaining to the same shall be placed on record;

(d) shall recommend, after the examination of the bio-data of the candidates, the names of 5 candidates, as far as possible, for the post of Chairperson of the Commission and 3 times, as far as possible, the total number of vacancies to be filled for the post of Member, but if any name is objected to by 2 Members of the Search Committee, the name of the concerned candidate will not be included in the shortlist.

(3) As per the recommendation of the Search Committee for selection/appointment to the post of Chairperson/Member, the list of shortlisted candidates shall be presented to the Hon'ble Chief Minister for approval.

(4) Under section 3 of the Act the following procedure shall be adopted for character and antecedent verification of the proposed names before the approval of the Hon'ble Chief Minister:-

(a) on selection of serving officers of the Government of India / State Government / other States, No Objection Certificate and Vigilance Check / No Departmental Proceedings Certificate will be obtained from their respective department;

(b) before giving appointment to persons of the Government of India / State Government / other States who have retired, information about their antecedents shall be obtained from the concerned department or other sources, as deemed appropriate;

(c) in case of academicians from educational institutions of the State or outside the State, their character and antecedents verification report shall be obtained from the Superintendent of Police of the district concerned to their native place as well as the present place of residence, which shall be countersigned by the District Magistrate of the concerned district;

(d) in case of non-official persons from State or outside the State, their character and antecedents verification report shall be obtained from the Superintendent of Police of the district concerned to their native place of residence and of the present place of residence, which shall be countersigned by the District Magistrate of the concerned district.

(5) The appointment orders of the Chairperson and Members shall be issued only if the reports regarding the character and antecedents, issued in accordance with the above procedures, are found to be satisfactory.

Disqualification

4. A person shall be ineligible to be appointed or to continue as Chairperson or a Member, if he:-

(a) is adjudged insolvent by a Court of law; or

(b) engages, during his term of office, in any paid employment outside the duties of his office; or

(c) is, in the opinion of the State Government, unfit to continue in office by reason of infirmity of mind or body or of proved misconduct; or

(d) has been convicted of any offence involving moral turpitude or financial embezzlement;

(e) is a Member of Parliament or a State Legislature; or

(f) is not a citizen of India, or has voluntarily or otherwise acquired the citizenship of, or professes allegiance or adherence to, a foreign State.

Investigation of Misconduct

5. The procedure for investigation and proving misconduct for a Chairperson or a Member, as referred to in sub-section (2) of section 6 of the Act, shall be as follows:-

(1) Where, on a complaint or otherwise, the State Government is satisfied, whether after conducting a preliminary inquiry or otherwise, that a *prima facie* case of misconduct exists, it shall give the concerned Chairperson or Member an option either to resign from the office unconditionally or to face investigation.

(2) If no unconditional resignation is received within fifteen days from the date of grant of such option, the State Government may appoint an Inquiry Officer who shall be a sitting or retired Judge of the High Court or such person who is eligible to be appointed as a Judge of the High Court.

(3) The Inquiry Officer shall, after giving a reasonable opportunity of being heard to the concerned Member or the Chairperson and after taking such evidence as he may deem necessary, submit his findings to the State Government within 15 days of the completion of the inquiry. No important work shall be allotted to the concerned Member or Chairperson during the investigation.

(4) In conducting such inquiry, the Inquiry Officer shall be guided by the rules of inquiry and the principles of natural justice and shall not be bound by formal rules relating to the procedure of inquiry.

(5) The provisions of the Uttar Pradesh Departmental Inquiries (Enforcement of Attendance of Witnesses and Production of Documents) Act, 1976 (U.P. Act no. 4 of 1976) shall apply to such inquiries.

(6) If, for any reason during the course of the trial, the Inquiry Officer is changed, it shall not be necessary for the new Inquiry Officer to start the inquiry afresh, and the inquiry may be continued from the stage at which the Inquiry Officer is changed.

(7) Subject to the provisions of these rules, the Inquiry Officer shall have the power to regulate the procedure of the inquiry, including the fixing of the place and time of its meeting and to decide whether the inquiry should be held in public or *in-camera*.

Officers and Staff

6. (1) In the Commission, a Secretary, who is an IAS/PCS officer not below the rank of Special Secretary, one Controller of Examinations (equivalent to, at or above Grade Pay 7600 Pay Level 12), one Finance Controller (equivalent to, at or above Grade Pay 8700 Pay Level 13), one Law Officer of the Judicial Service (equivalent to, at or above Grade Pay 7600 Pay Level 12), one Finance & Accounts Officer (equivalent to, at or above Grade Pay 5400 Pay Level 10), one outsourced Computer & I.T. Coordinator, and four Deputy Secretaries (equivalent to, at or above Grade Pay 6600 Pay Level 11), shall be appointed by the State Government on deputation for a period not exceeding three years and shall have such other conditions of service as the State Government may, by order, determine. On the recommendation of the Commission, the State Government can increase or decrease the said posts and pay scales.

(2) The services of every full-time employee of the Uttar Pradesh Higher Education Service Commission and the Uttar Pradesh Secondary Education Service Selection Board shall stand transferred to the Commission. Salary, other allowances, selection Pay Scale and promotions, pension, gratuity, family pension, all types of leave, earned leave, medical leave, medical facilities and benefits etc., leave encashment bonus, Leave Travel Concession (L.T.C.), etc., the age of retirement and all other rules of retirement as are enforced by the Government for the employees of the State Government or as may be issued by the State Government from time to time, shall also be applicable to the employees of the Commission. Similar to Government servants, all the facilities of advance for construction/repair of buildings, purchase of vehicles, etc., will also be payable to the employees of the Commission.

(3) The Commission will utilize the transferred serving personnel as necessary.

Leave

7. (1) The Chairman and Members of the Commission shall be entitled to leave as is admissible to the Chairman and Members of the Uttar Pradesh Public Service Commission.

(2) The officers and staff of the Commission shall be entitled to leave as permitted by the State Government.

Chapter – III

Procedure of Conduct of Business of the Commission

Meetings

8. (1) Unless otherwise decided by the Commission, the meetings of the Commission shall ordinarily be held on every Tuesday and, if it is not a working day, on the working day immediately following Tuesday. However, the Chairperson may, at any time, convene an extraordinary meeting of the Commission if the need arises or if at least two Members submit a requisition in writing for the same to him. The Secretary shall give advance notice of at least twenty-four hours to the Members for the extraordinary meeting.

(2) The date and time of each meeting shall be communicated by the Secretary after obtaining the prior approval of the Chairperson.

(3) The Secretary shall prepare the agenda of the meeting and get the same approved by the Chairperson and shall forward the same to each Member along with the notice of meeting.

(4) The quorum for any meeting of the Commission shall be one-half of the total Members at that time:

Provided that no quorum shall be required for a meeting adjourned for want of quorum.

(5) The Chairman and, in his absence, the senior-most Member present shall preside over the meeting of the Commission. The seniority of a Member of the Commission shall be determined in accordance with the order of seniority of the appointment order issued by the State Government. If two or more members share the same joining date, they will be placed higher in seniority as per the order of seniority of the appointment order issued by the State Government.

(6) As far as possible, the decision taken in the meeting shall be unanimous. In the event of a difference of opinion, the decisions of the Commission shall be taken by a majority of the members present at any meeting. In case of equality of votes, the Chairman shall have the right to a casting vote, which shall be in addition to his usual vote. The dissenting Member may record his dissent note, which shall form part of the proceedings of the meeting but which shall not be sent to the State Government or any other person or authority.

(7) When the Chairperson is absent on account of leave or is unable to attend a meeting of the Commission, the senior-most Member shall preside over the meeting and perform the functions of the Chairperson:

Provided that the list of cases on which decisions have been arrived at and those in respect of which action has been taken during the absence of the Chairman shall be placed before the Chairman immediately on his return from leave, or on resuming duty, as the case may be.

(8) In case of vacancy in the office of the Chairperson, the senior-most Member of the Commission shall discharge the day-to-day functions of the Commission.

(9) The Chairperson shall have the right to adjourn or cancel a pre-scheduled meeting of the Commission due to some unavoidable reasons.

(10) If the Chairperson is of the opinion that the work to be done by the Commission is excessive and a meeting of the Commission cannot be convened conveniently, the opinion of the members may be sought by circulating the matter in the form of a proposal. If the opinion is not received from any member within the time specified by the Chairperson, such Member shall be deemed to have agreed to the proposal.

Procedure for Allocation of Business and Constitution of Committees

9. (1) (a) The Commission shall, from time to time, allocate work among its members through a Business Allocation Committee. The Chairperson may, in cases of urgency, allocate any work to a member and obtain the approval of the Commission in its next meeting.

(b) The Commission may, for the convenient and expeditious conduct of its business, constitute a committee or committees and may authorize a member for the performance of a specific function or for the conduct of a specific business.

(2) The work allocation made under clause (a) of sub-rule (1) may be amended, changed, or modified, as and when deemed necessary.

(3) The senior-most Member of the Commission shall be the Convener of the Committee.

(4) Notwithstanding matters in which the Commission has otherwise directed, the decisions of the Committee in other matters shall be subject to the approval of the Commission.

Powers and Duties of Exam Committee

10. (1) The examinations conducted by the Commission shall be handled by the Examination Committee. The Examination Committee shall consist of the Chairperson of the Commission, senior-most Member, Secretary, Controller of Examination, and Deputy Secretary of the Commission. The Chairperson of the Commission will be the Chairman of the Examination Committee.

(2) Subject to the provisions of the Act and these rules, the Examination Committee shall perform such duties and functions as may be assigned to it under the rules or orders relating to the competitive examinations conducted by the Commission.

(3) The Chairman of the Examination Committee shall be responsible for the proper and timely conduct of examinations and for maintaining secrecy thereof.

(4) Unless otherwise prescribed, all contracts relating to such examinations shall be in writing, and all documents and examination records shall be authenticated by the Secretary/Controller of Examinations on behalf of the Commission but shall be issued under the orders of the Chairman. All such records shall be kept under the personal custody of the Secretary / Controller of Examinations on the instructions of the Chairman.

(5) All arrangements for the conduct of such examinations shall be made by the Examination Committee in consultation with the Commission and in accordance with such directions as may be issued by the Commission in this behalf.

Constitution of Interview Board

11. (1) The Commission shall constitute separate Interview Boards for different posts or categories of posts for which interviews are to be held and may constitute more than one Interview Board where the number of candidates for a particular post is large.

(2) Whenever more than one Interview Board is constituted, it may change the composition of such Interview Board, by rotation, as often as it deems appropriate.

(3) An Interview Board shall consist of at least one Member and two experts, but the Commission may include more than one Member or more than two experts in an Interview Board if it deems it necessary to do so. While constituting the Interview Board for the selection of teachers for minority institutions, a procedure to ensure expert representation from the minority community shall be given:

Provided that where an expert invited for selection has expressed his inability or has otherwise failed to turn up, and there is not sufficient time to invite any other expert from the panel, the Secretary may, with the approval of the Chairperson, invite any other available expert having the qualifications prescribed by the Commission.

(4) The Interview schedule shall be fixed by the Commission.

(5) The candidates shall be informed of the interview 10 days in advance through online intimation on the Commission's website/e-mail/SMS and through a release in newspapers.

(6) If any member is unable to attend the Interview Board, the Chairperson may authorize any other member to conduct the interview in his place, and this fact shall not invalidate the proceedings of such Interview Board and the selections made by it.

(7) The senior-most Member present on the Interview Board shall chair the Interview Board. The proceedings of the Interview Board shall be placed before the Commission for approval as soon as possible, after which a recommendation shall be issued. Such approval may be obtained by circulation at a meeting of the Commission.

Panel of Experts

12. (1) The panel of subject-wise experts for the Interview Board shall be prepared by the Commission in accordance with the prescribed procedure from amongst persons who are or have been:

(i) members of the State Education Service;

(ii) Professor, Associate Professor, or Assistant Professor of a University established by law in the State of Uttar Pradesh, but in the case of an Associate Professor and Assistant Professor, he shall have an experience of not less than ten years as such;

(iii) Principal of aided undergraduate or aided postgraduate colleges recognized by or affiliated to a University established by law in the State of Uttar Pradesh;

(iv) Assistant Professor or Lecturer of an aided graduate or aided postgraduate college recognized by or affiliated to a University established by law in the State of Uttar Pradesh, having not less than ten years of experience as such;

(v) Principal of Government undergraduate or aided postgraduate colleges;

(vi) Assistant Professor or Lecturer of a Government undergraduate or postgraduate college, having not less than ten years of experience as such;

(vii) Principal of Government Intermediate College (for interview of Lecturer and Assistant Teacher of Intermediate College or High School);

(viii) Principal Category-1 of Government Industrial Training Institute, under the Department of Vocational Education, Skill Development and Entrepreneurship, with at least 10 years of experience, or Joint Director (Trainee/Apprentice) or Additional Director (Trainee/Apprentice).

(2) The selection of experts from the panel of experts prepared under sub-rule (1) shall be done by the Chairperson.

(3) The panel of experts shall be a secret document and shall be kept in safe custody in a sealed cover by the Secretary or by any other Gazetted Officer under his specific direction or order and shall be produced on the written request of the Chairperson.

(4) The panel of experts constituted under of sub-rule (1) shall, as far as possible, be revised once every three years.

(5) An expert appearing in an Interview Board shall be paid remuneration, at such rate not exceeding the rate prescribed by the Uttar Pradesh Public Service Commission, as may be determined by the Commission from time to time, and travelling allowance in accordance with the Government Order issued by the State Government at that time. Under special circumstances, experts from outside Uttar Pradesh shall be given admissible airfare with the approval of the Chairperson.

Power and Duties of Chairperson

13. (1) Subject to the provisions of the Act, the Chairperson shall exercise the administrative, disciplinary and financial powers of the Commission, and shall:-

(a) preside over all meetings of the Committees of which he is a member;

(b) coordinate the working of the Commission and its members;

(c) be the controlling officer of the members for the purposes of sanctioning casual leave and passing of travelling allowance bills;

(d) have the power to supervise the working of the officers and staff of the Commission.

(2) If the Chairperson is unable to discharge his duties on account of his absence or for any other reason, he may, by general or special order, authorize any member to discharge such duties:

Provided that all such matters with respect to which a decision or action has been taken during the period of the Chairperson's absence shall be placed before him for information as soon as he resumes the charge of his office.

Power and Duties of Members

14. Subject to the provisions of the Act and the rules made there under and the decisions of the Commission, a Member shall assist the Chairperson in the selection of candidates for the various categories of posts and shall perform such other duties as may be assigned to him by the Chairperson.

Powers and Duties of Secretary

15. (1) The Secretary shall be the administrative head of the Commission and shall act in accordance with the provisions of the Act and the rules made there under and the decisions of the Commission and the Chairperson.

(2) He shall be the controlling officer of the officers and staff of the Commission and shall assign their duties.

(3) The appointment of such employees of whom the Commission is the appointing authority, shall be done by the Secretary with the prior approval of the Commission in accordance with regulations framed under section 28 of the Act.

(4) The Secretary shall be responsible for:-

(i) the maintenance of records of appointments of officers and other staff of the Commission;

(ii) the quarterly submission of the head-wise report of expenditure to the Commission for its information and reference;

(iii) the submission of annual report of the activities of the Commission to the State Government after obtaining the approval of the Chairperson;

(iv) the discharge of any work assigned by the Commission or the Chairperson;

(v) the discharge of all work relating to interviews in accordance with the regulations formed under section 28 of the Act by the Commission;

(vi) the maintenance of record of names of selected candidates and selection records;

Powers and Duties of the Controller of Examinations

16. (1) The Controller of Examinations shall be the controlling authority for all functions relating to the conduct of examinations and evaluation of answer sheets of the Commission and shall act in accordance with the provisions of the Commission and the Examination Committee's decisions.

(2) He shall also be responsible for:-

(i) provision of examination centers, center superintendents, and room invigilators;

(ii) allotment of Roll Numbers and provision of Admit Cards to the examinees/candidates;

(iii) proceedings of selection of candidates for various categories of posts from the stage of advertisement for inviting applications to the stage of forwarding the panel of selected candidates;

(iv) proper and timely scrutiny of application forms.

Powers and Duties of the Controller of Finance

17. The Controller of Finance shall, in accordance with the decisions of the Commission and the Chairperson's decision, perform all duties relating to accounts under the government rules and shall, through the Secretary, furnish to the Commission his information and report on head-wise expenditure.

Powers and Duties of the Deputy Secretary

18. The Deputy Secretary shall act in accordance with the decisions of the Commission and the Chairperson. In the absence of the Secretary or when the office of the Secretary becomes vacant, all his powers and duties shall be discharged by the Controller of Examinations.

Office Hours and Holidays of Commission

19. (1) The office hours of the Commission will from 10.00 AM to 5.00 PM.

(2) The working week shall be a six-day working week and shall also be covered by the guidelines issued by the Government from time to time in this regard.

(3) Officers and other employees of the Commission may be asked to work before or after office hours if it is necessary and expedient to do so.

(4) Other holidays of the Commission will be the same as those of the Uttar Pradesh Public Service Commission.

Chapter – IV

Qualification (Qualifications of Teacher/Instructor)

Nationality

20. For direct recruitment to a post of teacher or instructor, it shall be necessary that the candidate must be:

(i) a citizen of India; or

(ii) a Tibetan refugee who came over to India before the 1st day of January, 1962 with the intention of permanently settling in India; or

Provided that for the consultants already engaged with the Commission for Administration, IT and Accounts related works, the duration of the deployment and emoluments shall be governed as per the terms and conditions of their contract.

8. Retired Government Employees–

(1) The Commission may engage retired Government employees, retired employees of PSUs related to power sector, or retired officers of Electricity Regulatory Commissions as consultant(s) who have subject knowledge and relevant experience.

(2) Consolidated fee for engagement shall be as per the Governing order(s) of the Commission or as per the extant policy of the State Government for reappointment.

9. Professional Experts–

(1) The Commission, on being satisfied for the need, may decide to engage consultant(s) where a highly specialized consultation is required on any existing or new or evolving subject.

(2) The Chairperson shall constitute the CEC comprising the Secretary, Senior Finance & Accounts Officer/ Account Officer, and an appropriate Officer of the rank of Director as nominated by the Chairperson.

(3) The CEC shall formalize the proposal and prepare a list of professionals having the requisite expertise in the field, willingness to accept consultancy work and the fee demanded by each of them.

(4) The Commission may approve the name of the professional expert for engagement as consultant on payment of such fee and on such other terms as may be considered appropriate:

Provided that the fee so decided shall not exceed Rs. Ten lakhs for an individual professional expert for a specific assignment. The fee may be revised by the Commission through an order.

10. Conflict of Interest–

Consultants shall not be engaged for any assignment that would be in conflict with their prior or current obligations to other clients or that may place them in a position of not being able to carry out the assignments objectively and impartially.

11. Power to Relax–

The Commission may, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these regulations.

12. General Power to Amend–

The Commission may, at any time and on such terms as it may deem fit, amend any of these regulations for the purpose of meeting the objectives with which these regulations have been framed.

13. Repeal and Saving–

(1) Save as otherwise provided in these regulations the Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission (Appointment of Consultants) Regulations, 2000 and its amendments shall stand repealed from the date of notification of these regulations.

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or purported to have been done under the repealed regulations shall be deemed to have been done or purported to have been done under these regulations.

By the order of Commission,
SHAILENDRA GAUR,
Sachiv.

ANNEXURE-1

A. Maximum consolidated fee for Individual Consultants:

1. Specialist Consultant: ₹ 1,50,000/- per month (excluding tax/cess, if applicable)
2. Senior Specialist Consultant: ₹ 2,50,000/- per month (excluding tax/cess, if applicable)

B. In deserving cases, an additional fee not exceeding 10% of the fees indicated above may be granted at the time of initial engagement on the basis of the recommendations of the CEC and after approval by the Chairperson.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 797 राजपत्र–2023–(2276)–588 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 9 सा0 ऊर्जा–2023–(2277)–600 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी0/ऑफसेट)।

क्रम-संख्या–119

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल० डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 13 जुलाई, 2023

आषाढ़ 22, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग–1

संख्या 267 / 27-1–2023–50-85
लखनऊ, 13 जुलाई, 2023

अधिसूचना

प्रकीर्ण

सा०प०नि०–27

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश अभियन्ता सेवा (सिंचाई विभाग) (समूह ''क'') नियमावली, 1990 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं:–

उत्तर प्रदेश अभियन्ता सेवा (सिंचाई विभाग) (समूह ''क'') (षष्टम संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश अभियन्ता सेवा (सिंचाई विभाग) (समूह''क'') (षष्टम संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम–5 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश अभियन्ता सेवा (सिंचाई विभाग) (समूह ''क'') नियमावली, 1990 में, नियम–5 में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान उपनियम (तीन) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक **विद्यमान उपनियम**	स्तम्भ–दो **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम**
5 (तीन) मुख्य अभियन्ता, सिविल या यांत्रिक–स्तर–दो :–	5 (तीन) मुख्य अभियन्ता, सिविल या यांत्रिक–स्तर–दो :–
यथास्थिति, सिविल या यांत्रिक शाखा में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अधीक्षण	यथास्थिति, सिविल या यांत्रिक शाखा में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अधीक्षण

स्तम्भ–एक **विद्यमान उपनियम**	स्तम्भ–दो **एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम**
अभियन्ताओं, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को पच्चीस वर्ष की सेवा (जिसमें अधीक्षण अभियन्ता के रूप में कम से कम एक वर्ष की सेवा भी सम्मिलित हो) पूरी कर ली हो, में से पदोन्नति द्वारा;	अभियन्ताओं, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को बाईस वर्ष की सेवा (जिसमें अधीक्षण अभियन्ता के रूप में कम से कम एक वर्ष की सेवा भी सम्मिलित हो) पूरी कर ली हो, में से पदोन्नति द्वारा;

आज्ञा से
अनिल गर्ग,
प्रमुख सचिव।

———

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 267 /XXVII-1-2023-50/85, dated, July13, 2023:

No. 267/XXVII-1–2023-50-85

Dated Lucknow, July 13, 2023

IN exercise of the power conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules with a view to amending the Uttar Pradesh Service of Engineers (Irrigation Department) (Group "A") Rules, 1990:

THE UTTAR PRADESH SERVICE OF ENGINEERS (IRRIGATION DEPARTMENT) (GROUP "A") (SIXTH AMENDMENT) RULES, 2023

Short title and Commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Service of Engineers (Irrigation Department)(Group "A") (Sixth Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall come into force at once.

Amendment of Rule 5

2. In the Uttar Pradesh Service of Engineers (Irrigation Department) (Group "A") Rules, 1990, in rule 5, for existing sub-rule (iii) set out in Column-I below, the sub-rule as set out in Column-II shall be *substituted*, namely:-

COLUMN-I *Existing sub-rule*	COLUMN -II *Sub-rule as hereby substituted*
5 (iii) Chief Engineer, Civil or Mechanical- Level II - By promotion from amongst the substantively appointed Superintending Engineers in the Civil or Mechanical Branch, as the case may be, who have completed **twenty-five** years' service (including at least one year's service as Superintending Engineer) on the first day of the year of recruitment;	**5 (iii) Chief Engineer, Civil or Mechanical- Level II -** By promotion from amongst the substantively appointed Superintending Engineers in the Civil or Mechanical Branch, as the case may be, who have completed **twenty-two** years' service (including at least one year's service as Superintending Engineer) on the first day of the year of recruitment;

By order,
ANIL GARG,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 442 राजपत्र–2023–(1439)–599 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 1 सा0 सिंचाई एवं जल संसाधन–2023–(1440)–100 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

क्रम-संख्या–217

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०–डब्लू०/एन०पी०–91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (क)
(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 दिसम्बर, 2023
पौष 7, 1945 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–2

संख्या 3363/81-2–2023-165जी-2017
लखनऊ, 28 दिसम्बर, 2023

अधिसूचना

सा0प0नि0–50

साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित भारतीय वन अधिनियम, 1927 (अधिनियम संख्या 16 सन् 1927) की धारा 51क के खण्ड (क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आरामिल की स्थापना और विनियमन नियमावली, 1978 को संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती है।

उत्तर प्रदेश आरामिल की स्थापना और विनियमन (सप्तम संशोधन) नियमावली, 2023

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश आरामिल की स्थापना और विनियमन (सप्तम संशोधन) नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा।

(3) यह सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नया नियम 16 का बढ़ाया जाना

2–उत्तर प्रदेश आरामिल की स्थापना एवं विनियमन नियमावली, 1978 में, नियम 15 के पश्चात् निम्नलिखित नया नियम 16 बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात :–

नियमावली की प्रयोज्यता

16. इस नियमावली की कोई बात घरेलू बढ़ईगीरी, लकड़ी के खिलौने बनाने वाली इकाई, काष्ठ हस्तकला बनाने की इकाई, जलौनी लकड़ी के डिपो, लकड़ी के बुरादे का उपयोग करने वाली इकाईयों के सामान्य प्रचालन या लघु पैमाने पर अन्य समरूप प्रचालनों, जिसके पास गोल प्रकाष्ठ के चिरान, संपरिवर्तन, कटान एवं प्रसंस्करण की सुविधा नहीं है, पर लागू नहीं होगी।

आज्ञा से,
मनोज सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

THE Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 3363/LXXXI-2–2023-165G-2017, dated December 28, 2023:

No. 3363/LXXXI-2–2023-165G-2017

Dated Lucknow, December 28, 2023

IN exercise of the powers conferred under clause (a) of section 51-A of the Indian Forest Act, 1927 (Act no. 16 of 1927) *read* with section 21 of the General Clauses Act, 1897 (Act no. 10 of 1897), the Governor is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttar Pradesh Establishment and Regulation of Saw Mills Rules, 1978.

THE UTTAR PRADESH ESTABLISHMENT AND REGULATION OF SAW MILLS (SEVENTH AMENDMENT) RULES, 2023

Short title extent and commencement

1. (1) These rules may be called the Uttar Pradesh Establishment and Regulation of Saw Mills (Seventh Amendment) Rules, 2023.

(2) They shall extend to the whole of Uttar Pradesh.

(3) They shall come into force with effect from the date of their publication in the official *Gazette.*

Insertion of new rule 16

2. In the Uttar Pradesh Establishment and Regulation of Saw Mills Rules, 1978, after rule 15, the following new rule 16 shall be *inserted*, namely :-

"Application of rule

16. Nothing in these rules shall apply to the general operation of domestic carpentry, wooden toys units, wooden handicraft units, firewood depots, units using wood sawdust or other similar operations on a small scale, which does not have facility for sawing conversion, cutting and processing of round logs."

By order,
MANOJ SINGH,
Apar Mukhya Sachiv.

पी0एस0यू0पी0—ए0पी0 826 राजपत्र—2023—(2335)—599+50=649 प्रतियां (कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

826 RPH (Paryavaran Anubhag-2) 2023 data 4e

क्रम-संख्या–128

रजिस्टर्ड नं० एल० डब्ल्यू०/एन०पी० 561
लाइसेन्स नं० डब्ल्यू० पी०-41
(लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेंट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

प्रयागराज, सोमवार, 21 जुलाई, 2023 ई0

(आषाढ़ 30, 1945 शक संवत्)

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या-3879/दस-लाइसेंस-77/ बियर फुटकर नियमावली /2023-2024

प्रयागराज, दिनांक 21 जुलाई, 2023 ई0

अधिसूचना

सा0प0नि0–31

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (संयुक्त प्रान्त अधिनियम संख्या 4 सन् 1910) की धारा 24-ख और 41 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश एतद्द्वारा राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से समय समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं0 12011/दस-लाइसेंस-77/इलाहाबाद 21 मार्च, 2001 द्वारा प्रकाशित उत्तर प्रदेश आबकारी (बीयर के फुटकर विक्रय के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन) नियमावली-2001 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैः-

उत्तर प्रदेश आबकारी (बीयर के फुटकर विक्रय के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन)
(इक्कीसवाँ संशोधन) नियमावली, 2023

1. संक्षिप्त नाम औरप्रारम्भ (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश आबकारी (बीयर के फुटकर विक्रय के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन) **(इक्कीसवाँ संशोधन)** नियमावली, 2023 कही जायेगी।

(2) यह दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी।

2. नियम-2-का संशोधन– उत्तर प्रदेश आबकारी (बीयर के फुटकर विक्रय के अनुज्ञापनों का व्यवस्थापन) नियमावली, 2001 (जिसे आगे-उक्त नियमावली कहा गया है), में नीचे स्तम्भ-1 में दिये गये नियम-2 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
2(1) परिभाषांए - जब तक विषय या संदर्भ से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-	**2(1) परिभाषांए- जब तक विषय या संदर्भ से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-**
(क)"अधिनियम'' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 से है;	**(क)"अधिनियम'' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 से है;**
(ख) "बीयर'' में एल, स्टाउट, पोर्टर, साइडर तथा माल्ट से बनी अन्य सभी किण्वित शराब जिसकी तीव्रता 3 प्रतिशत वी/वी से 8 प्रतिशत वी/वी के मध्य है, सम्मिलित हैं;	**(ख)''अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क'' का तात्पर्य, बीयर/वाइन/कम तीव्रता के मादक पेय (एल0ए0बी0) के अधिकतम फुटकर मूल्य को दस रूपये के अगले गुणांक तक पूर्णांकित किये जाने के फलस्वरूप प्राप्त अन्तर की धनराशि से है, जो आवसनी/ यवासवनी/ विनटनरी स्तर पर संदेय होगी तथा आसवनी/ यवासवनी/ विनटनरी द्वारा थोक आपूर्तिकर्ता से एक्स डिस्टलरी लागत/एक्स ब्रिवरी लागत/ एक्स विनटनरी लागत के अतिरिक्त वसूली योग्य होगी जो थोक आपूर्तिकर्ता द्वारा फुटकर लाइसेंसधारी से अधिकतम थोक मूल्य के अतिरिक्त वसूल की जा सकेगी;**
(ग) "दैनिक लाइसेंस फीस'' का तात्पर्य सम्पूर्ण वर्ष के लिए निर्धारित लाइसेंस फीस के 1/365 वें भाग से है;	**(ग) "बीयर'' में एल, स्टाउट, पोर्टर, साइडर तथा माल्ट से बनी अन्य समस्त किण्वित शराब जिसकी तीव्रता 3 प्रतिशत वी/वी से 8 प्रतिशत वी/वी के मध्य है, सम्मिलित हैं;**
(घ) "आबकारी वर्ष'' का तात्पर्य एक अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी कैलेण्डर वर्ष के 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष से है;	**(घ) "प्रतिफल शुल्क" का तात्पर्य आबकारी अधिनियम की धारा 30 के अधीन बियर, वाइन और कम तीव्रता के मादक पेय पर राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित शुल्क से है, जो बियर और कम तीव्रता के मादक पेय की आपूर्ति से पूर्व लाइसेंसधारी द्वारा सरकारी कोषागार में जमा की जाएगी;**
(ड) "परिवार''का तात्पर्य दम्पति (पति या पत्नी), आश्रित पुत्र/पुत्रों, अविवाहिता पुत्री/पुत्रियां तथा आश्रित माता-पिता से है और इसमें वे सम्मिलित हैं;	**(ङ)"दैनिक लाइसेंस फीस'' का तात्पर्य सम्पूर्ण वर्ष के लिए निर्धारित लाइसेंस फीस के 1/365 वें भाग से है;**
(च) "प्रपत्र''का तात्पर्य इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र से है;	**(च)'धरोहर धनराशि' का तात्पर्य लाइसेंस की स्वीकृति के लिये पात्रता की शर्तों की पूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिये आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली लाइसेंस फीस की धनराशि के 1/10 भाग के बराबर की धनराशि से है तथा व्यतिक्रम की दशा में इस नियमावली के नियम-12 के उपबन्धों के अधीन जब्त किये जाने योग्य होगी;**
(छ) "लाइसेंस प्राधिकारी''का तात्पर्य जिले के कलक्टर से है;	**(छ) "आबकारी वर्ष''का तात्पर्य एक अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी कैलेण्डर वर्ष के 31 मार्च तक चलने वाले वित्तीय वर्ष से है;**

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ज) "लाइसेंस फीस'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 24-क के अधीन फुटकर बिक्री की दुकान से बीयर ,वाइन एवं कम तीव्रता के मादक पेय की फुटकर बिक्री के एकान्तिक विषेशाधिकार के लिये, राज्य सरकार के परामर्श से, आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर सम्पूर्ण आबकारी वर्ष अथवा उसके आंशिक भाग के लिये लाइसेंस दिये जाने हेतु प्रतिफल के रूप में ली जाने वाली नियत राशि से है; परन्तु यदि ऐसी दुकान का व्यवस्थापन अथवा पुनर्व्यवस्थापन मध्य सत्र में अवशेष अवधि के लिये किया जाता है, तो दुकान के लिए लाइसेंस फीस का निर्धारण वर्ष की अवशेष अवधि के समानुपात में किया जायेगा;	**(ज)"परिवार''का तात्पर्य दम्पति (पति या पत्नी), आश्रित पुत्र(पुत्रों), अविवाहिता पुत्री(पुत्रियां) तथा आश्रित माता-पिता से है और इसमें वे सम्मिलित हैं;**
(झ) "प्रतिभूति धनराशि''का तात्पर्य जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत सावधि जमा रसीद/बैंक गारण्टी के माध्यम से अथवा राज्य सरकार के प्रति समस्त दावों और देयों का अन्तिम निस्तारण करने के पश्चात प्रतिसंदेय ई-भुगतान के माध्यम से जमा की जाने वाली लाईसेंस फीस के दस प्रतिशत के बराबर की धनराशि से है; परन्तु नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक स्वीकार्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय;	**(झ)"प्रपत्र''का तात्पर्य इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र से है;**
(ञ) "कम तीव्रता के मादक पेय'' का तात्पर्य कारबोनेट युक्त मादक पेय से है, जिसमें 5 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता और 5 प्रतिशत वी/वी से अधिक 10 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता एल्कोहल हो, जो एक्सट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ई0एन0ए0) से निर्मित की गई हो और जो वासक या रंजक द्रव्य या दोनों या अन्य द्रव्य को मिलाकर परिष्कृत की गयी हो जिससे कि वह विशिष्ट स्वाद वाली हो जाय;	**(ञ)'अनुक्रम' का तात्पर्य ई/लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन के लिये आधार के रूप में तात्पर्यित दुकानों की धरोहर धनराशि के अवरोही क्रम से है;**
(ट)''अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क'' का तात्पर्य, बीयर/वाइन/कम तीव्रता के मादक पेय (एल0ए0बी0) के अधिकतम फुटकर मूल्य को दस रूपये के अगले गुणांक तक पूर्णांकित किये जाने के फलस्वरूप प्राप्त अन्तर की धनराशि से है, जो आवसनी/यवासवनी/विनटनरी स्तर पर संदेय होगी तथा आसवनी/यवासवनी/विनटनरी द्वारा थोक आपूर्तिकर्ता से एक्स डिस्टलरी लागत/एक्स ब्रिवरी लागत/एक्स विनटनरी लागत के अतिरिक्त वसूली योग्य होगी जो थोक आपूर्तिकर्ता द्वारा फुटकर लाइसेंसधारी से अधिकतम थोक मूल्य के अतिरिक्त वसूल की जा सकेगी;	**(ट) ''व्यक्ति''का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो आवेदन करने के समय इक्कीस वर्ष की आयु से अन्यून, भारत का नागरिक हो;**

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ठ) 'धरोहर धनराशि' का तात्पर्य लाइसेंस की स्वीकृति के लिये पात्रता की शर्तों की पूर्ति सुनिश्चित किये जाने के लिये आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली लाइसेंस फीस की धनराशि के 1/10 भाग के बराबर की धनराशि से है, जो व्यतिक्रम की दशा में इस नियमावली के नियम-12 के उपबन्धों के अधीन जब्त किये जाने योग्य होगी;	**(ठ) "लाइसेंस फीस" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 24-क के अधीन फुटकर बिक्री की दुकान से बीयर ,वाइन एवं कम तीव्रता के मादक पेय की फुटकर बिक्री के अनन्य विषेशाधिकार के लिये, राज्य सरकार के परामर्श से, आबकारी आयुक्त द्वारा समय-समय पर सम्पूर्ण आबकारी वर्ष अथवा उसके आंशिक भाग के लिये लाइसेंस दिये जाने हेतु प्रतिफल के रूप में ली जाने वाली नियत राशि से है:** **परन्तु यह कि यदि ऐसी दुकान का व्यवस्थापन/ पुनर्व्यवस्थापन मध्य सत्र में वर्ष की अवशेष अवधि के लिये किया जाता है, तो दुकान के लिए लाइसेंस फीस का निर्धारण वर्ष की अवशेष अवधि के समानुपात में किया जायेगा;**
(ड) 'अनुक्रम' का तात्पर्य ई/लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन के लिये आधार के रूप में तात्पर्यित दुकानों की धरोहर धनराशि के अवरोही क्रम से है;	**(ड) "लाइसेंस प्राधिकारी"का तात्पर्य जिले के कलक्टर से है;**
(ढ)''पोर्टल'' का तात्पर्य विशेष रूप से निर्मित इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म, जिस पर मदिरा निर्माण की प्रक्रिया से सम्बन्धित इसके वितरण के समाप्य अवस्था तक की सूचनाओं को विहित प्रारूप में अपलोड किया जायेगा, से है;	**(ढ) "कम तीव्रता के मादक पेय" का तात्पर्य कारबोनेट युक्त मादक पेय से है, जिसमें 5 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता और 5 प्रतिशत वी/वी से अधिक 10 प्रतिशत वी/वी तक तीव्रता एल्कोहल हो, जो एक्सट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ई0एन0ए0) से निर्मित की गई हो और जो वासक या रंजक द्रव्य या दोनों या अन्य द्रव्य को मिलाकर परिष्कृत की गयी हो जिससे कि वह विशिष्ट स्वाद वाली हो जाय;**
(ण)''ऋणशोधन क्षमता''का तात्पर्य फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये आवेदन करने वाले आवेदक के लिये निर्धारित वित्तीय मानदण्ड से है;	**(ण) "पोर्टल" का तात्पर्य विशेष रूप से निर्मित इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म, जिस पर मदिरा निर्माण की प्रक्रिया से सम्बन्धित इसके वितरण के समाप्य अवस्था तक की सूचनाओं को विहित प्रारूप में अपलोड किया जायेगा, से है;**
(त) ''व्यक्ति '' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो आवेदन करने के समय इक्कीस वर्ष की आयु से अन्यून, भारत का नागरिक हो;	**(त) "मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व"का तात्पर्य आबकारी आयुक्त द्वारा जारी सामान्य या विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसार लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यथा नियतऔर लाइसेंसधारी द्वारा फुटकर बिक्री के प्रयोजनार्थ किसी आबकारी वर्ष के माह में अपनी फुटकर दुकान के लिये उठाये जाने हेतु प्रत्याभूत बीयर, वाइन और कम तीव्रता के मादक पेय (एल0ए0बी0) से प्राप्त समतुल्य राजस्व से है;**

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(थ)''व्यवस्थापन'' का तात्पर्य नवीकरण, ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर के माध्यम से दुकानों के व्यवस्थापन अथवा पुनर्व्यवस्थापन से है, जो समाचार पत्र एवं आबकारी विभाग की वेबसाइट के माध्यम से पूर्व नोटिस एवं संसूचना देकर सप्ताह के किसी दिन में हो सकता है। आगामी वर्ष के लिये दुकानों का व्यवस्थापन विगत वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व किया जा सकता है;	**(थ) "प्रतिभूति धनराशि"का तात्पर्य जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत सावधि जमा रसीद के माध्यम से अथवा राज्य सरकार के प्रति समस्त दावों और देयों का अन्तिम निस्तारण करने के पश्चात प्रतिसंदेय ई-भुगतान के माध्यम से जमा की जाने वाली लाईसेंस फीस के दस प्रतिशत के बराबर की धनराशि से है:** **परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में, पूर्व में नकद/ ई-पेमेन्ट अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा बैंक गांरण्टी के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक स्वीकार्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय;**
(द) ''प्रतिफल शुल्क'' का तात्पर्य आबकारी अधिनियम की धारा 30 के अधीन बियर, वाइन और कम तीव्रता के मादक पेय पर राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित शुल्क से है, जो बियर और कम तीव्रता के मादक पेय की आपूर्ति से पूर्व लाइसेंसधारी द्वारा सरकारी कोषागार में जमा की जाएगी;	**(द) ''व्यवस्थापन'' का तात्पर्य नवीकरण, ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर के माध्यम से दुकानों के व्यवस्थापन अथवा पुनर्व्यवस्थापन से है, जो समाचार पत्र एवं आबकारी विभाग की वेबसाइट के माध्यम से पूर्व नोटिस एवं संसूचना देकर सप्ताह के किसी दिन में हो सकता है। आगामी वर्ष के लिये दुकानों का व्यवस्थापन विगत वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व किया जा सकता है;**
(ध)'राज्य' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य से है।	**(ध)''ऋणशोधन क्षमता''का तात्पर्य फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये आवेदन करने वाले आवेदक के लिये निर्धारित वित्तीय मानदण्ड से है;**
(न)'वाइन' का तात्पर्य द्राक्षासव या किसी अन्य फल के गूदे या रस के अल्कोहलयुक्त किण्वन से प्राप्त उत्पाद से है जो प्राकृतिक हो या तेज की गयी हो और जिसकी अल्कोहलिक अन्तर्वस्तु 42 प्रतिशत प्रूफ स्प्रिट से अधिक न हो।	**(न)'राज्य' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य से है;**
(प)''त्रैमासिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व''का तात्पर्य आबकारी आयुक्त द्वारा जारी सामान्य या विनिर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसार लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा यथा नियतऔर लाइसेंसधारी द्वारा फुटकर बिक्री के प्रयोजनार्थ किसी आबकारी वर्ष के त्रैमास में अपनी फुटकर दुकान के लिये उठाये जाने हेतु प्रत्याभूत बीयर, वाइन और कम तीव्रता के मादक पेय (एल0ए0बी0) से प्राप्त समान राजस्व से है।	**(प)'वाइन' का तात्पर्य द्राक्षासव या किसी अन्य फल के गूदे या रस के अल्कोहलयुक्त किण्वन से प्राप्त उत्पाद से है जो प्राकृतिक हो या तेज की गयी हो और जिसकी अल्कोहलिक अन्तर्वस्तु 42 प्रतिशत प्रूफ स्प्रिट से अधिक न हो।**
(2) इस नियमावली में अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके लिए समनुदेशित हों।	**(2) इस नियमावली में अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके लिए समनुदेशित हों।**

3-नियम-6 का संशोधन–उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-6 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
नियम-6 लाइसेंस की स्वीकृति -	नियम-6 लाइसेंस की स्वीकृति -
इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार लाइसेंस फीस का अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से भुगतान किये जाने पर और जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत सावधि जमा रसीद/बैंक गारण्टी के माध्यम से अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से प्रतिभूति जमा किये जाने पर लाइसेंस स्वीकृत किया जायेगाः परन्तु नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जायेगी। लाइसेंसधारी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह उस जिले में ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकन द्वारा निर्गत सम्पति स्वमित्व प्रमाण-पत्र की मूलप्रति प्रस्तुत करे, जहाँ से उसे लाइसेंस स्वीकृति के समय जारी किया गया है।	इस नियमावली के उपबन्धों के अनुसार लाइसेंस फीस का अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से भुगतान किये जाने पर और जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत **सावधि जमा रसीद के** माध्यम से अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से प्रतिभूति जमा किये जाने पर लाइसेंस स्वीकृत किया जायेगाः परन्तु नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नकद/ई-पेमेन्ट अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा बैंक गारंण्टी के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जायेगी। लाइसेंसधारी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह उस जिले में ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकन द्वारा निर्गत सम्पति स्वमित्व प्रमाण-पत्र की मूलप्रति प्रस्तुत करे, जहाँ से उसे लाइसेंस स्वीकृति के समय जारी किया गया है।

4-नियम-7 का संशोधन–उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-7 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
7. लाइसेंस स्वीकृति के लिए आवेदन-	7. लाइसेंस स्वीकृति के लिए आवेदन-
(क) जब कभी किसी क्षेत्र या स्थान में नया लाइसेंस स्वीकृत करना प्रस्तावित हो, लाइसेंस प्राधिकारी, दैनिक समाचार पत्रों, जिनका उस क्षेत्र में परिचालन हो, में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और आबकारी विभाग की वेबसाइट (www.upexcise.in) के साथ-साथ जिले की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के पश्चात् इस प्रयोजनार्थ आवेदन आमंत्रित करेगा।	(क) जब कभी किसी क्षेत्र या स्थान में नया लाइसेंस स्वीकृत करना प्रस्तावित हो, लाइसेंस प्राधिकारी, दैनिक समाचार पत्रों, जिनका उस क्षेत्र में परिचालन हो, में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और आबकारी विभाग की वेबसाइट **(www.upexciseportal.in)** के साथ-साथ जिले की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के पश्चात् इस प्रयोजनार्थ आवेदन आमंत्रित करेगा।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ख) बीयर की फुटकर दुकानों, जिनकी लाइसेंस की स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रस्तावित है, की सूची दुकानवार लाइसेंस फीस, प्रतिभूति धनराशि और धरोहर धनराशि सहित कलेक्टर के कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय और प्रभारी उप आबकारी आयुक्त के कार्यालय में प्रदर्शित की जायेगी। यह सूचना आबकारी विभाग की वेबसाइट (www.upexcise.in) के साथ-साथ प्रत्येक जिले की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जायेगी।	(ख) बीयर की फुटकर दुकानों, जिनकी लाइसेंस की स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रस्तावित है, की सूची दुकानवार लाइसेंस फीस, प्रतिभूति धनराशि और धरोहर धनराशि सहित कलेक्टर के कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय और प्रभारी उप आबकारी आयुक्त के कार्यालय में प्रदर्शित की जायेगी। यह सूचना आबकारी विभाग की वेबसाइट **(www.upexciseportal.in)** के साथ-साथ प्रत्येक जिले की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित की जायेगी।
(ग) लाइसेंस की स्वीकृति के लिए आवेदन समाचार पत्रों में विज्ञापित समय-सारिणी के अनुसार ऑनलाइन जमा किये जायेंगे । (1) ऋणषोधन क्षमता प्रमाण (2) आधार कार्ड, (3) पैन कार्ड (4) गतवर्ष की आयकर विवरणी (5) विहित प्रारुप में शपथ पत्र की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।	(ग) लाइसेंस की स्वीकृति के लिए आवेदन समाचार पत्रों में विज्ञापित समय-सारिणी के अनुसार ऑनलाइन जमा किये जायेंगे। **(एक) ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र; (दो) पैन कार्ड; (तीन) गतवर्ष की आयकर विवरणी की छायाप्रति; (चार) विहित प्रारुप में शपथ पत्र; (पाँच)** विहित प्रारुप में शपथ पत्र की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।
राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित दर से प्रसंस्करण फीस और धरोहर धनराषि व उस पर संदेय वैट/ जी0एस0टी0 का भुगतान आन लाइन किया जायेगा।	राज्य सरकार **द्वारा** यथानिर्धारित दर से प्रसंस्करण फीस और धरोहर धनराशि व उस पर संदेय वैट/ जी0एस0टी0 का भुगतान आन लाइन किया जायेगा।
(घ) आवेदन प्राप्ति के लिए नियत किया जाने वाला अन्तिम दिनांक समाचार पत्रों और आबकारी विभाग की वेबसाइट(www.upexcise.in) में किए गए विज्ञापन में यथा नियत दिनों की संख्या से पहले न होगा।	(घ) आवेदन प्राप्ति के लिए नियत किया जाने वाला अन्तिम दिनांक समाचार पत्रों और आबकारी विभाग की वेबसाइट **(www.upexciseportal.in)** में किए गए विज्ञापन में यथा नियत दिनों की संख्या से पहले न होगा।

5-नियम-8 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-8 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
8- आवेदक के लिए पात्रता की शर्तें- फुटकर बीयर की बिक्री की दुकानों के लाइसेंस के लिए पात्र आवेदकों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी- अर्थात्-	8-आवेदक के लिए पात्रता की शर्तें- फुटकर बीयर की बिक्री की दुकानों के लाइसेंस के लिए पात्र आवेदकों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी- अर्थात्-
(क) आवेदन, एक व्यक्ति द्वारा हो जो भारत का नागरिक हो, परन्तु नवीकरण की स्थिति में सह-आवेदक, यदि कोई हो, जो भारत का नागरिक हो, भी अनुज्ञात होगा।	(क) आवेदन, एक व्यक्ति **द्वारा** हो जो भारत का नागरिक हो, परन्तु नवीकरण की स्थिति में सह-आवेदक, यदि कोई हो, जो भारत का नागरिक हो, भी अनुज्ञात होगा।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
भागीदार वाली फर्म अथवा कम्पनी, फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये अर्ह नहीं होगी। इसी प्रकार थोक विक्रेता अथवा आसवनी /यवासवनी/ मदिरा/बीयर निर्माता भी किसी प्रकार की फुटकर दुकान का लाइसेंस धारण करने के लिये पात्र नहीं होगा।	भागीदार वाली फर्म अथवा कम्पनी, फुटकर लाइसेंस की स्वीकृति के लिये अर्ह नहीं होगी। इसी प्रकार थोक विक्रेता अथवा आसवनी /यवासवनी/ मदिरा/बीयर निर्माता भी किसी प्रकार की फुटकर दुकान का लाइसेंस धारण करने के लिये पात्र नहीं होगा।
दुकान के आवंटन के पश्चात आवेदक की प्रास्थिति में कोई परिवर्तन अनुज्ञात न होगा। लाइसेंसधारी की मृत्यु की दशा में उसका विधिक वारिस, यदि अन्यथा पात्र हो लाइसेंस की अवशेष अवधि के लिए लाइसेंस बना रह सकता है।	दुकान के आवंटन के पश्चात् आवेदक की स्थिति में कोई परिवर्तन अनुमन्य न होगा, लाइसेंसधारी की मृत्यु की दशा में **लाइसेंसधारी द्वारा दिये गये नामनिर्देशन शपथ पत्र(यदि कोई हो) के अनुसार विधिक** वारिसों**/परिवार के** सदस्यों**/ निकट** सम्बन्धियों**, के नाम, यदि अन्यथा अपात्र न हों, लाइसेंस की शेष अवधि के लिए लाइसेंसधारक बने रहने के लिये नामनिर्देशन शपथ पत्र में उल्लिखित वरीयता के अनुसार विचारित किये जायेंगे:**
	परन्तु मृतक लाइसेंसधारी के नामनिर्देशन शपथ पत्र की अनुपलब्धता की स्थिति में उसका विधिक वारिस लाइसेंस की शेष अवधि के लिए लाइसेंसधारक बना रह सकता है:
परन्तु यह और कि यदि संयुक्त रूप से दो व्यक्तियों द्वारा लाइसेंस प्राप्त किया गया हो, तो किसी एक व्यक्ति की मृत्यु की दशा में जीवित व्यक्ति मृतक के विधिक वारिस (वारिसो)के साथ यदि अन्यथा पात्र हों, लाइसेंस बना रह सकेगा या दोनों व्यक्तियों की मृत्यु की दशा में उसके विधिक वारिस (उत्तराधिकारी) यदि अन्यथा पात्र हो, लाइसेंस बना रह सकेगा दो व्यक्तियों के वैधानिक दायित्वों के मध्य कोई भेद नहीं किया जायेगा जो संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी होगे।	परन्तु यह और कि यदि संयुक्त रूप से दो व्यक्तियों द्वारा लाइसेंस प्राप्त किया गया हो, तो किसी एक व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में जीवित व्यक्ति एवं **उपर्युक्तानुसार चयनित** मृत **लाइसेंसधारी का विधिक वारिस अथवा नामनिर्देशिती, यदि अन्यथा पात्र हों, लाइसेंस की धारिता को जारी रख सकता है। दो व्यक्तियों के वैधानिक उत्तरदायित्वों में कोई भेद नहीं किया जायेगा जो संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी होंगे;**
(ख) आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के लिये नियत अवधि के प्रथम दिवस पर इक्कीस वर्ष की आयु से अधिक हो।	(ख) आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के लिये नियत अवधि के प्रथम दिवस पर इक्कीस वर्ष की आयु से अधिक हो।
(ग) व्यतिक्रमी/काली सूची वाला न हो या अधिनियम या तद्धीन बनाई गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन आबकारी लाइसेंस धारण करने से विवर्जित न किया गया हो। कोई व्यक्ति, जो किसी आबकारी अपराध के लिए दोषसिद्ध पाया गया हो, लाइसेंस धारण करने से स्वतः विवर्जित हो जायेगा जब तक कि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा पूर्णतः और अन्तिम रूप से दोषमुक्त न कर दिया गया हो।	(ग) व्यतिक्रमी/काली सूची वाला न हो या अधिनियम या तद्धीन बनाई गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन आबकारी लाइसेंस धारण करने से विवर्जित न किया गया हो। कोई व्यक्ति, जो किसी आबकारी अपराध के लिए दोषसिद्ध पाया गया हो, लाइसेंस धारण करने से स्वतः विवर्जित हो जायेगा जब तक कि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा पूर्णतः और अन्तिम रूप से दोषमुक्त न कर दिया गया हो।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(गग) आवेदनकर्ता, किसी एक दुकान के लिए स्वंय के नाम से मात्र एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने के लिए पात्र होगा। परन्तु नवीकरण की स्थिति में आवेदक एवं सह-आवेदक दोनों पात्र होंगे तथा नवीकरण हेतु उनकी पारस्परिक सहमति आवश्यक होगी।	(गग) आवेदनकर्ता, किसी एक दुकान के लिए स्वंय के नाम से मात्र एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने के लिए पात्र होगा**:** परन्तु यह कि नवीकरण की स्थिति में आवेदक एवं सह-आवेदक दोनों पात्र होंगे तथा नवीकरण हेतु उनकी पारस्परिक सहमति आवश्यक होगी।
(घ) निम्नलिखित के प्रमाण स्वरूप पब्लिक नोटरी द्वारा सम्यक रुप से सत्यापित शपथपत्र प्रस्तुत करेगाः-	(घ) निम्नलिखित के प्रमाण स्वरूप पब्लिक नोटरी **द्वारा** सम्यक रुप से सत्यापित शपथपत्र प्रस्तुत करेगाः-
(एक) यह कि उसके पास समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या एवं स्थिति नियमावली, 1968 के उपबंधों के अनुसार उस स्थान पर दुकान खोलने हेतु उपयुक्त परिसर है अथवा उसने किराए पर उस स्थान पर उपयुक्त परिसर का प्रबन्ध किया है।	(एक) यह कि उसके पास समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या एवं स्थिति नियमावली, 1968 के उपबंधों के अनुसार उस स्थान पर दुकान खोलने हेतु उपयुक्त परिसर है अथवा उसने किराए पर उस स्थान पर उपयुक्त परिसर का प्रबन्ध किया है।
(दो) यह कि उसकी दुकान के प्रस्तावित परिसर के निर्माण में किसी विधि अथवा नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है।	(दो) यह कि उसकी दुकान के प्रस्तावित परिसर के निर्माण में किसी विधि अथवा नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है।
(तीन) यह कि उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है और उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 या स्वापक ओषधि एवं मनःप्रभावी अधिनियम 1985 के अधीन दण्डनीय किसी अपराध या किसी अन्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध के लिए दोष सिद्व न किया गया हो।	(तीन) यह कि उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है और उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 या स्वापक ओषधि एवं मनःप्रभावी अधिनियम 1985 के अधीन दण्डनीय किसी अपराध या किसी अन्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध के लिए **दोषसिद्ध** न किया गया हो।
(चार) यह कि लाइसेंसधारी के रूप में उसके चयनित हो जाने की दशा में जिला, जहाँ का वह निवासी है, के जिला कलक्टर या सम्बन्धित जिला के पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या सम्बन्धित पुलिस कमिश्नरी के पुलिस आयुक्त द्वारा नामनिर्दिष्ट, सहायक पुलिस आयुक्त की रैंक से अनिम्न अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र यह दर्शाते हुए प्रस्तुत करना होगा कि लाइसेंस जारी होने के पूर्व उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है एवं उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि या आपराधिक अभिलेख नहीं है।	(चार) यह कि लाइसेंसधारी के रूप में उसके चयनित हो जाने की दशा में जिला, जहाँ का वह निवासी है, के जिला कलक्टर या सम्बन्धित जिला के पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या सम्बन्धित पुलिस कमिश्नरी के पुलिस आयुक्त द्वारा नामनिर्दिष्ट, सहायक पुलिस आयुक्त की रैंक से अनिम्न अधिकारी **द्वारा** जारी प्रमाण-पत्र यह दर्शाते हुए प्रस्तुत करना होगा कि लाइसेंस जारी होने के पूर्व उसका एवं उसके परिवार के सदस्यों का नैतिक चरित्र अच्छा है एवं उनकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि या आपराधिक अभिलेख नहीं है।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(पाँच) यह कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को बिक्रीकर्ता या प्रतिनिधि के रूप में नियोजित नहीं करेगा, जिसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी, जैसा कि खण्ड-(तीन) में उल्लिखित है या जो किसी संक्रामक रोग से ग्रसित हो या इक्कीस वर्ष से कम आयु का हो या महिला हो। लाइसेंसधारी जिला आबकारी अधिकारी से अधिकृत बिक्रेता/प्राधिकृत प्रतिनिधि का फोटोयुक्त पहचान पत्र प्राप्त करेगा।	(पाँच) यह कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को बिक्रीकर्ता या प्रतिनिधि के रूप में नियोजित नहीं करेगा, जिसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होगी, जैसा कि खण्ड-तीन में उल्लिखित है या जो किसी संक्रामक रोग से ग्रसित हो या 21 वर्ष से कम आयु का हो या महिला हो। लाइसेंसधारी जिला आबकारी अधिकारी से **राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथाविहित फीस के संदाय के उपरान्त** प्राधिकृत बिक्रेता/प्राधिकृत प्रतिनिधि का फोटोयुक्त **नौकरनामा** प्राप्त करेगा।
(छः) यह कि उस पर किसी सार्वजनिक देयों या सरकारी देयों का बकाया नहीं है।	(छः) यह कि उस पर किसी सार्वजनिक देयों या सरकारी देयों का बकाया नहीं है।
(सात) यह कि वह ऋणशोधक्षम है और आवश्यक निधि रखता है या उसने कारोबार के संचालन के लिए आवश्यक निधि का प्रबन्ध कर लिया है, जिसका ब्योरा, यदि अपेक्षित होगा, लाइसेंस प्राधिकारी को उपलब्ध करा देगा।	(सात) यह कि वह ऋणशोधक्षम है और आवश्यक निधि रखता है या उसने कारोबार के संचालन के लिए आवश्यक निधि का प्रबन्ध कर लिया है, जिसका ब्योरा, यदि अपेक्षित होगा, लाइसेंस प्राधिकारी को उपलब्ध करा देगा।
(आठ)यह कि आवेदक माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त हो जाने के उपरान्त यह प्रमाणित हो जाता है कि वह माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे आवंटित किया गया लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।	(आठ)यह कि आवेदक माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त हो जाने के उपरान्त यह प्रमाणित हो जाता है कि वह माफिया गतिविधियों, असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे आवंटित किया गया लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।
(नौ) यह कि आवेदक बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त कर लेने पर उसे बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता पाया जाता है तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। राज्य सरकार का कर्मचारी भी लाइसेंस स्वीकृति हेतु आवेदन करने के लिये अपात्र होगा।	(नौ) यह कि आवेदक बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता नहीं है। यदि लाइसेंस प्राप्त कर लेने पर उसे बार काउसिंल में रजिस्ट्रीकृत अधिवक्ता पाया जाता है तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। राज्य सरकार का कर्मचारी भी लाइसेंस स्वीकृति हेतु आवेदन करने के लिये अपात्र होगा।
(दस) यह कि लाइसेंसधारी के रुप में चयन हो जाने की स्थिति में चयन के 48 घंटे के भीतर धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट, जिसे आन-लाइन आवेदन के साथ अपलोड किया गया है, को जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करा देगा।	(दस) यह कि लाइसेंसधारी के रुप में चयन हो जाने की स्थिति में चयन के 48 घंटे के भीतर धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट, जिसे आन-लाइन आवेदन के साथ अपलोड किया गया है, को जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करा देगा।
(ग्यारह) यह कि उसने धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट का प्रयोग इस चरण में किसी अन्य दुकान हेतु आवेदन में नही किया है।	(ग्यारह) यह कि उसने धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट का प्रयोग इस चरण में किसी अन्य दुकान हेतु आवेदन में नही किया है।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(ङ) आवेदक द्वारा राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से आबकारी आयुक्त द्वारा यथा निर्धारित धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो सम्बन्धित दुकान के जिला के जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी हो, की स्कैन प्रति आनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किया जायेगा।	(ङ) आवेदक द्वारा राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से आबकारी आयुक्त द्वारा यथा निर्धारित धरोहर धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो सम्बन्धित दुकान के जिला के जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में जारी हो, की स्कैन प्रति आनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किया जायेगा।
लाइसेंसधारी के रूप में चयन हो जाने की स्थिति में, धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट, चयन के पश्चात अड़तालीस घंटे के भीतर सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा जिसे दुकान की सभी देयताओं के भुगतान के उपरान्त वापस कर दिया जायेगा।	लाइसेंसधारी के रूप में चयन हो जाने की स्थिति में, धरोहर धनराशि के बैंक ड्राफ्ट, चयन के पश्चात् अड़तालीस घंटे के भीतर सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा जिसे दुकान की सभी देयताओं के भुगतान के उपरान्त वापस कर दिया जायेगा।
(च) आवेदक ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र या प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र का धारक हो तथा उसकी ऋणशोधन क्षमता या प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पति स्वामित्व प्रमाण पत्र की मालियत जिला में आवेदित दुकान का लाइसेंस प्रदान करने के लिए अवधारित लाइसेंस शुल्क की धनराशि से कम नही होगी।	(च) आवेदक ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र या प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र का धारक हो तथा उसकी ऋणशोधन क्षमता या प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा निर्गत सम्पति स्वामित्व प्रमाण पत्र की मालियत जिला में आवेदित दुकान का लाइसेंस प्रदान करने के लिए अवधारित लाइसेंस शुल्क की धनराशि से कम नही होगी:
परन्तु नवीकरण की स्थिति में गत वर्ष के व्यवस्थापन के दौरान प्रस्तुत किया गया ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा किसी प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा जारी सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र, यदि विधिमान्य है एवं अपेक्षित धनराशि के लिए है, प्रतिग्राह्य होगा।	परन्तु नवीकरण की स्थिति में गत वर्ष के व्यवस्थापन के दौरान प्रस्तुत किया गया ऋणशोधन क्षमता प्रमाण पत्र अथवा किसी प्राधिकृत आयकर मूल्यांकक द्वारा जारी सम्पत्ति स्वामित्व प्रमाण-पत्र, यदि विधिमान्य है एवं अपेक्षित धनराशि के लिए है, प्रतिग्राह्य होगा।

6-नियम-10 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-10 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
10-लाइसेंसधारी का चयन-	10-लाइसेंसधारी का चयन-
(क) (एक) राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट निबन्धन और शर्तो के अधीन दुकान के लाइसेंस का ऑनलाइन नवीकरण किया जा सकेगा।	(क) (एक) राज्य सरकार **द्वारा** यथा विनिर्दिष्ट निबन्धन और शर्तो के अधीन दुकान के लाइसेंस का ऑनलाइन नवीकरण किया जा सकेगा।
(दो) नवीकरण न होने की स्थिति में लाइसेंसधारियों का चयन आनलाइन आवेदन आमंत्रित कर राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से दुकानवार किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी	(दो) नवीकरण न होने की स्थिति में लाइसेंसधारियों का चयन आनलाइन आवेदन आमंत्रित कर राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ई-लाटरी अथवा ई-टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से दुकानवार किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
आनलाइन प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेंगा और समस्त पात्र तथा अपात्र आवेदनों की अपात्रता के कारणों को उल्लिखित करते हुए सूची तैयार करेगा और इस सूची को ई-लाटरी एवं ई-टेण्डर हेतु गठित जिला स्तरीय लाइसेंस समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।	आनलाइन प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा करेंगा और समस्त पात्र तथा अपात्र आवेदनों की अपात्रता के कारणों को उल्लिखित करते हुए सूची तैयार करेगा और इस सूची को ई-लाटरी एवं ई-टेण्डर हेतु गठित जिला स्तरीय लाइसेंस समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।
(ख) उक्त समिति पात्र एवं अपात्र आवेदकों को चिन्हित करेगी। ई-लॉटरी की स्थिति में अर्ह आवेदकों में से प्रत्येक दुकान के लिये लाइसेंसधारी का चयन कम्प्यूटर चलित यादृच्छिक विन्यास के माध्यम से किया जायेगा। या दृच्छिकीकरण प्रक्रिया सम्बन्धित नियम के अधीन विहित अनुक्रम के अनुसार देशी मदिरा, माडल शाप, विदेशी मदिरा तथा बीयर की फुटकर दुकानों के क्रम में अपनायी जायेगी। ई-टेण्डर के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन की स्थिति में भी पूर्वोक्त अनुक्रम का पालन किया जायेगा। किसी भी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण प्रदेश में सभी श्रेणी की देशी शराब, माडल शाप, विदेशी मदिरा, एवं बीयर की कुल मिलाकर दो से अधिक दुकानें आवंटित नहीं की जायेंगी।	(ख) उक्त समिति पात्र एवं अपात्र आवेदकों को चिन्हित करेगी। ई-लॉटरी की स्थिति में अर्ह आवेदकों में से प्रत्येक दुकान के लिये लाइसेंसधारी का चयन कम्प्यूटर चलित यादृच्छिक विन्यास के माध्यम से किया जायेगा। या दृच्छिकीकरण प्रक्रिया सम्बन्धित नियम के अधीन विहित अनुक्रम के अनुसार देशी मदिरा, माडल शाप, विदेशी मदिरा तथा बीयर की फुटकर दुकानों के क्रम में अपनायी जायेगी। ई-टेण्डर के माध्यम से लाइसेंसधारी के चयन की स्थिति में भी पूर्वोक्त अनुक्रम का पालन किया जायेगा। किसी भी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण प्रदेश में सभी श्रेणी की देशी शराब, माडल शाप, विदेशी मदिरा, एवं बीयर की कुल मिलाकर दो से अधिक दुकानें आवंटित नहीं की जायेंगी:
परन्तु यह कि पूर्वोक्त निर्बंधन राज्य सरकार द्वारा अधिकथित मानदण्डों के अनुसार लाइसेंसों के नवीकरण एवं लाइसेंसधारी की मृत्यु की दशा में विधिक वारिस के पक्ष में लाइसेंस के नामान्तरण से सम्बन्धित मामलों के लिए लागू नहीं होगा ,	**परन्तु यह कि पूर्वोक्त निर्बंधन लाइसेंसधारी/ लाइसेंसधारियों की मृत्यु की स्थिति में नियम-8(क) में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार मृत लाइसेंसधारी/ लाइसेंसधारियों के विधिक वारिस/ परिवार के सदस्य/ निकट सम्बन्धी के पक्ष में लाइसेंस के नामान्तरण से सम्बन्धित मामलों के लिए लागू नहीं होगी:**
परन्तु यह भी कि किसी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण राज्य में दो या दो से अधिक दुकानों का नवीकरण होने की स्थिति में वह ई-लाटरी के माध्यम से अग्रतर दुकानों के चयन हेतु पात्र नहीं होगा।	परन्तु यह **और** कि किसी आवेदक के पक्ष में सम्पूर्ण राज्य में दो या दो से अधिक दुकानों का नवीकरण होने की स्थिति में वह ई-लाटरी के माध्यम से अग्रतर दुकानों के चयन हेतु पात्र नहीं होगा।
(ग) यदि चयनित आवेदक लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा नहीं करेगा और विहित औपचारिकताए पूरी नहीं करेगा या नियत अवधि में दुकान हेतु उपयुक्त परिसर की व्यवस्था करने में अक्षम रहेगा, तो लाइसेंस प्राधिकारी आवंटन को निरस्त कर देगा और शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करेगा।	(ग) यदि चयनित आवेदक लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा नहीं करेगा और विहित औपचारिकताऐं पूरी नहीं करेगा या नियत अवधि में दुकान हेतु उपयुक्त परिसर की व्यवस्था करने में अक्षम रहेगा, तो लाइसेंस प्राधिकारी आवंटन को निरस्त कर देगा और शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करेगा।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(घ) यदि किसी विशिष्ट दुकान के लिए कोई आवेदन प्राप्त न हो या किसी दुकान के लिए कोई अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाये तो लाइसेंस प्राधिकारी दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से तत्काल कदम उठायेगा।	(घ) यदि किसी विशिष्ट दुकान के लिए कोई आवेदन प्राप्त न हो या किसी दुकान के लिए कोई अभ्यर्थी उपयुक्त नहीं पाया जाये तो लाइसेंस प्राधिकारी दुकान के पुर्नव्यवस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से तत्काल कदम उठायेगा।

7-नियम-12 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-12 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
12- लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि का भुगतान- यदि किसी आवेदक को लाइसेंसधारी के रुप में चयनित किया जाता है तो अपने चयन की सूचना की प्राप्ति के तीन कार्य दिवसों के भीतर लाइसेंस फीस की सम्पूर्ण धनराशि जमा करेगा। उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह प्रतिभूति धनराशि का आधा भाग अपने चयन होने की सूचना के दस कार्यदिवसों के भीतर और अवशेष प्रतिभूति धनराशि अपने चयन होने की सूचना के बीस कार्य दिवसों के भीतर जमा कर दे। आवेदक द्वारा लाइसेंस फीस का समस्त भुगतान अधिमानतः ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा एवं प्रतिभूति धनराशि सावधि जमा रसीद/बैंक गारंटी के माध्यम से जो जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत हो अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से जमा की जायेगी। परन्तु नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नगद अथवा राष्ट्रीय बचत-पत्र के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति, तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय। अनुवर्ती वर्ष में, दुकान का लाइसेंस लाइसेंसधारी की इच्छा पर राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार नवीकृत किया जा सकेगा। नवीकरण हेतु लाइसेंस फीस एवं प्रतिभूति के अन्तर की धनराशि राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नियत समयावधि में जमा की जायेगी। परन्तु,यह कि यदि वह विहित अवधि के भीतर लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा करने में विफल रहता है तो उसका चयन निरस्त हो जायेगा;	12- लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि का भुगतान- यदि किसी आवेदक को लाइसेंसधारी के रुप में चयनित किया जाता है तो अपने चयन की सूचना की प्राप्ति के तीन कार्य दिवसों के भीतर लाइसेंस फीस की सम्पूर्ण धनराशि जमा करेगा। उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह प्रतिभूति धनराशि का आधा भाग अपने चयन होने की सूचना के दस कार्यदिवसों के भीतर और अवशेष प्रतिभूति धनराशि अपने चयन होने की सूचना के बीस कार्य दिवसों के भीतर जमा कर दे। आवेदक द्वारा लाइसेंस फीस का समस्त भुगतान अधिमानतः ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा एवं प्रतिभूति धनराशि, **सावधि जमा रसीद के माध्यम से** जो सम्बन्धित जिला आबकारी अधिकारी के पक्ष में गिरवीकृत हो अथवा ई-पेमेन्ट के माध्यम से जमा की जायेगी**:** परन्तु **यह कि** नवीकरण की स्थिति में पूर्व में नगद अथवा राष्ट्रीय बचत-पत्र **अथवा बैंक गारंटी** के माध्यम से जमा की गयी प्रतिभूति, तब तक मान्य होगी, जब तक इसकी वापसी न कर दी जाय। अनुवर्ती वर्ष में, दुकान का लाइसेंस लाइसेंसधारी की इच्छा पर राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित मानदण्ड के अनुसार नवीकृत किया जा सकेगा। नवीकरण हेतु लाइसेंस फीस एवं प्रतिभूति के अन्तर की धनराशि राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नियत समयावधि में जमा की जायेगी**:** परन्तु यह कि यदि वह विहित अवधि के भीतर लाइसेंस फीस या प्रतिभूति धनराशि जमा करने में विफल रहता है तो उसका चयन निरस्त हो जायेगा:

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
परन्तु यह और कि ई लाटरी/ई टेण्डर के माध्यम से लाइसेंस व्यवस्थित होने की दशा में, उसकी धरोहर धनराशि तथा लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि, यदि उसके द्वारा जमा की गयी है, तथा लाइसेंस के नवीकृत होने की दशा में उसकी गत वर्ष की जमा प्रतिभूति का पंद्रह प्रतिशत तथा नवीकरण फीस व लाइसेंस फीस, यदि उसके द्वारा जमा की गयी हो, राज्य सरकार के पक्ष में समपहृत कर ली जायेगी और उक्त दुकान को तत्काल राज्य सरकार द्वारा यथाविहित रीति से पुनर्व्यवस्थापित कर दिया जायेगा।	परन्तु यह और कि ई लाटरी/ई टेण्डर के माध्यम से लाइसेंस व्यवस्थित होने की दशा में, उसकी धरोहर धनराशि तथा लाइसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि, यदि उसके द्वारा जमा की गयी है, तथा लाइसेंस के नवीकृत होने की दशा में उसकी गत वर्ष की जमा प्रतिभूति का पंद्रह प्रतिशत तथा नवीकरण फीस व लाइसेंस फीस, यदि उसके द्वारा जमा की गयी हो, राज्य सरकार के पक्ष में समपहृत कर ली जायेगी और उक्त दुकान को तत्काल राज्य सरकार द्वारा यथाविहित रीति से पुनर्व्यवस्थापित कर दिया जायेगा।

8-नियम-13 का संशोधन– उक्त नियमावली में नीचे, स्तम्भ-1 में दिये गये विद्यमान नियम-13 के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:-

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
13 बीयर/वाइन का उठान-	13 बीयर/वाइन का उठान-
(क) इस नियमावली के अधीन लाइसेंसधारी कम तीव्रता के मादक पेय सहित बीयर एवं वाइन के लागत मूल्य का पूर्ण भुगतान, जिसके अन्तर्गत सभी कर, प्रतिफल शुल्क (अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क सहित) जो समय-समय पर उदग्रहीत किये जांय, अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से जमा करने के पश्चात् जिला के किसी थोक लाइसेंसधारी वि0म0-2/वि0म0 2(ख) लाइसेंसधारी से आपूर्ति प्राप्त करेगा। यदि सम्बन्धित जिला में वि0म0-2/वि0 म0 2(ख) लाइसेंस स्वीकृत नहीं है, तो लाइसेंसधारी आबकारी आयुक्त की पूर्वानुमति से अन्य जिला/जिलों के थोक बिक्री लाइसेंसधारी से आपूर्ति प्राप्त करेगा। अपर्याप्त आपूर्ति की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त करेगा।	(क) इस नियमावली के अधीन लाइसेंसधारी कम तीव्रता के मादक पेय सहित बीयर एवं वाइन के लागत मूल्य का पूर्ण भुगतान, जिसके अन्तर्गत सभी कर, प्रतिफल शुल्क (अतिरिक्त प्रतिफल शुल्क सहित) जो समय-समय पर उदग्रहीत किये जांय, अधिमानतः ई-पेमेन्ट प्लेटफार्म के माध्यम से जमा करने के पश्चात् जिला के किसी थोक लाइसेंसधारी वि0म0-2/वि0म0 2(ख) लाइसेंसधारी से आपूर्ति प्राप्त करेगा। यदि सम्बन्धित जिला में वि0म0-2/वि0 म0 2(ख) लाइसेंस स्वीकृत नहीं है, तो लाइसेंसधारी आबकारी आयुक्त की पूर्वानुमति से अन्य जिला/जिलों के थोक बिक्री लाइसेंसधारी से आपूर्ति प्राप्त करेगा। अपर्याप्त आपूर्ति की स्थिति में जिला आबकारी अधिकारी आबकारी आयुक्त से आदेश प्राप्त करेगा।
(ख) अधिकतम फुटकर मूल्य- बीयर, वाइन एवं कम तीव्रता के मादक पेय की बोतलों के लेबुलों पर राज्य सरकार की अनुमति से आबकारी आयुक्त द्वारा यथा निर्धारित अधिकतम बिक्री मूल्य अंकित होगा । लाइसेंसधारी बोतलों के लेबुलों पर अंकित फुटकर मूल्य से अधिक मूल्य उपभोक्ताओं से नहीं लेगा और यदि ऐसा करता पाया जायेगा तो उसे नियमानुसार दण्डित किया जायेगा।	(ख) अधिकतम फुटकर मूल्य- बीयर, वाइन एवं कम तीव्रता के मादक पेय की बोतलों के लेबुलों पर राज्य सरकार की अनुमति से आबकारी आयुक्त द्वारा यथा निर्धारित अधिकतम बिक्री मूल्य अंकित होगा। लाइसेंसधारी बोतलों के लेबुलों पर अंकित फुटकर मूल्य से अधिक मूल्य उपभोक्ताओं से नहीं लेगा और यदि ऐसा करता पाया जायेगा तो उसे नियमानुसार दण्डित किया जायेगा।

स्तम्भ-1 विद्यमान नियम	स्तम्भ-2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
